
10 प्रज्ञानानंदा....



12 तमन्ना भाटिया...



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, शनिवार, 04 जुलाई 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -19 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**अविनाश राम**
**ताइक्वांडो कोच, रांची झारखंड।**

**ताइक्वांडो सिर्फ खेल नहीं एक सेल्फ डिफेंस की ऐसी तकनीक है, जो सभी को आनी चाहिए, खासतौर से हमें हमारी बच्चियों को इसमें रुचि दिलानी चाहिए, ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके और देश का नाम रोशन तो करें ही, साथ में स्वयं की सुरक्षा के लिए भी आत्मनिर्भर रहे।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,49,560**
चांदी (प्रति किलो) : **2,55,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **77,763.91**
निफ्टी :- **24,270.85**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **30** °
न्यूनतम तापमान : **23** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:07**
संध्या :- **18:39**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1886 को फ्रांस ने अमेरिका को दोस्ती के प्रतीक के रूप में 'स्टैचू ऑफ लिबर्टी' उपहार में दिया था।**

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी अगले हफ्ते न्यूजीलैंड का पहला आधिकारिक दौरा करेंगे

**नयी दिल्ली।** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले हफ्ते देश का अपना पहला आधिकारिक दौरा करेंगे. लक्सन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, 'मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले हफ़्ते न्यूजीलैंड का अपना पहला ऑफिशियल दौरा करेंगे.' लेकिन दौरे की असली तारीख नहीं बताई. भारत को दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बताते हुए, लक्सन ने कहा कि न्यूजीलैंड की आर्थिक तरक्की के लिए भारत का बहुत महत्व है. उन्होंने कहा, 'हम अप्रैल में साइन किए गए अपने न्यूजीलैंड-इंडिया फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के साथ दोनों देशों के रिश्तों को अगले लेवल पर ले जा रहे हैं, जिससे न्यूजीलैंड को ज्यादा नौकरियां, ज्यादा एक्सपोर्ट और मजबूत इकोनॉमिक ग्रोथ मिलेगी.' लक्सन ने कहा कि इस डील से नए मौके मिलेंगे, न्यूजीलैंड के सामान और सर्विस के लिए 1.4 बिलियन लोगों का मार्केट खुलेगा, कीवी कम्युनिटी में ज्यादा पैसा आएगा, नौकरियां पैदा होंगी और सैलरी बढ़ेगी.

### श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर 13 जुलाई को डीजीपी करेंगी समीक्षा बैठक

**रांची।** आगामी राजकीय श्रावणी मेला-2026 की तैयारियों को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय में 13 जुलाई को दोपहर 12:30 बजे समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी. बैठक की अध्यक्षता पुलिस महानिदेशक करेंगी. इसमें देवघर, दुमका, रेल धनबाद और जमशेदपुर के पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल होंगे. पुलिस मुख्यालय ने संबंधित जिलों को 10 जुलाई तक श्रावणी मेला की तैयारियों की अद्यतन रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है. बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन समेत अन्य तैयारियों की समीक्षा की जाएगी.

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर जोन्हा जलप्रपात का निरीक्षण

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर झारखंड सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की वरीय अधिकारियों की टीम ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स संजीव कुमार के नेतृत्व में रांची स्थित प्रसिद्ध जोन्हा जलप्रपात (गौतमधारा) का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य इस प्राकृतिक पर्यटन स्थल को आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल और विश्वस्तरीय इको-टूरिज्म केंद्र के रूप में विकसित करने की संभावनाओं का आकलन करना था। निरीक्षण के दौरान टीम ने जलप्रपात तक पहुंच मार्ग, पर्यटकों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, व्यू-पॉइंट, पेयजल, शौचालय, विश्राम स्थल, साइनज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सौंदर्यीकरण तथा स्थानीय वनोत्पाद एवं हस्तशिल्प के प्रदर्शन और बिक्री की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने स्थानीय ग्रामीणों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों से सुझाव भी प्राप्त किए।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजीव कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जोन्हा जलप्रपात का विकास प्रकृति एवं जैव विविधता के संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए किया जाएगा। इको-टूरिज्म के माध्यम से स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित कर रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जोन्हा जलप्रपात के समग्र विकास के लिए शीघ्र विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर प्रस्तुत किया जाए, ताकि आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का विकास समयबद्ध तरीके से शुरू किया जा सके। वन विभाग का लक्ष्य जोन्हा जलप्रपात को ऐसा इको-टूरिज्म गंतव्य बनाना है, जहां पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलें, प्राकृतिक धरोहर का संरक्षण सुनिश्चित हो और स्थानीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिले। निरीक्षण दल में संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सदस्य, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) रवि रंजन, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास) डी. वेंकटेश्वर लू, मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) एवं कार्यकारी निदेशक, झारखंड इको-टूरिज्म अथॉरिटी एस.आर. नटेश, वन संरक्षक (प्रशासन) पी.आर. नायडू, डीएफओ रांची श्रीकांत वर्मा सहित वन विभाग की तकनीकी सहायता टीम के सदस्य उपस्थित थे।

## आईआईआईटी के निदेशक प्रो. राजीव श्रीवास्तव को मिला 'फेस ऑफ इंडिया' सम्मान

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**



**रांची।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. राजीव श्रीवास्तव को शिक्षा, संस्थान निर्माण, शैक्षणिक नवाचार और नेतृत्व विकास के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए इंडियास्पार्क द्वारा प्रतिष्ठित 'फेस ऑफ इंडिया-2026' सम्मान से सम्मानित किया गया है. इंडियास्पार्क एक प्रमुख इंडस्ट्री-अकादमिक मंच है, जो छात्रों, शैक्षणिक संस्थानों, उद्योग जगत के विशेषज्ञों, नवप्रवर्तकों और परिवर्तनकारी व्यक्तित्वों को जोड़ने का कार्य करता है. संस्था का उद्देश्य विशेष रूप से टियर-2, टियर-3 और टियर-4 शहरों व कस्बों के छात्रों को शिक्षा, नेतृत्व और दृढ़ संकल्प के माध्यम से बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करना है. प्रो. राजीव श्रीवास्तव ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), कंप्यूटर विजन, डीप लर्निंग और संबंधित क्षेत्रों में उल्लेखनीय शोध कार्य किया है. 28 वर्षों से अधिक के अपने शैक्षणिक करियर में उन्होंने 210 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित किए हैं. इसके अलावा वे 5 पुस्तकों और 22 पुस्तक अध्यायों के लेखक हैं तथा उनके नाम 6 पेटेंट दर्ज हैं।

## खूंटी में अंधविश्वास का खूनी खेल: डायन-बिसाही के शक में बुजुर्ग महिला की पीट-पीटकर हत्या



**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची/खूंटी।** झारखंड के खूंटी जिला से अंधविश्वास और डायन-बिसाही की कुप्रथा से जुड़ा एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. सायको थाना क्षेत्र के किताहातु गांव में डायन-बिसाही के शक में 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला की लाठी-डंडों और पत्थरों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. मृतका के पुत्र बिरसा मुंडू की शिकायत पर सायको थाना में मामला दर्ज किया गया. खूंटी एसपी ऋषभ गर्ग के निर्देश पर डीएसपी मंगल सिंह जामुदा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने जांच शुरू की. अनुसंधान के दौरान पुलिस ने गांव के ही दिनाय मुंडू (20 वर्ष) और मंगल मुंडू (19 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया.

**वारदात में इस्तेमाल हथियार बरामद**

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किए गए खून से सने दो बांस के डंडे और घटना में प्रयुक्त पत्थर भी बरामद कर लिए हैं. बरामद सामान को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

**अंधविश्वास बना हत्या की वजह**

पूरे मामले का खुलासा करते हुए एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों को शक था कि महिला झाड़-फूंक और ओझा-गुनी का काम करती थीं. उनका मानना था कि महिला की वजह से उनके परिवार में बीमारी और मौतें हुई हैं. इसी अंधविश्वास के चलते दोनों ने मिलकर इस जघन्य हत्या को अंजाम दिया. पुलिस की पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया. पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रही है. खूंटी एसपी ऋषभ गर्ग ने लोगों से अंधविश्वास और डायन-बिसाही जैसी कुप्रथाओं से दूर रहने की अपील की. उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या अंधविश्वास के आधार पर कानून अपने हाथ में लेना गंभीर अपराध है. लोगों को विवेक से काम लेना चाहिए और किसी भी विवाद की सूचना पुलिस को देनी चाहिए.

### एआई और साइबर अपराध पर विधानसभा में मंथन

# जागरूकता से साइबर ठगी से बचाव संभव : स्पीकर रबींद्रनाथ महतो

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**




**रांची।** झारखंड विधानसभा के पुराने सभागार में शुक्रवार को 'साइबर सिक्योरिटी एंड अक अवेयरनेस वर्कशॉप' का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो शामिल हुए. वर्कशॉप का आयोजन 'द एशिया फाउंडेशन' बाल कल्याण संघ और साइबर पीस फाउंडेशन की ओर से किया गया. इसमें साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डेटा प्राइवेसी और डिजिटल सेफ्टी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी.

**एआई के दौर में बदलते साइबर अपराध पर चर्चा**

कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि अक के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साइबर अपराध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है. ठग नए-नए हथकंडे अपनाकर लोगों को आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं. वर्कशॉप में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि बदलते साइबर खतरों को कैसे समझा जाए, डेटा प्राइवेसी को कैसे सुरक्षित रखा जाए और एक सुरक्षित डिजिटल इकोसिस्टम कैसे विकसित किया जाए. साथ ही साइबर सुरक्षा को मजबूत बनाने में अक की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा हुई.

**नंदिता बरुआ ने बताए साइबर थ्रेट के नए खतरे**

द एशिया फाउंडेशन की कंट्री हेड नंदिता बरुआ ने साइबर थ्रेट की बारीकियों को समझाते हुए कहा कि डिजिटल दुनिया में सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है. उन्होंने लोगों को साइबर अपराध से बचने के लिए जागरूक रहने और डिजिटल सुरक्षा के नियमों का पालन करने की सलाह दी.

**स्पीकर बोलें- साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता जरूरी**

कार्यक्रम के समापन पर विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि आज के समय में इस तरह की जागरूकता कार्यशालाएं बेहद जरूरी हैं. थोड़ी सी लापरवाही लोगों की मेहनत की कमाई को पलभर में खत्म कर सकती है. उन्होंने कहा कि आए दिन लोग साइबर फ्रॉड का शिकार हो रहे हैं, इसलिए हर भारतीय को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक होना चाहिए.

**कम भागीदारी पर स्पीकर ने जताई चिंता**

विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान एक महत्वपूर्ण टिप्पणी भी की. उन्होंने कहा कि इतने महत्वपूर्ण विषय पर आयोजित इस वर्कशॉप में विधानसभा सदस्यों की भागीदारी बेहद कम रही, जो चिंता का विषय है. उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में जनप्रतिनिधि ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे.

**साइबर फ्रॉड से शायद ही कोई अछूता: महुआ माजी**

राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि शायद ही कोई ऐसा परिवार होगा जो किसी न किसी रूप में साइबर अपराध से प्रभावित न हुआ हो. उन्होंने कहा कि अपराधी फर्जी वीडियो कॉल, डिजिटल ब्लैकमेल, रंगदारी और चुनाव के दौरान अक के जरिए फर्जी वीडियो बनाकर लोगों की छवि खराब करने जैसे हथकंडे अपना रहे हैं.









# चुट्टूपालू घाटी में सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने पीडी एनएचएआई व एनएचएआई(एनएच 33) की तकनीकी टीम के साथ किया विस्तृत निरीक्षण

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के चुट्टूपालू घाटी क्षेत्र में हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से आज उपायुक्त ऋतुराज एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने परियोजना निदेशक एनएचएआई रांची बिजय कुमार व एनएच-33 (रांची हजारीबाग) की एनएचएआई तकनीकी टीम के साथ चुट्टूपालू घाटी का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान घाटी के विभिन्न संवेदनशील स्थलों का गहन अवलोकन करते हुए दुर्घटनाओं के कारणों, सड़क की भौगोलिक स्थिति, यातायात दबाव तथा आवश्यक सुरक्षा उपायों की समीक्षा की गई।



निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा पीडी एनएचएआई एवं उनकी टीम से सड़क दुर्घटनाओं के कारणों एवं दुर्घटना कम करने के उपायों की जानकारी ली गई। मौके पर पीडी एनएचएआई एवं उनकी टीम के द्वारा शॉर्ट टर्म मेजर एवं लॉन्ग टर्म मेजर के तहत दुर्घटना रोकथाम की दिशा में किए जाने वाले कार्यों को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां सभी के साथ साझा की गई।

शॉर्ट टर्म मेजर के अंतर्गत पीडी एनएचएआई ने घाटी के विभिन्न स्थानों पर स्पीड डिस्प्ले मीटर एवं गति नियंत्रण संबंधी उपकरण स्थापित करने का सुझाव दिया, ताकि वाहन चालक निर्धारित गति सीमा का पालन कर सकें। साथ ही घाटी में निर्मित एस्केप लेन को शीघ्र पूर्ण रूप से क्रियाशील (फंक्शनल) करने का भी निर्देश दिया गया, जिससे ब्रेक फेल अथवा नियंत्रण खोने की स्थिति में भारी वाहनों को सुरक्षित रोका जा सके। उपायुक्त ने एनएचएआई की तकनीकी टीम को निर्देशित किया कि आगामी तीन दिनों के भीतर चुट्टूपालू घाटी में दुर्घटना रोकथाम के लिए शॉर्ट टर्म मेजर एवं लॉन्ग टर्म मेजर के अंतर्गत किए जाने वाले सभी कार्यों का विस्तृत कार्ययोजना (प्लान) तैयार कर जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि योजना में प्रत्येक कार्य की समय-सीमा, तकनीकी विवरण तथा क्रियान्वयन की स्पष्ट रूपरेखा शामिल होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिया कि लगभग पांच किलोमीटर लंबी घाटी का प्रत्येक 100 मीटर पर तकनीकी निरीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया जाए। प्रतिवेदन में प्रत्येक संवेदनशील बिंदु, दुर्घटनाओं के संभावित कारण, आवश्यक सुरक्षा उपाय तथा इंजीनियरिंग आधारित समाधान का उल्लेख किया जाए, जिससे भविष्य में प्रभावी एवं स्थायी कदम उठाए जा सकें।

लॉन्ग टर्म मेजर की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि चुट्टूपालू घाटी में वैकल्पिक मार्ग (अल्टरनेट रूट) विकसित करने की योजना भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में है। इस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को भूमि अधिग्रहण सहित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को तीव्र गति से पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा सके और भविष्य में दुर्घटनाओं के जोखिम को स्थायी रूप से कम किया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने भी यातायात नियमों के कड़ाई से अनुपालन, भारी वाहनों की नियमित जांच, ओवरस्पीडिंग पर प्रभावी कार्रवाई तथा सड़क सुरक्षा संबंधी जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस एवं जिला प्रशासन समन्वित रूप से कार्य करते हुए चुट्टूपालू घाटी को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। मौके पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा किसी प्रकार की सड़क दुर्घटना होने पर एनएचएआई को त्वरित दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाने एवं ट्रैफिक व्यवस्था बहाल करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि चुट्टूपालू घाटी के दोनों छोर पर नियमित रूप से सघन वाहन जांच अभियान चलाया जाए। इस दौरान विशेष रूप से नशे की हालत में वाहन चलाने वाले लोगों, सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन की जांच की जाए ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, एनएचएआई एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 26वीं झारखंड राज्य जूनियर एवं सब-जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ



**लोहरदगाः** झारखंड ताइक्वांडो संघ तथा जिला ताइक्वांडो संघ के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को 26वीं झारखंड राज्य जूनियर एवं सब-जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता का का भव्य शुभारंभ होटल अमृत पैलेस में किया गया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों से लगभग 700 खिलाड़ी, प्रशिक्षक, टीम मैनेजर एवं रेफरी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन उपायुक्त संदीप कुमार मीना द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय कुमार शर्मा (अधिवक्ता, झारखंड उच्च न्यायालय एवं सह महासचिव, झारखंड ताइक्वांडो संघ), गोपाल कुमार (कार्यकारी अध्यक्ष, झारखंड ताइक्वांडो संघ), मिथिलेश कुमार सिंह (कार्यकारी चेयरमैन, झारखंड ताइक्वांडो संघ), अशोक कुमार (उपाध्यक्ष, झारखंड ताइक्वांडो संघ), राजेश महतो (अध्यक्ष, लोहरदगा जिला ताइक्वांडो संघ), पारस साहू (कार्यकारी अध्यक्ष, आयोजन समिति), अभय महतो (कोषाध्यक्ष, आयोजन समिति) सहित संघ एवं आयोजन समिति के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। समारोह के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा ह्लवंदे मातरम्ह्व गीत पर आकर्षक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, एकता और युवा शक्ति का संदेश दिया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने खूब सराहना की अपने संबोधन में उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने लोहरदगा में भविष्य में राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया है। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन की प्रशंसा करते हुए आयोजन समिति के सभी सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही उपस्थित अभिभावकों से अपने बच्चों को खेल गतिविधियों के प्रति प्रेरित करने तथा खेलों को उनके समग्र विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बनाने का आह्वान किया। उद्घाटन समारोह के उपरांत उपायुक्त ने ताइक्वांडो खेल की तकनीकी बारीकियों को समझने के लिए खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत डेमोंस्ट्रेशन का अवलोकन किया तथा चेस्ट गार्ड पर प्रहार कर खेल की तकनीक एवं स्कोरिंग प्रणाली की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने प्रतियोगिता में कार्यरत सभी निर्णायकों एवं रेफरियों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यों की सराहना की। झारखंड ताइक्वांडो संघ एवं लोहरदगा जिला ताइक्वांडो संघ ने राज्य के सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, खेल प्रेमियों एवं नागरिकों से प्रतियोगिता स्थल पर उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## सीआरपी-बीआरपी का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**लोहरदगाः** झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में जिले के कार्यरत सीआरपी (क्लस्टर रिसोर्स पर्सन) एवं बीआरपी (ब्लॉक रिसोर्स पर्सन) के लिए दो दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन 3 एवं 4 जुलाई 2026 को डाइट परिसर, चिरी में किया जा रहा है।प्रशिक्षण का उद्देश्य ई-विद्या वाहिनी आधारित अनुश्रवण प्रणाली को सुदृढ़ करना तथा आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) के प्रभावी मूल्यांकन के लिए प्रतिभागियों की क्षमता का विकास करना है। इसमें जिले के सभी सीआरपी एवं बीआरपी भाग ले रहे हैं।प्रशिक्षण का संचालन केआरपी एवं मास्टर ट्रेनरों द्वारा किया जा रहा है। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में गौरव पांडेय, मुकेश कुमार (शिक्षक) तथा एसपीएम की प्रोजेक्ट लीड सुश्री अपूर्वा मिश्रा प्रशिक्षण दे रहे हैं। वहीं झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा की जेंडर कोऑर्डिनेटर सपना सिंह भी प्रशिक्षण में विशेष रूप से उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण के प्रथम दिन एफएलएन के अंतर्गत संतुलित साक्षरता पद्धति के घटक, पाठ योजना आधारित शिक्षण, पुस्तकालय एवं पठन गतिविधियां, कक्षा 1 एवं 2 की हिंदी और गणित की पाठ्यपुस्तकों के प्रभावी उपयोग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2022 के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में संजय कुमार, सीमा शर्मा, निशांत कुमार, अंबिका शरण पाण्डेय, हेमंत पाण्डेय, मीना कुमारी, त्रिसंध्या प्रजापति, जितेन्द्र मित्तल, दीनबंधु डे, संजीव कुमार, धर्मेंद्र सोनी, उपेंद्र नाथ ठाकुर, संतोष कुमार, श्याम सिंह, अनंत शर्मा सहित जिले के सभी बीआरपी एवं सीआरपी उपस्थित थे।

# जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 50 फरियादी की सुनी गईं समस्याएं

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ जनता दरबार का आयोजन**




**रामगढ़।** शुक्रवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त, रामगढ़ ऋतुराज की अध्यक्षता में ह्यजनता दरबारह्न का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 50 लोगों अपनी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे नागरिकों से संवेदनशीलता के साथ बारी-बारी मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनता दरबार में फरियादी अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को लेकर उपस्थित हुए। उपायुक्त ने सभी आवेदनों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मामलों के निष्पादन हेतु समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। जनता दरबार में मुख्य रूप से सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन योजनाओं से संबंधित समस्याएं, अबुआ आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना से जुड़ी शिकायतें, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज एवं दखल दिहानी के मामले, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, सड़क निर्माण सहित अन्य जन समस्याएं सामने आईं।प्रप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## रेलवे ट्रैक पर नाबालिग का शव मिलने से सनसनी

### पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा शव, मौत के कारणों की जांच शुरू

**लोहरदगा**–रांची रेलखंड पर इरगांव के समीप रेलवे ट्रैक से एक नाबालिग किशोरी का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान सदर थाना क्षेत्र के भक्सो टंगरा टोली निवासी लक्ष्मी उरांव पिता राधा कृष्ण उरांव के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है। रेलवे ट्रैक के किनारे शव पड़े होने की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और इसकी जानकारी सदर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। शुक्रवार को सदर थाना के एएसआई अमरनाथ पांडेय ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि किशोरी की मौत हादसे में हुई है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना के संबंध में जानकारी जुटा रही है। मौके पर झारखंड राज्य दफादार-चौकीदार पंचायत के जिला अध्यक्ष शमसुल अंसारी, सुरेश उरांव, बरतु उरांव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**पर्यावरण की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, हमारा कर्तव्य है:सचिव प्रियंका कुमारी**




**रामगढ़** ।शुक्रवार को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से व्याख्यान, शपथ ग्रहण एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित व्याख्यान सत्र में डॉ. पूजा कुमारी जायसवाल, डॉ. विजय कुमार पाण्डेय एवं डॉ. धीरज कुशवाहा ने प्लास्टिक बैग के दुष्प्रभावों, पर्यावरण संरक्षण तथा एकल-उपयोग प्लास्टिक के विकल्प अपनाने की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों से कपड़े एवं जूट के थैलों का उपयोग करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।इस अवसर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह साह ने कहा प्लास्टिक-मुक्त समाज का निर्माण जनभागीदारी से ही संभव है। प्रत्येक नागरिक को कपड़े या जूट के थैले के उपयोग की आदत विकसित करनी चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। सचिव प्रियंका कुमारी ने अपने संदेश में कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता सबसे प्रभावी माध्यम है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक बैग का उपयोग बंद करने का संकल्प ले, तो हम स्वच्छ, हरित और टिकाऊ भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा सकते हैं।कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। एकल-उपयोग प्लास्टिक से दूरी बनाकर तथा पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाकर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और हरित भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।विश्वविद्यालय प्रबंधन के कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार , परीक्षा नियंत्रक प्रो( डॉ)अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, विभाग के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करने तथा स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान देने की शपथ ली। इसके पश्चात विश्वविद्यालय परिसर में जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेशों के माध्यम से लोगों को प्लास्टिक-मुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्लास्टिक-मुक्त एवं स्वच्छ भारत के निर्माण के लिए सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना था।अंत में सभी ने प्लास्टिक-मुक्त परिसर एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को दोहराते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## पीवीयुएनएल पतरातू में ड्यूटी के दौरान मजदूर का कटा हाथ, अस्पताल मिलने पहुंची अंबा प्रसाद

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**पीवीयुएनएल पतरातू में सुरक्षा मानकों का हो रहा उल्लंघन, सुरक्षा के नाम पर घपला बाजी कर रही कंपनी-अंबा प्रसाद**



**पतरातू-** पीवीयुएनएल पतरातू में बीते सोमवार को ड्यूटी के दौरान असम निवासी 50 वर्षीय मजदूर तपन मुसोमोत्री के ऊपर लोहे का भारी समान गिर जाने से हाथ कट कर लटक गया था। इसके अलावा उक्त मजदूर के दोनों पर फ्रैक्चर हो जाने के साथ कई तरह के गंभीर चोट शरीर में आए थे।गंभीर अवस्था में मजदूर को पतरातू के पीटीपीएस अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद रांची के श्री जगन्नाथ अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।।टना की सूचना पाकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक अंबा प्रसाद श्री जगन्नाथ हॉस्पिटल रांची पहुंचकर घायल मजदूर से मुलाकात की उनका हाल-चाल जाना एवं हर संभव मदद उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। अंबा प्रसाद ने कहा कि आए दिन इस तरह की घटना कंपनी प्रबंधन के लापरवाही से होती रहती है, बिना सुरक्षा मानकों का मजदूरों का कार्य पर लगाया जाना कतई बर्दाश्त युक्त नहीं है। पीवीयुएनएल पतरातू में सुरक्षा मानकों का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है नियम कानून के धज्जियां उड़ाई जा रही है वहीं सुरक्षा के नाम पर कंपनी घपला बाजी कर रही है। कंपनी प्रबंधन अगर यही रवैया रखती है तो भारी विरोध का सामना करने के लिए तैयार रहें।

## हेसल साइडिंग की अव्यवस्था पर ट्रक ऑनर एसोसिएशन सख्त



**लोहरदगाः** लोहरदगा- गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन और हिंडाल्को प्रबंधन के बीच हेसल साइडिंग की परिवहन व्यवस्था को लेकर बैठक हुई। बैठक में एसोसिएशन ने कहा कि हेसल साइडिंग में ट्रकों के लिए पर्याप्त पार्किंग और सुव्यवस्थित व्यवस्था नहीं होने से आम लोगों, वाहन चालकों और परिवहन व्यवसायियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जब तक व्यवस्था में सुधार नहीं होता, हेसल साइडिंग के लिए ट्रकों का परिचालन बंद रहेगा। एसोसिएशन ने बताया कि दो दिन पहले ही अमतीपानी, कुजाम, चिरोड़ीह और भैंसबथान माइंस से हेसल साइडिंग में माल ढुलाई करने वाले ट्रकों का परिचालन रोक दिया गया है। उनका कहना है कि सड़क किनारे ट्रकों की लंबी कतार लगने से यातायात प्रभावित होता है और चालक-उपचालकों को दो से तीन दिन तक सड़क पर ही इंतजार करना पड़ता है। बैठक में एसोसिएशन ने कंपनी को सुझाव दिया कि या तो लोहरदगा साइडिंग अथवा रेलवे स्टेशन यार्ड में माल उतरवाया जाए, या फिर आधा माल हेसल और आधा लोहरदगा साइडिंग में उतारा जाए। साथ ही हेसल में स्थायी पार्किंग की व्यवस्था करने अथवा लोहरदगा साइडिंग से चरणबद्ध तरीके से 10-10 ट्रकों को हेसल भेजने की व्यवस्था लागू करने की मांग की गई। एसोसिएशन ने यह भी आरोप लगाया कि समझौते के अनुरूप ट्रिप नहीं दिए जा रहे हैं। चेतावनी दी गई कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो कंपनी से डिटेंशन चार्ज (हजार्ना) की मांग की जाएगी। बैठक में विमरला माइंस का मुद्दा भी उठाया गया। एसोसिएशन ने कहा कि कई महीनों से वहां ट्रिप नहीं मिल रहे हैं, जिससे वाहन मालिक और चालक आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। मांग की गई कि संबंधित रेजिंग कॉन्ट्रैक्टर को बदला जाए, अन्यथा अन्य माइंस में भी ट्रकों का परिचालन बंद करने पर विचार किया जाएगा। हिंडाल्को प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक राजेश ठाकरे ने एसोसिएशन को आश्वस्त किया कि 7 से 10 दिनों के भीतर व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और इस दौरान एसोसिएशन से भी सहयोग की अपेक्षा है। बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, सचिव मुंद्रिका यादव, रहमान अंसारी, कोषाध्यक्ष अभय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष इम्तियाज उर्फ बबलू, तबरेज खान, सहसचिव रहमत अंसारी, महताब आलम, राजेश विश्वकर्मा, अनिल उरांव, मीडिया प्रभारी राजेश कुमार शर्मा, सलाहकार समिति के वरिष्ठ सदस्य संतोष साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। वहीं कंपनी की ओर से महाप्रबंधक राजेश ठाकरे, लॉजिस्टिक्स हेड अभिषेक कुमार सिंह, सिक्योरिटी हेड सतनाम सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। विमरला माइंस के मुद्दे पर एसोसिएशन के संरक्षक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को भी अवगत कराया गया। उन्होंने हिंडाल्को के वरीय उपाध्यक्ष से दूरभाष पर बात कर विमरला की स्थिति में शीघ्र सुधार करने का आग्रह किया और कहा कि यदि 10 दिनों के भीतर सुधार नहीं हुआ तो वे एसोसिएशन के निर्णय के साथ खड़े रहेंगे।

# नवरत्न कंपनी पीवीयूएनएल के क्षेत्र में आने से रौनक तो बढ़ी पर क्या लोगों की अपेक्षाएं हो रही है पूरी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

पतरातू -पीवीयूएनएल प्रबंधन क्षेत्र में विकास का कर रही है हर संभव प्रयास, मगर योजनाओं और रूपायों का हो रहा है दुरउपयोग, प्रबंधन बनाए एक मॉ




नवरत्न कंपनी की आने से पतरातू क्षेत्र में एक तरफ तो बढ़ी है रौनाक, मगर क्या आम लोगों को हो रहा है इससे फायदा ? यह एक ऐसा सवाल है जो अपने आप में कहीं ना कहीं जवाब भी है तो अपने साथ कई सवाल भी खड़े कर रही है। यह बात हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि क्षेत्र में लोगों से उनकी राय जानने का प्रयास करने पर बहुत सारे लोगों ने कहा कि पीवीयूएनएल जैसी बड़ी और नवरत्न कंपनी का पतरातू में स्थापित होना हमारे लिए गौरव की बात है। कहीं ना कहीं क्षेत्र में इससे रौनक तो बढ़ी है पर आम जनों को इससे कुछ विशेष लाभ नहीं प्राप्त हो रहा है। लोगों ने कहा कि कुछ एक या खास तबके के लोगों को इससे बहुत लाभ मिल रहा है। मगर सभी लोगों को इसका समान लाभ नहीं प्राप्त हो रहा। रोजगार की बात होती है तो अस्थाई कामों में लोगों को लगाकर ऐसा लगता है जैसे खाना पूर्ति किया जा रहा है। वही एक विशेष तबके के लोग निश्चित रूप से इससे लाभान्वित हो रहे हैं। मगर इतनी बड़ी कंपनी के उच्च अधिकारियों को सब के बारे में सोचते हुए उचित कदम उठाने चाहिए। जिससे आम लोगों का विश्वास नवरत्न कंपनी के ऊपर और प्रगाढ़ हो सके। पी वी यू एन एल के द्वारा प्रोडक्शन भी अच्छी हो रही है और हमारे लिए यह गौरव की बात है कि अब इसका वितरण भी चालू हो गया है, लेकिन एक सामान्य या निम्न वर्ग के लोगों को इससे कितना लाभ मिल पा रहा है यह एक चिंतनीय विषय है। ऐसा भी नहीं है कि प्रबंधन के द्वारा आसपास के क्षेत्र या बिरहोर परिवारों के लिए काम नहीं किया जा रहा है। निश्चित रूप से विकास का पुरजोर प्रयास प्रबंधन के द्वारा किया जा रहा है। मगर विकास के इस प्रयास को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी जिन लोगों को दी जाती है। क्या वह अपने कर्तव्य और कार्य प्रणाली पर खरे उतर रहे हैं ? इसकी भी जांच करना प्रबंधन के उच्च पदाधिकारियों की है। प्रबंधन अपनी ओर से तमाम प्रयास और खर्च क्षेत्र के विकास के लिए कर रही है। मगर यह प्रयास और खर्च क्या सही जगह उपयोग हो रहे हैं। इसकी भी समय-समय पर जांच होनी चाहिए। मिसाल के तौर पर ग्राम रसदा, गेगदा सहित अन्य गांव में हो रहे विकास के कार्य। क्या यह कार्य नियमित रूप से हो रहे हैं। यह भी जांच का विषय है। ऐसे ना जाने और कितने उदाहरण हैं जहां प्रबंधन की ओर से विकास कार्यों के लिए समुचित खर्च किए जा रहे हैं। मगर शायद ये कार्य उचित ढंग से पूर्ण नहीं किए जा रहे हैं। योजनाएं देना, विकास के रास्ते प्रशस्त करना और उनको धरातल पर सही और सुचारू रूप से पूर्ण कराना अलग-अलग बातें हैं। एक मॉनिटरिंग टीम इन कार्यों को देखने के लिए निश्चित रूप से होनी चाहिए। तब जाकर सही रूप से रूपयों का भी सदुपयोग और क्षेत्र का भी विकास नजर आएगा।

# शूटिंग रेंज में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने लगाया निशाना, रांची जिला शूटिंग चैंपियनशिप का हुआ आगाज

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**रांची।** राजधानी के खेलगांव स्थित शूटिंग रेंज में आयोजित तीसरी रांची जिला शूटिंग चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह के दौरान वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का अलग अंदाज देखने को मिला. राजनीतिक मंचों पर अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले वित्त मंत्री इस बार शूटिंग रेंज में बंदूक के साथ निशानेबाजी करते नजर आए. उन्होंने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए शूटिंग रेंज में निशाना साधा और कई सटीक शॉट लगाए. इस दौरान मौजूद खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और दर्शकों ने उनका उत्साहवर्धन किया.

**खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना**

चैंपियनशिप में जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और शूटिंग क्लबों से जुड़े बड़ी संख्या में खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं. प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले में निशानेबाजी खेल को बढ़ावा देना, नई प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराना और खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है. आयोजन के दौरान खिलाड़ियों ने भी अपने कौशल का प्रदर्शन किया.

**युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ना जरूरी: वित्त मंत्री**

मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि उनके परिवार का निशानेबाजी से पुराना जुड़ाव रहा है. बचपन से ही उन्हें निशानेबाजी का शौक रहा है और समय मिलने पर वे इसका अभ्यास भी किया करते थे. उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति में अनुशासन, एकाग्रता और आत्मविश्वास विकसित करता है, इसलिए युवाओं को खेल गतिविधियों से जुड़ना चाहिए.

**वित्त मंत्री ने जताई शूटिंग रेंज की मौजूदा स्थिति पर चिंता**

हालांकि, खेलगांव स्थित शूटिंग रेंज की मौजूदा स्थिति पर उन्होंने चिंता भी जताई. निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि रेंज का बुनियादी ढांचा काफी जर्जर नजर आ रहा है और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि यदि राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करना है तो आधुनिक खेल अधोसंरचना विकसित करना जरूरी है.

**रखरखाव और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर ध्यान**

प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने भी उम्मीद जताई कि शूटिंग रेंज के रख रखाव और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर जल्द ध्यान दिया जाएगा, ताकि अभ्यास और प्रतियोगिताओं के आयोजन में किसी प्रकार की परेशानी न हो.

**खेलगांव शूटिंग रेंज की संतोषजनक स्थिति नहीं**

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि खेलगांव शूटिंग रेंज की स्थिति संतोषजनक नहीं है. उन्होंने बताया कि रेंज के जीर्णोद्धार को लेकर सीसीएल और खेल विभाग के साथ चर्चा की जाएगी, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें.

# जेपीएससी ने जारी किया सिविल सेवा पीटी-2025 का परिणाम, 3 जुलाई से मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग ने संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-2025 का परिणाम गुरुवार देर रात को जारी कर दिया. आयोग ने यह परिणाम झारखंड हाईकोर्ट के 30 जून 2026 के आदेश के आलोक में अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित किया है. सफल अभ्यर्थी अब मुख्य (लिखित) परीक्षा के लिए 3 जुलाई से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे.

**मुख्य परीक्षा के लिए डेट जारी**

आयोग ने स्पष्ट किया है कि परिणाम में किसी प्रकार की त्रुटि या टंकण संबंधी गलती सामने आने पर उसमें आवश्यक संशोधन करने का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित रहेगा. आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार मुख्य (लिखित) परीक्षा 18, 19 और 20 जुलाई 2026 को रांची के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी. परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में होगी. पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित होगी.

**मुख्य परीक्षा के लिए 3 जुलाई से शुरू होगा आवेदन**

मुख्य परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 3 जुलाई से शुरू होकर 9 जुलाई 2026 की शाम 5 बजे तक चलेगी. वहीं, ऑनलाइन आवेदन के बाद आवश्यक प्रमाण-पत्रों की हार्ड कॉपी आयोग कार्यालय में 14 जुलाई 2026 की शाम 5 बजे तक जमा करना अनिवार्य होगा. आयोग ने अभ्यर्थियों से आवेदन भरने से पहले विस्तृत दिशा-निर्देशों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करने की अपील की है. आयोग ने कहा है कि मुख्य परीक्षा के आवेदन के दौरान अभ्यर्थियों को अपनी शैक्षणिक योग्यता, आरक्षण, दिव्यांगता, सरकारी सेवा, पूर्व सैनिक सहित अन्य दावों से संबंधित सभी आवश्यक प्रमाण-पत्र ऑनलाइन अपलोड करने होंगे. दस्तावेजों में किसी प्रकार की विसंगति या गलत जानकारी मिलने पर अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है. आयोग ने अंतिम समय तक इंतजार नहीं करने और समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की सलाह भी दी है.

**कुल कितने अभ्यर्थी हुए सफल**

आयोग की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक जेपीएससी ने संयुक्त सिविल सेवा (पीटी) परीक्षा-2025 का परिणाम जारी करते हुए कुल 2,204 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया है.

# एनसीसीएफ ने रिम्स परिसर में किया पौधरोपण, स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।




**रांची।** भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ की ओर से सहकारिता के सफल पांच वर्ष पूरे होने और देशभर में मनाए जा रहे राष्ट्रीय सहकारी सप्ताह के अवसर पर शुक्रवार को राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान परिसर में पौधरोपण अभियान चलाया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा स्वास्थ्य और प्रकृति के बीच गहरे संबंध को मजबूत करना था.

**लगाए गए औषधीय और सजावटी पौधे**

अभियान में रिम्स के निदेशक डॉ डीके सिन्हा, एकेडमिक डीन डॉ लखन मांझी, वेलफेयर डीन डॉ श्योप्रिया, डिप्टी डायरेक्टर सुरेंद्र कुमार गोपे, अकाउंट्स ऑफिसर सविता जरीका, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ एसके त्रिपाठी, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ राजेंद्र और डॉ शीशिर सहित कई वरिष्ठ चिकित्सकों, मेडिकल प्रोफेशनल्स और एमबीबीएस के छात्रों ने भाग लिया. एनसीसीएफ के शाखा प्रबंधक प्रिंस कुमार एवं अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में परिसर में औषधीय और सजावटी पौधे लगाए गए.

**आगे भी जारी रहेगा यह अभियान**

इस अवसर पर एनसीसीएफ के शाखा प्रबंधक प्रिंस कुमार ने कहा कि सहकारिता के पांच वर्ष पूरे होना संगठन के लिए गर्व का विषय है. राष्ट्रीय सहकारी सप्ताह के दौरान रिम्स जैसे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान में डॉक्टरों के साथ मिलकर पौधरोपण करना सहकारिता के मूल सिद्धांत ह्यसबका साथ और सामूहिक कल्याणह्ल की भावना को साकार करता है. उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व के ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे.

**पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प**

कार्यक्रम के दौरान रिम्स के डीन ने भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सहकारी प्रयासों की सराहना की. उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में औषधीय पौधों का होना न केवल हरित वातावरण तैयार करता है, बल्कि स्वास्थ्य और कल्याण से जुड़ी हमारी पारंपरिक सोच को भी सशक्त बनाता है. अभियान के समापन पर एनसीसीएफ के प्रतिनिधियों ने रिम्स प्रबंधन और सभी चिकित्सकों का सहयोग के लिए आभार जताया.

# वित्तीय अनुशासन में झारखंड ने मारी बाजी, नीति आयोग के फिसकल हेल्द इडेंक्स में एचिवर राज्य के रूप में उभरा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**रांची।** नीति आयोग द्वारा वर्ष 2026 में जारी वित्तीय वर्ष 2023-24 के Fiscal Health Index में झारखंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश के टॉप 3 राज्यों में अपनी जगह बनाई है। राज्य को Achiever श्रेणी में शामिल किया गया है, जहां उसने ओडिशा और गोवा जैसे राज्यों के साथ मजबूती से स्थान हासिल किया है। झारखंड की इस उपलब्धि के पीछे मजबूत वित्तीय अनुशासन, संसाधन जुटाने की क्षमता और संतुलित खर्च प्रबंधन प्रमुख कारण रहे हैं। राज्य ने अपने कुल राजस्व में टैक्स से होने वाली आय का हिस्सा 60 प्रतिशत से अधिक बनाए रखते हुए रेवेन्यू मोबिलाइजेशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। साथ ही नॉन-टैक्स रेवेन्यू बढ़ाने के प्रयास भी सफल रहे हैं। वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में भी झारखंड ने समझदारी का परिचय दिया है। राज्य ने अपने फिस्कल डेफिसिट को सकल राज्य घरेलू उत्पाद के निर्धारित 3 प्रतिशत से नीचे बनाए रखा, जो वित्तीय अनुशासन का स्पष्ट संकेत है। विकासोन्मुखी खर्च पर ध्यान देते हुए राज्य सरकार ने कैपिटल एक्सपेंडिचर को GSDP के लगभग 4 से 5 प्रतिशत के स्तर पर बनाए रखा है, जिससे आधारभूत संरचना और दीर्घकालिक विकास को मजबूती मिली है। इसके अलावा, झारखंड ने कर्ज प्रबंधन में भी संतुलन बनाए रखा है। राज्य का कुल कर्ज GSDP के 25 प्रतिशत से कम है और ब्याज भुगतान का बोझ भी नियंत्रित रखा गया है, जो वित्तीय स्थिरता का प्रमाण है। विशेषज्ञों का मानना है कि झारखंड का यह प्रदर्शन न केवल राज्य की वित्तीय सुदृढ़ता को दशार्ता है, बल्कि आने वाले वर्षों में विकास की मजबूत नींव भी तैयार करता है।

# सेल के सीएसआर अंतर्गत सोहराई पेंटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह सम्पन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।




**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर फॉर आयरन एंड स्टील द्वारा प्रायोजित तथा स्तंभ ट्रस्ट द्वारा संचालित स्किल डेवलपमेंट थ्रू सोहराई पेंटिंग ट्रेनिंग कार्यक्रम का समापन एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह दिनांक 03 जुलाई 2026 को अमर शहीद वीर बुधुभगत हूही मोर्चा, टोंगरी टोली, अरगोड़ा, रांची में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में सेल की ओर से श्री उज्ज्वल भास्कर, संचार प्रमुख; श्री प्रभात होरो, महाप्रबंधक (सी.एस.आर) एवं श्री लक्ष्मण जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि सोहराई जैसी पारंपरिक लोककला के संरक्षण, संवर्धन एवं स्वरोजगार के अवसरों के सृजन की दिशा में यह पहल अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायी है। स्तंभ ट्रस्ट की ओर से सचिव अवनी भूषण, निदेशक जयश्री देवी तथा सहयोगी शाही, उषा, सुनील एवं प्रमोद समारोह में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस पहल का उद्देश्य स्थानीय पारंपरिक कला को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करना, महिलाओं एवं युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना तथा उनके लिए आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने सोहराई पेंटिंग की पारंपरिक तकनीकों, डिजाइन एवं आधुनिक उपयोगिता का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम ने प्रतिभागियों में न केवल कौशल का विकास किया, बल्कि उन्हें स्वरोजगार एवं उद्यमिता की दिशा में भी प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों के उत्साहपूर्ण सहभागिता, अतिथियों के प्रेरक संबोधन तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह पहल सोहराई कला के संरक्षण, स्थानीय संस्कृति के संवर्धन तथा समुदाय आधारित आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सार्थक प्रयास सिद्ध हुई।

# निबंध प्रतियोगिता में श्रुति कुमारी तीसरे स्थान पर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**रांची।** 20वें राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय व एनएसएस इकाई के तत्वावधान में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सांख्यिकी के महत्व तथा राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना था. प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस-2026 की थीम पर अपने विचार प्रस्तुत किए. प्रतिभागियों ने विषय पर अपनी रचनात्मकता, विश्लेषणात्मक क्षमता और ज्ञान का प्रभावशाली प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता में मारवाड़ी कॉलेज, रांची की एनएसएस यूनिट-2 की स्वयंसेविका श्रुति कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया. इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी अनुभव चक्रवर्ती (यूनिट-2) तथा डॉ. राहुल कुमार ने उन्हें प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया. कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक व बौद्धिक आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया.इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि प्रतियोगिताएं केवल पुरस्कार प्राप्त करने का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि वे विद्यार्थियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और ज्ञान को निखारने का अवसर प्रदान करती हैं. उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

# ईएसएल स्कूल में प्रमाण पत्र, ऑफर लेटर व समापन समारोह का आयोजन, युवाओं को मिला रोजगार का नया अवसर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।




**रांची।** ईएसएल स्टील लिमिटेड द्वारा संचालित ईएसएल स्किल स्कूल में प्रमाण पत्र, ऑफर लेटर वितरण व समापन समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले युवाओं का सम्मान करना तथा उन्हें रोजगार से जोड़ने की दिशा में उनकी उपलब्धियों का उत्सव मनाना था. यह पहल स्थानीय युवाओं को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और स्थायी आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ती है. समारोह में कुल 52 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया. इस अवसर पर 16 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण पूर्णता प्रमाण पत्र, 18 युवाओं को विभिन्न संस्थानों से नियुक्ति (ऑफर) पत्र, जबकि एसपीवीआई व एफटीओएचए बैच के 47 प्रशिक्षुओं को रोजगार के लिए आवश्यक टूलकिट प्रदान किए गए.

कार्यक्रम में सुरैना राजन, डीडीएम-नाबार्ड; श्री प्रह्लाद रावत, मुख्य वित्तीय अधिकारी-ईएसएल स्टील लिमिटेड, कुणाल दरिपा, हेड-सीएसआर-ईएसएल स्टील लिमिटेड, बीरेंद्र कुमार, प्रोग्राम मैनेजर-ईएसएल स्किल स्कूल ,तथा अरुण कुमार उपस्थित रहे. इस अवसर पर ईएसएल स्टील लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक रवीश शर्मा ने कहा-ईएसएल स्टील का मानना है कि कौशल विकास सामाजिक और आर्थिक बदलाव का सबसे प्रभावी माध्यम है. ईएसएल स्किल स्कूल के जरिए हम युवाओं को उद्योग से जुड़े जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण देकर उन्हें सम्मानजनक रोजगार से जोड़ रहे हैं. हमारा उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनकी क्षमता को निखारना और क्षेत्र के समावेशी विकास में योगदान देना है.

वहां मौजूद अतिथियों ने सभी प्रशिक्षुओं को बधाई दी और उन्हें निरंतर सीखने, अपने कौशल को और बेहतर बनाने तथा उपलब्ध अवसरों का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ईएसएल स्टील लिमिटेड के मुख्य वित्तीय अधिकारी -प्रह्लाद रावत ने कहा, कौशल विकास युवाओं के भविष्य में किया गया सबसे महत्वपूर्ण निवेश है. उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण देकर हम उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी योगदान दे रहे हैं. कार्यक्रम की शुरूआत ईएसएल स्किल स्कूल की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी से हुई. इसके बाद अतिथियों ने अपने विचार साझा किए. प्रशिक्षुओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रशिक्षण से उनके तकनीकी कौशल, आत्मविश्वास और रोजगार की संभावनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. प्रमाण पत्र, ऑफर लेटर एवं टूलकिट का वितरण उनके पेशेवर जीवन की नई शुरूआत का महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ.

# हत्या मामले पर पुलिस से जवाब-तलब, पीड़ित परिवार के साथ खड़ा हुआ मानवाधिकार संगठन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**तमाड़।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को कमलेश महतो हत्याकांड में पुलिस की कार्रवाई की प्रगति जानने के लिए तमाड़ थाना का दौरा किया। यह मामला तमाड़ थाना कांड संख्या 15/26, दिनांक 11 मार्च 2026 से संबंधित है। जिसमें बीएनएस की धारा 309(6), 103(1) एवं 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मामले में पुलिस की कार्रवाई धीमी रही, जिसके बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आवेदन संख्या 3199/2026 एवं डालसा आवेदन संख्या 228/2026 के तहत न्यायोचित कार्रवाई की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल द्वारा अनुसंधानकर्ता निमाई सोरेन से मुलाकात कर मामले की जानकारी लिया गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले के आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के झारखंड राज्य प्रभारी राजेश कुमार सिंह, रांची जिला प्रभारी विकेश्वर महतो, बुंडू प्रखंड अध्यक्ष चौधरी महतो, प्रखंड सचिव रामसिंह महतो, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीनारायण गोंझू, प्रखंड उपाध्यक्ष जगरनाथ मुंडा तथा पीड़ित परिवार के सदस्य सुधीर महतो और संगीता देवी उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने मामले में शीघ्र व निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए दोषियों की जल्द गिरफ्तारी पर जोर दिया।

# झारखंड में ई-कल्याण छात्रवृत्ति भुगतान में लंबा विलंब, हजारों छात्रों की पढ़ाई पर पड़ रहा असर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**रांची।** झारखंड में ई-कल्याण पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति की राशि जारी नहीं होने से हजारों विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है. सत्र 2024-25, 2025-26 और अब 2026-27 के लिए आवेदन करने वाले छात्र-छात्राओं को अब तक छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं किया गया है. इसका असर कॉलेज फीस, हॉस्टल शुल्क, किराया और अन्य शैक्षणिक खर्चों पर पड़ रहा है. कई विद्यार्थी पढ़ाई पूरी कर पास आउट भी हो चुके हैं, लेकिन उन्हें अब तक छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिली है. लगातार हो रही देरी के कारण छात्रों में नाराजगी बढ़ रही है और वे सरकार से छात्रवृत्ति का भुगतान जल्द करने की मांग कर रहे हैं. रांची सहित राज्य के विभिन्न कॉलेजों में पढ़ने वाले आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी अपनी उच्च शिक्षा के लिए ई-कल्याण छात्रवृत्ति पर निर्भर रहते हैं. समय पर राशि नहीं मिलने के कारण कई छात्रों को कॉलेज में नामांकन, फीस जमा करने और हॉस्टल का खर्च चलाने के लिए उधार लेना पड़ रहा है. छात्र संगठनों और प्रभावित विद्यार्थियों ने कई बार संबंधित अधिकारियों से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है. इसके अलावा सोशल मीडिया के माध्यम से भी अपनी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन नतीजा सिफर रहा.

**छात्रों के समने पढ़ाई छोड़ने की नौबत**

विद्यार्थियों का कहना है कि ई-कल्याण छात्रवृत्ति उनके लिए केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि शिक्षा जारी रखने का महत्वपूर्ण आधार है. छात्रवृत्ति की राशि भुगतान में लगातार हो रही देरी से कई छात्रों के सामने पढ़ाई छोड़ने तक की नौबत आ गई है. राज्य के ओबीसी विद्यार्थियों को पिछले तीन वर्षों से छात्रवृत्ति भुगतान में लगातार विलंब किया जा रहा है. जानकारी के अनुसार झारखंड में पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना केंद्र और राज्य सरकार की साझी योजना है. इसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार और 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार वहन करती है. कुछ छात्रों का आरोप है कि केंद्र से समय पर राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण भुगतान प्रक्रिया प्रभावित हो रही है, जबकि कुछ छात्रों का कहना है कि विभाग की उदासीनता के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है. वहीं झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में कल्याण विभाग के लिए छात्रवृत्ति मद में लगभग 39 करोड़ रुपये (केंद्रांश 27 करोड़ और राज्यांश 12 करोड़) का प्रावधान किया गया है, जिसे विद्यार्थी वास्तविक आवश्यकता की तुलना में अपर्याप्त बता रहे हैं. छात्रों ने सरकार से लंबित छात्रवृत्ति की राशि शीघ्र जारी करने और ई-कल्याण पोर्टल की तकनीकी समस्याओं को दूर करने की मांग की है.

# झारखंड की पंचायतों को 16वें वित्त आयोग से मिलेंगे 14,231 करोड़ रुपये : दीपिका पांडेय

**राष्ट्रीय कार्यशाला में समय पर अनुदान और बकाया राशि जारी करने की मांग**

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।




**रांची।** 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के तहत पंचायतों को मिलने वाली अनुदान राशि पर दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में झारखंड की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने हिस्सा लिया. इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार से पंचायतों के लिए स्वीकृत अनुदान राशि समय पर जारी करने और परफॉर्मेंस ग्रांट के निर्धारण में राज्यों के प्रति उदार रुख अपनाने का आग्रह किया. मंत्री ने कहा कि 16वें वित्त आयोग के तहत वर्ष 2026-27 से 2030-31 के बीच झारखंड की पंचायतों को 14,231 करोड़ रुपये मिलेंगे. इसमें 11,385 करोड़ रुपये बेसिक ग्रांट और 2,846 करोड़ रुपये परफॉर्मेंस ग्रांट शामिल हैं. उन्होंने कहा कि यह राशि पंचायतों को मजबूत बनाने, ग्रामीण विकास योजनाओं को गति देने और स्थानीय स्तर पर बेहतर सेवा उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगी. दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि अनुदान राशि समय पर नहीं मिलने से पंचायतों की विकास योजनाएं प्रभावित होती हैं. उन्होंने 15वें वित्त आयोग के तहत झारखंड की पंचायतों की बकाया राशि जल्द जारी करने की मांग भी राष्ट्रीय मंच पर प्रमुखता से उठाई.

उन्होंने कार्यशाला में यह मुद्दा भी रखा कि पूर्व वित्त आयोगों की अप्रयुक्त राशि के उपयोग को लेकर अब तक स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं हैं. ऐसी स्थिति में नई अनुदान राशि के उपयोग और वितरण में व्यावहारिक कठिनाइयां आ सकती हैं. उन्होंने केंद्र सरकार से इस संबंध में स्पष्ट नीति बनाने की मांग की. मंत्री ने कहा कि झारखंड जैसे राज्यों में पंचायतों की अपनी आय सीमित है. इसलिए परफॉर्मेंस ग्रांट तय करते समय राज्यों की भौगोलिक, आर्थिक और प्रशासनिक परिस्थितियों को ध्यान में रखा जाना चाहिए.

# प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक में आजीविका योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**बरहरवा/साहिबगंज।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) पलाश, बरहरवा के तत्वावधान में शुक्रवार को जेएसएलपीएस सभागार में प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीपीएम फैज आलम ने की। बैठक में गत माह संपादित कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए वित्तीय वर्ष 2026 - 27 के शेष कार्यों की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान छूटी हुई महिलाओं को सखी मंडलों से जोड़ने तथा उन्हें विभिन्न आजीविका योजनाओं का लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया गया। फूलो - झानो आशीर्वाद अभियान के अंतर्गत हड़िया एवं शराब निर्माण में संलग्न महिलाओं को वैकल्पिक आजीविका से जोड़ने के लिए ऋण उपलब्ध कराने की रणनीति तैयार की गई। वहीं समेकित कृषि संकुल के तहत लाइवस्टॉक सर्विस सेंटर, लोकोस एंट्री, बैंक लिंकेज, सीआईएफ, बैंक ऋण पुनर्भुगतान, मुद्रा ऋण, ग्राम संगठन एवं सखी मंडलों की कट-ऑफ एंट्री, तथा डिजिटल आजीविका रजिस्टर में नियमित प्रविष्टि सुनिश्चित करने पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही आर - सेटी में प्रशिक्षण के लिए योग्य अभ्यर्थियों को भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में कृषि विभाग के आत्मा कार्यालय के समन्वय से कृषक गोष्ठी आयोजित करने, मिलेट मिशन के तहत मोटे अनाज के लाभुकों का चयन, पीएम कुसुम योजना तथा मधुमक्खी पालन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की कार्ययोजना भी तैयार की गई। बैठक के अंत में बीपीएम फैज आलम ने सभी क्लस्टरों को वित्तीय वर्ष 2026 - 27 के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं में शत - प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित कर ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण को नई गति प्रदान की जाए। बैठक में आत्मा के बीटीएम अनवारुल अंसारी, ब्लॉक लीड अवनीश कुमार, बीएपी पवन कुमार, सभी सामुदायिक समन्वयक, पीआरपी, डाटा एंट्री ऑपरेटर सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य वित्तीय लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करना तथा ग्रामीण महिलाओं के आजीविका सशक्तिकरण को और अधिक प्रभावी बनाना रहा।

## भीषण गर्मी में नगरवासियों को राहत, बरहरवा नगर पंचायत ने चार स्थानों पर प्याऊ का किया शुभारंभ



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**बरहरवा/साहिबगंज।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए नगर पंचायत बरहरवा की ओर से नगरवासियों एवं राहगीरों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर के प्रमुख स्थानों पर प्याऊ (पेयजल केंद्र) का शुभारंभ किया गया। नगर के हाटपाड़ा, स्टेशन चौक, राजमहल स्टैंड एवं पतना चौक में स्थापित प्याऊ का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्षा अर्पिता दास, उपाध्यक्ष राजकुमार भगत, वार्ड पार्षद अमित कुमार भारती, शिवकुमार भगत, प्रदीप दास, रवि रामानी एवं संतोष गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान राहगीरों, रिक्शा चालकों, मजदूरों और आम नागरिकों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि गर्मी के पूरे मौसम में इन प्याऊ केंद्रों के माध्यम से लोगों को नियमित रूप से शुद्ध शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम में नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मी भी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत की इस पहल की सराहना करते हुए इसे गर्मी के मौसम में जनहित का महत्वपूर्ण कदम बताया।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता इन्यूमरेशन प्रकिया शुरू



**बरहरवा/साहिबगंज।**निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण प्रकिया राज्य भर में शुरू हो चुकी है, प्रत्येक जिले से सभी प्रखंड व नगर पंचायतों में नियमानुसार रक्क्रप्रकिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है जिसके आलोक में शुक्रवार को बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड संख्या-01 में विशेष कैंप लगाकर ग्रामीणों का इन्यूमरेशन फॉर्म भरवाया गया तथा मतदाता सूची को शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने के उद्देश्य से लोगों को आवश्यक जानकारी दी गई।इस अभियान में काँग्रेस के जिला सोशल मीडिया चेयरमैन नेहाल अख्तर,वार्ड संख्या 1 के वार्ड पार्षद के पति बमबम महतो एवं BLA-2 प्रीतम कुमार दास ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए पात्र मतदाताओं से समय पर अपना इन्यूमरेशन फॉर्म भरने एवं मतदाता सूची में सही जानकारी सुनिश्चित करने की अपील की।हलाँकि यह प्रकिया सभी वार्डों एवं प्रखंड के पंचायत स्तर पर तेजी से शुरू हो चुकी है,लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना आवश्यक है।जिसकी पात्रता को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न दस्तावेजों को प्रेषित करने और पूर्ण जानकारी सही सही देने होंगे।जिसकी जानकारी लिखित और मौखित रूप से प्रशिक्षित बीएलओ द्वारा मतदाताओं को दी जायेगीं।ताकि कोई भी अवैध नागरिक मतदाता सूची में न जुटे और मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया जा सके।भारत के प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदान करने का पूर्ण अधिकार है , एसआईआर का मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों में अवैध रूप से मतदान करने और भारत के नागरिकों के हक और अधिकार को छीनने वालो की पहचान करना है ताकि सरकार द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण

**साहिबगंज।**जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त दीपक कुमार दूबे



ने समाहरणालय परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस में सुरक्षित रखी गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, रखरखाव तथा प्रबंधन का गहन जायजा लिया।उपायुक्त ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा और रख-रखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने वेयरहाउस में स्थापित अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं कार्यशीलता, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था तथा अन्य सुरक्षा मानकों का भी अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित कर्मियों को नियमित रूप से प्रशिक्षण प्रदान करने तथा सुरक्षा व्यवस्था की सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए।उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया के लिए ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षित अभिरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए निर्धारित सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाना आवश्यक है।इस अवसर पर अपर समाहर्ता विजय कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी कुमुदिनी टुडू तथा विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे

## दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के मामले में केस दर्ज




**उधवा/साहिबगंज।**राधानगर थाना क्षेत्र के चांदशहर गांव में अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर एक विवाहिता को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने तथा जान से मारने के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर राधानगर थाना पुलिस ने पति, सास और ससुर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के चांदशहर निवासी पीड़िता अंजुमा खातून ने राधानगर थाना में दिए गए लिखित आवेदन में बताया कि लगभग छह वर्ष पूर्व उसका विवाह गांव निवासी मस्कुर शेख के पुत्र तबरेज शेख के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार हुआ था। विवाह के समय उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज देकर बेटी की विदाई की थी। वर्तमान में दंपति के दो बच्चे भी हैं। पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद उसके पति तबरेज शेख, ससुर मस्कुर शेख तथा सास सुलेखा बीबी अतिरिक्त दो लाख रुपये दहेज की मांग करने लगे। विरोध करने पर उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया तथा दहेज नहीं मिलने पर पति की दूसरी शादी कराने की धमकी भी दी जाती थी। वही आरोप है कि 23 जून की रात खाना खाने के बाद जब वह अपने कमरे में सो रही थी, तभी तीनों आरोपित कमरे में घुस आए और उसके मुंह में गमछा ठूंसकर जान से मारने का प्रयास किया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपित उसे छोड़ दिया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि इसके बाद उसे घर से धक्का देकर निकाल दिया गया। उसने आवेदन में पूर्व में भी कई बार प्रताड़ित किए जाने का उल्लेख किया है।राधानगर थाना पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर कांड संख्या 233/26 के तहत पति, सास एवं ससुर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

## लाखों की चोरी मामले में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज,छानबीन में जुटी पुलिस

**उधवा/साहिबगंज।** राधानगर थाना क्षेत्र के राधानगर गांव में चोरों ने एक बंद घर से करीब 21 लाख रुपये के सोने के आभूषण तथा 3.55 लाख नकद सहित कुल लाखों की संपत्ति की चोरी कर ली। जानकारी के अनुसार राधानगर के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक स्वर्गीय छेदी शर्मा के बंद आवास में अज्ञात चोरों ने लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता सीमा शर्मा ने थाना में दिए गए लिखित आवेदन में बताया कि वह 15 मई को अपनी पुत्री को परीक्षा दिलाने के लिए दिल्ली गई थीं। उनके दिल्ली जाने के बाद घर में उनकी माता उर्मिला कर्मकार, बड़ी बहन ऊषा भास्कर तथा मंझली बहन उमा दत्ता रह रही थीं। 25 जून की सुबह तीनों अपने-अपने घर चली गईं, जिसके बाद 25 जून से 1 जुलाई तक मकान पूरी तरह बंद रहा। उन्होंने बताया कि 2 जुलाई को जब वह अपनी पुत्री के साथ दिल्ली से वापस लौटीं तो घर का मुख्य दरवाजा, बक्सों और अलमारी के ताले टूटे मिले। घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि अलमारी और बक्सों में रखे करीब 21 लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवरात तथा ?3.55 लाख नकद गायब थे। इसके बाद उन्होंने तत्काल राधानगर थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही राधानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। पीड़िता के आवेदन के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाना कांड संख्या 236/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## दहेज प्रताड़ना मामले में नामजद अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**साहिबगंज।** मुफ्फसिल थाना पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के एक मामले में कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 39/26, दिनांक 10 अप्रैल 2026, के तहत दर्ज मामले में पुलिस ने प्राथमिक अभियुक्त संजय यादव (पिता- राजेंद्र यादव), निवासी जयंती ग्राम महादेवगंज, थाना मुफ्फसिल, जिला साहिबगंज को गिरफ्तार किया। उक्त मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 85, 109(1), 3(5) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत दर्ज है।पुलिस ने अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके तहत सदर अस्पताल में उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। इसके बाद अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है।

# शिक्षकों ने सेवानिवृत्त डीईओ को दी सम्मानपूर्ण विदाई, नई डीएसई का किया स्वागत

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**साहिबगंज।** पुलिस लाइन स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में शिक्षकों एवं सहायक अध्यापक संगठन, साहिबगंज की ओर से सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ दुगार्नंद झा को भावभीनी विदाई दी गई। वहीं नवपदस्थापित जिला शिक्षा अधीक्षक ऊर्मिला हांसदा का अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। साथ ही पूर्व जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष को भी सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त शिक्षक भिखारी साह, जंग बहादुर ओझा एवं विधुनाथ आचार्य ने शिक्षा के क्षेत्र में अधिकारियों के योगदान की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए उनके कार्यकाल में कई सकारात्मक पहल की गईं। उन्होंने सेवानिवृत्त जिला शिक्षा पदाधिकारी के स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना करते हुए नवपदस्थापित जिला शिक्षा अधीक्षक ऊर्मिला हांसदा के सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्रीमती रानी झा ने किया। इस अवसर पर विकास चौधरी,अशोक साह, विभीषण पासवान, चंदन सिंह, जितेंद्र दूबे, मनीष कुमार, मनोहर शर्मा, सुबोध कुमार झा, अनमोल झा, संजय तिवारी, रमेश कुमार झा,प्रदीप कुमार ओझा,सहित जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के कर्मचारी, जिला शिक्षा परियोजना कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी तथा बड़ी संख्या में शिक्षक एवं सेवानिवृत्त शिक्षक उपस्थित रहे। अंत में सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# बी.एस.के. कॉलेज में विषय हटाने पर एनएसयूआई का विरोध, बहाली नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**बरहरवा/साहिबगंज।** बी.एस.के. महाविद्यालय, बरहरवा में स्नातक (यूजी) सत्र 2026 - 30 के नामांकन पोर्टल से कई विषय हटाए जाने के विरोध में शुक्रवार को एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। एनएसयूआई कॉलेज अध्यक्ष सोयेब अख्तर के नेतृत्व में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य के माध्यम से सिद्धू - कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू को ज्ञापन सौंपकर हटाए गए विषयों को तत्काल पोर्टल पर पुनः बहाल करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि स्नातक सत्र 2026 - 30 की नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, लेकिन बी.एस.के. महाविद्यालय में वर्षों से संचालित उर्दू, संस्कृत, मनोविज्ञान, श्रम एवं समाज कल्याण (एलएसडब्ल्यू) तथा दर्शनशास्त्र जैसे प्रमुख विषय आवेदन पोर्टल से हटा दिए गए हैं। इन विषयों में पूर्व वर्षों में बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएं नामांकन लेते रहे हैं। बिना किसी पूर्व सूचना या स्पष्ट कारण के इन्हें हटाए जाने से सैकड़ों विद्यार्थियों के भविष्य पर संकट उत्पन्न हो गया है। एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि छात्रों के हित को देखते हुए इन सभी विषयों को तत्काल पोर्टल पर पुनः जोड़ा जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो छात्रों के हित में आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। कॉलेज अध्यक्ष सोयेब अख्तर ने कहा कि बिना किसी पूर्व सूचना के विषयों को हटाना विश्वविद्यालय प्रशासन की मनमानी को दशार्ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों और स्थानीय भाषाओं से जुड़े विषयों को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक ओर क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने की बातें की जाती हैं, वहीं दूसरी ओर व्यवहारिक स्तर पर इन्हें खत्म करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने सरकार से इस गंभीर मामले में हस्तक्षेप कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने की मांग की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सत्यम यादव, कॉलेज सचिव वसीम अकरम, फारिकुल इस्लाम, एनएसयूआई सदस्य शिवम कुमार, मुबारक शेख, छात्र सांझला मुर्मू, आदिल अहमद, अंकित शाह सहित अन्य छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

## वार्ड-03 में करीब 10 लाख की लागत से पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**बरहरवा/साहिबगंज।** बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या - 03 में विकास कार्यों को गति देते हुए ओम प्रकाश गुप्ता के घर से मीना गुप्ता के घर तक गली में लगभग 9,99,100 रुपये की प्राक्कलित लागत से बनने वाली पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण योजना का विधिवत शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में नगर पंचायत की अध्यक्षा अर्पिता दास, उपाध्यक्ष राजकुमार भगत, वार्ड पार्षद अमित कुमार भारती, पूर्व नगर अध्यक्ष श्यामल दास सहित दिलीप डोकानिया, रिंकू डोकानिया, कमलजीत शर्मा, अजय गुप्ता, मुजम्मिल शेख, रवि रक्षित, संतोष झा एवं अन्य गणमान्य लोग और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सड़क एवं नाली निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा जलजमाव की समस्या से भी राहत मिलेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे भी निरंतर कराया जाएगा। स्थानीय लोगों ने योजना के शिलान्यास पर खुशी जताते हुए जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जिला स्तरीय 65वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर 17 बालक वर्ग में बरहरवा बना विजेता वहीं बोरियो बना उपविजेता

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**साहिबगंज।**जिला शिक्षा परियोजना, साहेबगंज द्वारा जिला स्तरीय 65वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के अंडर 17 बालक वर्ग का आयोजन सिदो कान्हु स्टेडियम साहेबगंज में दूसरे दिन किया गया जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों की टीमों ने भाग लिया एवं शानदार खेल भावना का परिचय दिया।नाक आउट प्रतियोगिता के प्रथम चरण में पतना टीम को विजयी घोषित किया गया।दूसरे मुकाबलों में उधवा एवं बोरियो के बीच हुए मैच में बोरियो ने 1-0 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। तीसरे मैच बरहेट एवं तालझारी के बीच हुए मुकाबले में बरहेट विजयी रही। चौथे मैच बरहरवा एवं मंडरो में बरहरवा ने जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार टीमें रहीं – बोरियो, पतना, बरहेट और बरहरवापहला सेमीफाइनल पतना एवं बोरियो के बीच खेला गया, जिसमें बोरियो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल बरहेट एवं बरहरवा के बीच हुआ, जिसमें बरहरवा ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।फाइनल मुकाबला बोरियो एवं बरहरवा के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में बरहरवा टीम विजेता बनी, जबकि *बोरियो टीम उपविजेता बनी।

**वहीं पतना की टीम तीसरे स्थान पर रही।**

इस मौके पर जिला खेल प्रभारी सबनम तबस्सुम , खेल शिक्षक बीरेंद्र कुमार,आदित्य कुमार,लूसी कुमारी ,राकेश कुमार,संजय सिंहा,चंद्रकांत गौतम,दीपक सिंह,धणीकांत, पाउलुष सोरेन, बाबूराम सरकार,खुर्शीद आलम, दिवाकर दुबे,सुजीत मल्लिक, सुनील किस्कू ,मेरी अन्ना, मीरु सोरेन,बमबम कुमार, मुख्य रेफरी अनिल टुडू, एथलेटिक्स कोच योगेश यादव समेत अन्य आदि मौजूद रहे। 04 जुलाई को बालक अंडर 15 वर्ष के मैच खेले जाएंगे।

## परिवहन कार्यालय साहेबगंज की बड़ी पहल: जिला परिवहन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार तालझारी में दो दिवसीय ड्राइविंग लाइसेंस कैंप संपन्न

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**साहिबगंज।** तालझारी प्रखंड परिसर में आयोजित दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय ड्राइविंग लाइसेंस कैंप और सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के वाहन चालकों को उनके घर के नजदीक ही लाइसेंस की सुविधा उपलब्ध कराना और उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था।मोटरयान निरीक्षक कुमार उत्कर्ष एवं अभिषेक मुंडा ने कहा कि दो दिनों तक चले इस विशेष कैंप में स्थानीय युवाओं और वाहन चालकों में भारी उत्साह देखा गया। कैंप के दौरान नियमों के सरलीकरण और त्वरित प्रक्रिया के कारण कुल 100 से अधिक चालकों ने ड्राइविंग लाइसेंस के लिए अपने आवेदन जमा किए।लाइसेंस कैंप के साथ-साथ परिसर में प्रखंड अंचलाधिकारी राम सुमन प्रसाद के द्वारा वृहद सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान भी चलाया गया। इस दौरान उपस्थित सड़क सुरक्षा योद्धा प्रजापति प्रकाश बाबा और सड़क सुरक्षा योद्धा ने लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ओवरस्पीडिंग न करने और नशे में वाहन न चलाने की शपथ दिलाई।इस दो दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों की संख्या में स्थानीय वाहन चालक उपस्थित थे, जिन्हें यातायात नियमों की मार्गदर्शिका और पंपलेट भी बांटे गए। अंचलाधिकारी ने परिवहन विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कैंपों से न केवल बिना लाइसेंस गाड़ी चलाने वालों पर रोक लगेगी, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

# डीसी ने नगर निकायों के विकास कार्यों की समीक्षा कर समयबद्ध क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**

**मेदिनीनगर (पलामू)** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिले के विभिन्न नगर निकायों द्वारा संचालित विकास योजनाओं एवं नागरिक सुविधाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेदिनीनगर नगर निगम सहित विभिन्न नगर परिषद एवं नगर पंचायतों में संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया।समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में संचालित एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) योजना, बड़ा तालाब की अद्यतन स्थिति तथा




तालाबों की नियमित साफ-सफाई के लिए पॉन्ड क्लीनिंग मशीन के क्रय की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया।बैठक में शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के लिए प्रस्तावित स्थलों के संबंध में कराए गए सर्वे की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सर्वे रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकता वाले स्थानों को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बारिश के मौसम को देखते हुए उपायुक्त ने मेदिनीनगर शहर में जलजमाव की समस्या पर विशेष चिंता व्यक्त की। उन्होंने सहायक नगर आयुक्त को शहर के जलजमाव वाले स्थलों का विस्तृत सर्वे कराने तथा सर्वे रिपोर्ट के आधार पर स्थायी समाधान हेतु कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि भविष्य में जलजमाव की समस्या से आम नागरिकों को राहत मिल सके।बैठक के दौरान जुडको द्वारा संचालित योजनाओं, शहरी जलापूर्ति, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, अघोर आश्रम स्थित शहरी आवास योजना, वार्ड-23 में निमार्णाधीन इंडोर स्टेडियम, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई, होल्डिंग एवं प्रॉपर्टी टैक्स वसूली, सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, एफएसटीपी, पार्क निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में सहायक समाहर्ता ऋत्विक मेहता,सहायक नगर आयुक्त, विभिन्न नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी तथा अर्बन लोकल बॉडी से जुड़े संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## शराब घोटाला मामले में पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव और उनके बेटे को ईडी का समन




**रांची।** झारखंड के कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व वित्त मंत्री और लोहरदगा विधायक रामेश्वर उरांव और उनके बेटे रोहित उरांव को दोबारा समन जारी किया है। अधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि ईडी ने दोनों को 06 और 07 जुलाई को रांची स्थित अपने क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा है।इससे पहले ईडी ने दोनों को 29 और 30 जून को समन किया था, लेकिन वे पूछताछ में शामिल नहीं हो सके थे। दोनों ने एजेंसी से अतिरिक्त समय की मांग करते हुए मामले से संबंधित दस्तावेज तैयार करने के लिए मोहलत देने का अनुरोध किया था। इसके बाद ईडी ने नई तारीख तय करते हुए दोबारा समन जारी किया है।

## 1 अगस्त को बलियापुर प्रखंड में विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा

**झारखंड में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना हुआ आसान,**

**बलियापुर/धनबाद।** झारखंड में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया को आम लोगों के लिए और आसान बनाने के उद्देश्य से धनबाद जिले के विभिन्न प्रखंडों में विशेष ड्राइविंग लाइसेंस कैंप आयोजित किए जा रहे है। 1 अगस्त बलियापुर प्रखंड कार्यालय में होगी।इन कैंपों में नागरिक आसानी से लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकेंगे। इच्छुक आवेदकों को पहले सारथी पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर स्लॉट बुक करना होगा। इसके बाद निर्धारित तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ कैंप में उपस्थित होकर आवेदन प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी।आवेदन के लिए जन्मतिथि प्रमाण (आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पैन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र), ब्लड ग्रुप प्रमाण पत्र, तीन पासपोर्ट आकार के फोटो तथा 40 वर्ष से अधिक आयु के आवेदकों के लिए मेडिकल सर्टिफिकेट साथ लाना अनिवार्य है ।

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में दायित्वों का निर्वहन करें अधिकारी : के रवि कुमार



**रांची।** झारखंड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शुक्रवार को निर्वाचन सदन से राज्य के सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, उप निर्वाचन पदाधिकारियों और बीएलओ सुपरवाइजरों के साथ ऑनलाइन माध्यम से गूगल मीट के माध्यम से बैठक की।बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ की ओर से गणना प्रपत्र भरवाए जाने और इसके डिजिटाइजेशन से संम्बंधित सभी शंकाओं एवं पृच्छा को पीपीटी के माध्यम से बताया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कुमार ने कहा कि बीएलओ की ओर से घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र दिया जा रहे हैं। इसके साथ साथ इसे डिजिटाइजेशन के भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एसआईआर के कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि एक भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची में अपन नाम जुड़वाने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता जो 2026 के मतदाता सूची में शामिल हैं उनके नाम से गणना प्रपत्र के 02 कॉपी छपेंगे और प्रत्येक मतदाता जो अपना गणना प्रपत्र भरकर एवं हस्ताक्षर कर अपने बीएलओ या ऑनलाइन माध्यम से जमा करेंगे उनका नाम 05 अगस्त के मतदाता सूची के ड्राफ्ट पब्लिकेशन में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी क्षेत्र में कार्य कर रही बीएलओ का सहयोग करें और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में दिए गए दायित्वों का निर्वहन करें।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि कार्यालय की ओर से मतदाताओं और निर्वाचन के विभिन्न स्टेकहोल्डर की ओर से पूछे जाने वाले सामान्य प्रश्नों एवं जागरूक करने के लिए सामान्यतः पूछे जाने वाले प्रश्नों की सीरीज जारी किए गए हैं। इस सीरीज के तहत सभी सामान्य प्रश्नों और उत्तरों के माध्यम से पदाधिकारी मतदाताओं के बीच उठने वाले शंकाओं का निवारण करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से जल्द ही इसकी तीसरी सीरीज भी जारी की जाएगी।इस अवसर पर राज्य ट्रेनिंग नोडल देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित निर्वाचन विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय 65वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**चुन्नीलाल उच्च विद्यालय व मध्य विद्यालय लोहरदगा बने विजेता**



**लोहरदगाः** झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के तत्वावधान में शुक्रवार को डायट परिसर, चिरी के खेल मैदान में जिला स्तरीय दो दिवसीय 65वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता-2026 का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखंडों की प्रखंड स्तरीय विजेता टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अभिजीत कुमार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। फुटबॉल जैसे खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना और लक्ष्य के प्रति समर्पण सिखाता है तथा वर्तमान समय में खेलों में भी बेहतर करियर की व्यापक संभावनाएं हैं।प्रतियोगिता के पहले दिन जूनियर वर्ग के अंडर-17 बालक एवं बालिका मुकाबलों का आयोजन किया गया, जबकि दूसरे दिन अंडर-15 बालक एवं अंडर-12 बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।फाइनल मुकाबले के अंडर-17 बालकः राजकीयकृत प्लस टू चुन्नीलाल उच्च विद्यालय, लोहरदगा ने राजकीय बुनियादी विद्यालय, सेन्हा को 2-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया।अंडर-15 बालकः राजकीयकृत मध्य विद्यालय, लोहरदगा ने राजकीयकृत प्लस टू डॉ. अनुग्रह नारायण उच्च विद्यालय, कैरो को रोमांचक मुकाबले में 4-3 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता के समापन पर जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार ने विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को भी पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में क्षेत्र प्रबंधक आकाश कुमार, बीपीओ ओम प्रकाश, राम विजय खलखो, शारीरिक शिक्षक पंकज कुमार, अमन कुमार, विपिन कुमार लकड़ा, जीतेंद्र मित्तल, श्याम बिहारी महतो, रश्मि खेस, डॉ. संतोष टोप्पो, विशाल संदीप कुजूर, रामरती प्रजापति, खुशबू कुमारी, संजय उरांव, सारु उरांव, उर्सला कुजूर, मोहित मुकेश, ज्ञान प्रकाश कुजूर, दुर्गा प्रजापति, गंगाधर महतो, बिपिन कुजूर, अंजना खलखो, रंजू साहू, नीलिमा टेटे सहित अनेक शारीरिक शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शनिवार, 4 जुलाई को प्रतियोगिता के दूसरे दिन सब जूनियर वर्ग के अंडर-15 बालक एवं अंडर-12 बालिका वर्ग के फुटबॉल मुकाबले खेले जाएंगे।

## सीआरपी-बीआरपी का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**लोहरदगाः** झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में जिले के कार्यरत सीआरपी (क्लस्टर रिसोर्स पर्सन) एवं बीआरपी (ब्लॉक रिसोर्स पर्सन) के लिए दो दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन 3 एवं 4 जुलाई 2026 को डाइट परिसर, चिरी में किया जा रहा है।प्रशिक्षण का उद्देश्य ई-विद्या वाहिनी आधारित अनुश्रवण प्रणाली को सुदृढ़ करना तथा आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) के प्रभावी मूल्यांकन के लिए प्रतिभागियों की क्षमता का विकास करना है। इसमें जिले के सभी सीआरपी एवं बीआरपी भाग ले रहे हैं।प्रशिक्षण का संचालन केआरपी एवं मास्टर ट्रेनरों द्वारा किया जा रहा है। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में गौरव पांडेय, मुकेश कुमार (शिक्षक) तथा एसपीएम की प्रोजेक्ट लीड सुश्री अपूर्वा मिश्रा प्रशिक्षण दे रहे हैं। वहीं झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा की जेंडर कोऑर्डिनेटर सपना सिंह भी प्रशिक्षण में विशेष रूप से उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण के प्रथम दिन एफएलएन के अंतर्गत संतुलित साक्षरता पद्धति के घटक, पाठ योजना आधारित शिक्षण, पुस्तकालय एवं पठन गतिविधियां, कक्षा 1 एवं 2 की हिंदी और गणित की पाठ्यपुस्तकों के प्रभावी उपयोग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2022 के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में संजय कुमार, सीमा शर्मा, निशांत कुमार, अंबिका शरण पाण्डेय, हेमंत पाण्डेय, मीना कुमारी, त्रिसंध्या प्रजापति, जितेन्द्र मित्तल, दीनबंधु डे, संजीव कुमार, धर्मेंद्र सोनी, उपेंद्र नाथ ठाकुर, संतोष कुमार, श्याम सिंह, अनंत शर्मा सहित जिले के सभी बीआरपी एवं सीआरपी उपस्थित थे।

# रामगढ़ पुलिस ने लूटकांड का किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार, लूटी गई बाइक व मोबाइल बरामद

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**




**मेदिनीनगर/रामगढ़।** पलामू जिले की रामगढ़ पुलिस ने बाइक और मोबाइल लूटकांड का सफल उद्भेदन करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई स्प्लेंडर प्लस बाइक, वीवो मोबाइल सहित घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक और अन्य सामान बरामद किया है।पुलिस के अनुसार, बेनीडीह गांव के कबरा बथान निवासी सूरजदेव भुईयां ने 23 जून 2026 को रामगढ़ थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 22 जून की शाम करीब 8 बजे सरहुआ से अपने घर लौटने के दौरान तिनकोनिया मोड़ के पास बाइक सवार तीन अज्ञात युवकों ने उनका पीछा कर रास्ता रोक लिया। इसके बाद मारपीट कर उनकी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (JH14P-5442) और वीवो कंपनी का मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर रामगढ़ थाना कांड संख्या 21/26 दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पहले चंदन कुमार को गिरफ्तार किया, जिसके पास से लूटा गया मोबाइल और घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल (JH03AU-5407) बरामद हुई। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने अक्षय कुमार रजक और अंकुर कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर लूटी गई स्प्लेंडर बाइक चैनपुर थाना क्षेत्र के भड़गांव स्थित एक रिश्तेदार के घर से बरामद की गई। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया खिलौना पिस्टल, चार मोबाइल फोन, लूटी गई बाइक का नंबर प्लेट, दोनों लुकिंग ग्लास, एक प्लास, एक स्क्रू ड्राइवर और दो रिंच भी जब्त किए हैं। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## सेंट जेवियर कॉलेज में 100 फलदार पौध-वितरण

**रांची**-सेंट जेवियर कॉलेज में पुरुलिया रोड में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने की बात पर शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में रांची नगर निगम के उप नगर आयुक्त और सहायक नगर आयुक्त का विशेष सहयोग रहा। नगर निगम और प्रिज्मोलॉइन के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राओं के बीच 100 फलदार पौधों का वितरण किया गया। इसके साथ ही प्रिज्मोलॉइन और 1/3 कंपनी एनसीसी ने पर्यावरण संरक्षण पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार में प्रिज्मोलॉइन के मैनेजिंग डायरेक्टर ऋषभ सिंघानिया ने पर्यावरण के गिरते स्तर और ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर समस्याओं पर चिंता व्यक्त की।उन्होंने कहा कि आज के समय में पेड़ सिर्फ हरियाली के लिए नहीं, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व को बचाने के लिए जरूरी हैं। धरती के बढ़ते तापमान को रोकने और आने वाली पीढ़ी को शुद्ध हवा व पानी देने का एकमात्र उपाय बड़े पैमाने पर पौधारोपण करना है। मौके पर सेंट जेवियर कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल डॉ फादर अजय मिंज (एसजी) ने कहा कि यदि आज हम जागरूक नहीं हुए, तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। सेमिनार में सैकड़ों छात्र-छात्राओं को पर्यावरण को सुरक्षित रखने से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं, साथ ही पर्यावरण की रक्षा के प्रति सभी विद्यार्थियों को संकल्प दिलाते हुए शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम में प्रिज्मोलॉइन के मैनेजिंग डायरेक्टर ऋषभ सिंघानिया, डायरेक्टर (एचआर एंड एडमिन) स्नेहा सिंघानिया, एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट मोनिका सोनी, सेंट जेवियर कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल डॉ फादर अजय मिंज (एसजी), एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ प्रिया श्रीवास्तव सहित बडी संख्या में छात्र-छात्राएं और अन्य लोग मौजूद थे।

## वत्तीय अनुशासन में झारखंड ने मारी बाजी, नीति आयोग के राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक में बना अचीवर

**रांची।** नीति आयोग की ओर से वर्ष 2026 में जारी वित्तीय वर्ष 2023-24 के राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (फिस्कल हेल्थ इंडेक्स ) में झारखंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश के टॉप 03 राज्यों में अपनी जगह बनाई है। राज्य को अचीवर श्रेणी में शामिल किया गया है, जहां उसने ओडिशा और गोवा जैसे राज्यों के साथ मजबूती से स्थान हासिल की है।झारखंड की इस उपलब्धि के पीछे मजबूत वित्तीय अनुशासन, संसाधन जुटाने की क्षमता और संतुलित खर्च प्रबंधन प्रमुख कारण रहे हैं। राज्य ने अपने कुल राजस्व में टैक्स से होने वाली आय का हिस्सा 60 प्रतिशत से अधिक बनाए रखते हुए रेवेन्यू मोबिलाइजेशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। साथ ही नॉन-टैक्स रेवेन्यू बढ़ाने के प्रयास भी सफल रहे हैं।वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में भी झारखंड ने समझदारी का परिचय दिया है। राज्य ने अपने फिस्कल डेफिसिट को सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के निर्धारित 03 प्रतिशत से नीचे बनाए रखा, जो वित्तीय अनुशासन का स्पष्ट संकेत है।विकासोन्मुखी खर्च पर ध्यान देते हुए राज्य सरकार ने कैपिटल एक्सपेंडिचर को जीएसडीपी के लगभग 04 से 05 प्रतिशत के स्तर पर बनाए रखा है, जिससे आधारभूत संरचना और दीर्घकालिक विकास को मजबूती मिली है।इसके अलावा, झारखंड ने कर्ज प्रबंधन में भी संतुलन बनाए रखा है। राज्य का कुल कर्ज जीएसडीपी के 25 प्रतिशत से कम है और ब्याज भुगतान का बोझ भी नियंत्रित रखा गया है, जो वित्तीय स्थिरता का प्रमाण है।विशेषज्ञों का मानना है कि झारखंड का यह प्रदर्शन न केवल राज्य की वित्तीय सुदृढ़ता को दशार्ता है, बल्कि आने वाले वर्षों में विकास की मजबूत नींव भी तैयार करता है। यह जानकारी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई है।

# ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने धीरज साहू व उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

## सुरक्षित व व्यवस्थित परिवहन की उठाई मांग

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**लोहरदगाः** लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने एसोसिएशन के संरक्षक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, लोहरदगा के उपायुक्त तथा जिला खनन कार्यालय में डीएमओ की अनुपस्थिति में खान निरीक्षक को ज्ञापन सौंपकर जिले में सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।ज्ञापन में एसोसिएशन ने कहा कि दुर्घटना किसी से भी हो सकती है, लेकिन लापरवाही किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। संगठन ने लोहरदगा शहर में बढ़ते यातायात दबाव और लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए बाईपास सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की। एसोसिएशन ने डीएमओ द्वारा लागू उस व्यवस्था पर भी आपत्ति जताई, जिसमें पाखर से आने वाले ट्रकों को 30 मिनट और नेतरहाट पठार क्षेत्र के अमतीपानी, कुजाम, चिरोड़ीह आदि माइंस से आने वाले ट्रकों को चार घंटे के भीतर माल खाली करने का निर्देश है। संगठन का कहना है कि घाटी, बाजार, हाट, जुलूस, धरना, मेला, धार्मिक आयोजन, वीआईपी मूवमेंट, नो-एंट्री, रोड जाम, वन जांच चौकियों और वाहन खराब होने जैसी परिस्थितियों के कारण यह समय-सीमा व्यावहारिक नहीं है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ती है। एसोसिएशन ने नो-एंट्री व्यवस्था में भी सुधार की मांग करते हुए कहा कि सेन्हा और शंख नदी क्षेत्र में एक साथ बड़ी संख्या में ट्रक छोड़ने के बजाय प्रति घंटे 10 से 20 वाहनों को चरणबद्ध तरीके से छोड़ा जाए, ताकि शहर में जाम की स्थिति न बने। हिंडाल्को के हेसल प्लांट का मुद्दा उठाते हुए संगठन ने कहा कि पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण ट्रकों को कई-कई दिनों तक सड़क किनारे खड़ा रहना पड़ता है, जिससे चालक-खलासी और आम लोग दोनों परेशान होते हैं। एसोसिएशन ने दोहराया कि पार्किंग की व्यवस्था होने तक हेसल साइडिंग के लिए ट्रकों का परिचालन बंद रहेगा। साथ ही समझौते के अनुरूप ट्रिप नहीं मिलने पर डिटेंशन चार्ज (हजार्ना) देने की भी मांग की गई। ज्ञापन में शहर में नाबालिगों द्वारा स्कूटी और बाइक पर ट्रिपल राइडिंग पर सख्ती से रोक लगाने, सड़क सुरक्षा समिति में ट्रक ऑनर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को शामिल करने तथा 15 वर्ष पुराने व्यावसायिक वाहनों के रोड परमिट संबंधी समस्या का समाधान कराने की भी मांग की गई। एसोसिएशन ने भरोसा दिलाया कि वह लोहरदगा, गुमला और लातेहार जिलों में समय-समय पर सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान चलाएगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई में प्रशासन का सहयोग करेगा। उपायुक्त ने एसोसिएशन से नियमों के अनुरूप परिवहन संचालन में सहयोग की अपील करते हुए आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन आवश्यक कदम उठाएगा। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि परिवहन अवश्य हो, लेकिन पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित हो। उन्होंने जिला प्रशासन से इस विषय पर चर्चा करने तथा हिंडाल्को प्रबंधन से व्यवस्था सुधारने का आग्रह किया, ताकि आम जनता, ट्रक मालिक और परिवहन व्यवसाय–सभी को राहत मिल सके। ज्ञापन सौंपने वालों में एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, सचिव मुंद्रिका यादव, कोषाध्यक्ष अभय कुमार सिंह और उपाध्यक्ष इम्तियाज उर्फ बबलू प्रमुख रूप से शामिल थे। इसके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सड़क सुरक्षा एवं परिवहन संबंधी बैठक में भी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपनी समस्याओं और सुझावों से प्रशासन को अवगत कराया।

## भारतीय स्वर्णकार समाज के गोपाल बने क्षेत्रीय प्रभारी




**रांची।** अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज और ज्वेलर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह स्वर्णकार ने झारखंड प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सोनी को छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल का क्षेत्रीय प्रभारी नियुक्त किया है। इसकी जानकारी झारखंड प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील पोद्दार ने शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी।पोद्दार ने बताया कि गोपाल प्रसाद सोनी अपने वर्तमान दायित्व के साथ तीनों राज्यों में संगठन के विस्तार, नई इकाइयों के गठन, पदाधिकारियों के समन्वय और स्वर्णकार समाज के हितों से जुड़े कार्यों का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि इस नियुक्ति के बाद झारखंड सहित संबंधित राज्यों के पदाधिकारियों और स्वर्णकार समाज के लोगों ने गोपाल प्रसाद सोनी को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।उन्हें यह जिम्मेदारी झारखंड में संगठन को मजबूत करने, समाज को संगठित करने और सामाजिक हितों के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुए सौंपी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह स्वर्णकार ने नियुक्ति पत्र में विश्वास जताया है कि गोपाल प्रसाद सोनी के अनुभव, नेतृत्व क्षमता और संगठन के प्रति समर्पण से छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भी संगठन को मजबूती मिलेगी। साथ ही स्वर्णकार समाज के उत्थान, सामाजिक एकजुटता और संगठनात्मक विस्तार को नई गति मिलेगी।

# पाकुड़ के होनहार क्रिकेटर प्रियांशु कुमार का अंडर-19 राज्य टीम कैंप के लिए चयन, उपायुक्त ने खेल किट देकर किया सम्मानित

**जिले के खिलाड़ियों के लिए गौरव का क्षण, जिला प्रशासन एवं बीजीआर माइनिंग इंफ्रा लिमिटेड की खेल पहल को मिली नई पहचान**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़:** जिले के उभरते हुए क्रिकेट खिलाड़ी प्रियांशु कुमार का चयन अंडर-19 राज्य स्तरीय क्रिकेट टीम के प्रशिक्षण शिविर के लिए होने पर पूरे जिले में हर्ष का वातावरण है। प्रियांशु, जिला प्रशासन एवं बीजीआर माइनिंग इंफ्रा लिमिटेड के संयुक्त प्रयास से संचालित क्रिकेट प्रशिक्षण केंद्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। उनकी यह उपलब्धि जिले में खेल प्रतिभाओं के निरंतर निखरते स्तर का प्रमाण है। प्रियांशु इस से पूर्व भी झारखण्ड बालक अंडर16 टीम का प्रतिनिधित्व BCCI द्वारा आयोजित विजय मर्चेंट ट्रॉफी मे कर चूके है। राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर 05 जुलाई से 18 जुलाई तक रांची में आयोजित होगा, जिसमें प्रियांशु अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रशिक्षण शिविर के उपरांत चयनित खिलाड़ियों को राज्य टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने प्रियांशु कुमार को खेल किट प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रियांशु राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले एवं राज्य का नाम और अधिक गौरवान्वित करेंगे।इस अवसर पर प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक रणबीर सिंह रानू को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने उनके समर्पण, उत्कृष्ट प्रशिक्षण एवं खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के प्रयासों की सराहना करते हुए आगामी सत्र में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। जिला खेल पदाधिकारी ने भी प्रियांशु को शुभकामनाएं देते हुए पूरे आत्मविश्वास, अनुशासन और मेहनत के साथ प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रियांशु को रांची प्रशिक्षण शिविर के लिए शुभकामनाओं के साथ रवाना किया।

## अवैध महुआ शराब के खिलाफ पुलिस की छापेमारी, 2000 लीटर जावा महुआ नष्ट

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लतारसिका और चेतनसिका गांव में अवैध महुआ शराब के निर्माण और कारोबार के खिलाफ पुलिस और उत्पाद विभाग ने शुक्रवार को संयुक्त अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान दोनों गांवों और आसपास के जंगलों में संचालित पांच अवैध महुआ शराब भट्टियों को ध्वस्त कर दिया गया। इसके अलावा शराब बनाने के लिए तैयार रखा गया करीब 2000 लीटर जावा महुआ मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।यह अभियान मुफस्सिल थाना प्रभारी विनोद कुमार और उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक निर्भय सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की, जहां अवैध रूप से महुआ शराब तैयार की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जा रहे ड्रम, बर्तन, पाइप सहित अन्य उपकरणों को भी जब्त कर नष्ट कर दिया गया।हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही अवैध कारोबार से जुड़े लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी पहचान करने और गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में संबंधित लोगों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।मुफस्सिल थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरती जाएगी।

## गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्रों का राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में चयन



**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय खो-खो चयन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। आयोजित जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता में विद्यालय के कई विद्यार्थियों का विभिन्न आयु वर्गों में चयन हुआ।अंडर-14 बालक वर्ग में सुमित कुमार, गंगाधर महतो, अंकुश कुमार, निखिल कुमार महतो और आर्यन कुमार महतो का चयन किया गया। वहीं अंडर-14 बालिका वर्ग में फलक नाज, नयना कुमारी, आकृति कुमारी एवं दिव्या कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चयनित हुईं। इसके अलावा अंडर-18 बालक वर्ग में अमित कुमार, सुमित कुमार, सत्यम कुमार एवं अर्पित कुमार का चयन हुआ।खूंटी में होने वाली प्रतियोगिता में ये सभी विद्यार्थी रामगढ़ जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही योगा प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रजत पदक (सिल्वर मेडल) प्राप्त किया।प्रतियोगिता में काव्या वर्मा, तृष्णा बोस तथा करमप्रीत सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि के आधार पर तीनों विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। अब ये प्रतिभाशाली खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नेतरहाट जाएंगे।विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। नियमित अभ्यास, अनुशासन और टीम भावना के बल पर विद्यार्थियों ने यह सफलता अर्जित की है।

## राम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है, राजनीति का विषय नहीं₹: चंदन गोयल

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



हिंदू नेता चंदन गोयल ने कहा कि अयोध्या के श्रीराम मंदिर को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर बिना किसी अंतिम जांच रिपोर्ट के राजनीतिक बयानबाजी करना उचित नहीं है। यदि किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता की शिकायत है तो उसकी जांच कानून के अनुसार एस आई टी कर रही है ,लेकिन बिना प्रमाण पूरे मंदिर प्रबंधन या उससे जुड़े लोगों पर सवाल उठाना करोड़ों रामभक्तों की भावनाओं को आहत करता है। उन्होंने कहा कि सांसद सुखदेव भगत का बयान तथ्यों के बजाय राजनीतिक दृष्टिकोण से प्रेरित प्रतीत होता है। यदि उनके पास कोई ठोस साक्ष्य हैं तो उन्हें संबंधित जांच एजेंसियों के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए, ताकि निष्पक्ष जांच हो सके। चंदन गोयल ने कहा कि कानून अपना कार्य स्वतंत्र रूप से करे और जो भी दोषी पाया जाए, उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो। वहीं, जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक किसी को दोषी ठहराना न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि धार्मिक आस्था के विषयों पर संयमित भाषा का प्रयोग करें और ऐसे मुद्दों को अनावश्यक राजनीतिक विवाद का माध्यम न बनाएं।

# आमड़ापाड़ा के मोरियो गांव में डायरिया की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग की सक्रिय पहल

**अमर भगत@ झारखंड उजाला संवाददाता**



**आमड़ापाड़ा :** प्रखंड के मोरियो गांव में डायरिया रोग की रोकथाम एवं जन स्वास्थ्य निगरानी को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्रीय भ्रमण किया। इस दौरान संभावित एवं संदिग्ध डायरिया मामलों की सक्रिय खोज (एक्टिव सर्विलांस) की गई तथा गांव की स्वास्थ्य एवं स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया गया। भ्रमण दल में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. खालिद अहमद, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शिवम कुमार, महामारी विशेषज्ञ डॉ. संजय, जिला डेटा प्रबंधक (DDM) प्रताप कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे।स्वास्थ्य टीम ने गांव में पेयजल स्त्रोतों की गुणवत्ता, स्वच्छता की स्थिति तथा रोग फैलने की संभावनाओं का आकलन किया। ग्रामीणों को सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल का उपयोग करने, भोजन से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ धोने, शौचालय का नियमित उपयोग करने, डायरिया होने पर तुरंत ओआरएस घोल एवं जिंक का सेवन करने तथा किसी भी नए मरीज की सूचना तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र को देने के लिए जागरूक किया गया। टीम ने डायरिया के संभावित प्रसार को रोकने के लिए आवश्यक जनस्वास्थ्य उपायों का निरीक्षण किया और संबंधित दिशा-निर्देशों के प्रभावी अनुपालन पर भी जोर दिया। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की कि डायरिया के लक्षण दिखाई देने पर बिना देरी किए नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान में संपर्क करें, ताकि समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

## उपायुक्त ने चयनित होमगार्ड अभ्यर्थियों को किया आश्वस्त, जल्द होगा डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन



**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने शुक्रवार को होमगार्ड बहाली में चयनित अभ्यार्थियों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही उनके मेडिकल और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।उपायुक्त ने कहा कि प्रक्रिया शुरू करने के लिए राज्य सरकार को पत्र लिखा है। जैसे ही वहां से आदेश प्राप्त होगा और तिथि निश्चित होगी, सभी को सूचित कर, मेडिकल व डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू होगी।उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को जिला प्रशासन की शोर से लिखे गए पत्र की प्रतिलिपि दी। प्रतिमंडलमंडल के सभी सदस्यों ने उसे पढ़ा और पूरी तरह से आश्वस्त हुए।उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन ने बिल्कुल पारदर्शी प्रक्रिया अपनाकर होमगार्ड बहाली की परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न कराई है। आगे की प्रक्रिया भी उसी तरह से संपन्न कराई जाएगी।उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों को किसी भी बिचौलिए के झांसे में नहीं आने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी बिचौलिया किसी भी अभ्यर्थी को राशि लेकर उनका काम कराने का प्रलोभन देता है तो वे सीधे उपायुक्त से संपर्क कर सकते हैं। उपायुक्त ने सभी को किसी भी अफवाह पर भी ध्यान नहीं देने का अनुरोध किया।प्रतिनिधिमंडल में दीपा कुमारी, खुशबू कुमारी, विवेक दुबे व विवेक कुमार मौजूद थे।

## सबिली मस्जिद में नई कमेटी को लेकर हुए बवाल में एक घायल

**धनबाद।** रेलवे स्टेशन के समीप स्थित सबिली मस्जिद में नई कमेटी के गठन को लेकर चल रहा विवाद शुक्रवार को हिंसक झड़प में बदल गया। घटना में नई कमेटी के सदस्य और खुद को मस्जिद की जमीन का मालिक बताने वाले वाजिद खान गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर पर गहरी चोट लगी है। घटना जुमे की नमाज के बाद हुई।घायल वाजिद खान ने आरोप लगाया कि नमाज के दौरान मौलाना की ओर से लोगों को उकसाने के बाद उन पर हमला कराया गया। उन्होंने निसार खान के पुत्र सहजान खान पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। वाजिद खान का यह भी दावा है कि हमले के दौरान मस्जिद परिसर में उनके कमरे से करीब डेढ़ लाख रुपये नकद और लगभग चार लाख रुपये मूल्य के सामान की चोरी भी कर ली गई।वाजिद खान के अनुसार, एक अप्रैल को वक्फ बोर्ड और कल्याण विभाग ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कोर्ट के आदेश के आधार पर 11 सदस्यीय नई कमेटी को मस्जिद का प्रबंधन सौंपा था। उस समय भी नई कमेटी का विरोध हुआ था, लेकिन प्रशासन की मौजूदगी में कमेटी को जिम्मेदारी दी गई थी।उन्होंने बताया कि वह पिछले 40 वर्षों से मस्जिद की जमीन की मालगुजारी भरते आ रहे हैं और कोर्ट के फैसले के बाद नई कमेटी को जिम्मेदारी मिली है। उनका आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर उन पर हमला कराया गया।घटना की सूचना मिलने पर धनबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। थाना प्रभारी मनोज पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच के बाद आगे की कार्रवाई करेगी।

# सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने 65 वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का किया भव्य शुभारंभ, खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**बलियापुर/धनबाद।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तत्वावधान में आयोजित प्रखण्ड स्तरीय 65 वीं सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक चंद्रदेव महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विधिवत रूप से खेल का शुभारंभ कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

खेलभावना और अनुशासन पर दिया जोर

मुख्य अतिथि माननीय विधायक चंद्रदेव महतो ने मैदान पर उतरकर सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से परिचय प्राप्त किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। विधायक जी ने कहा, ₹खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सबसे सशक्त माध्यम है। ऐसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण और प्रखण्ड स्तर की नई खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें आगे बढ़ने का एक बेहतरीन मंच प्रदान करती हैं।

शिक्षा के साथ खेल भी जीवन का अहम हिस्सा

विधायक जी ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जितना जरूरी जीवन में शिक्षा और पढ़ाई-लिखाई है, उतना ही महत्वपूर्ण स्थान खेल का भी है। खेल हमारे जीवन का एक बड़ा अंग है। उन्होंने सभी बच्चों को प्रतिदिन अनुशासन के दायरे में रहकर खेलने की सलाह दी, ताकि वे मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ रह सकें। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि खिलाड़ी चाहे शिक्षा का मैदान हो या खेल का मैदान, हर जगह खूब मेहनत करें और आगे बढ़ें।गरिमापूर्ण रही गणमान्य लोगों की उपस्थितिइस गौरवपूर्ण अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी, जिला परिषद सदस्य उषा महतो और उप प्रमुख आशा देवी उपस्थित रहीं। मौके पर हीरालाल मोदक विधायक प्रतिनिधि एवं इसके साथ ही क्षेत्र के अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, विभिन्न स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं और भारी संख्या में खेलप्रेमी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।सभी अतिथियों ने भी खिलाड़ियों की प्रतिभा की सराहना की और इस सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी।

## प्रमंडलीय अध्यक्ष नियुक्त होने पर कृष्णा ने जयराम से की मुलाकात

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रांची।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद शुक्रवार को कृष्णा चिक बड़ाइक ने शुक्रवार को तोपचांची स्थित आवासीय कार्यालय में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो से मुलाकात की। इस दौरान संगठन के विस्तार, भावी रणनीति और राजनीतिक गतिविधियों को लेकर चर्चा हुई।मौके पर पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो ने कहा कि पार्टी संपूर्ण सामाजिक समरसता के सिद्धांत पर आगे बढ़ रही है। सभी जाति, वर्ग और समुदाय के सहयोग से झारखंड के अधिकार, सम्मान और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने पर जोर दिया।वहीं कृष्णा चिक बड़ाइक ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशों और पार्टी की विचारधारा के अनुरूप रांची, गुमला, खूंटी, लोहरदगा और सिमडेगा जिलों में संगठन को मजबूत करने, नए पदाधिकारियों को जोड़ने और जन-जन तक पार्टी की नीतियां पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने संगठन को पारदर्शी और जनोन्मुख बनाने की प्रतिबद्धता भी दोहराई।मौके पर संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों ने भी संगठनात्मक मजबूती पर विचार-विमर्श किया।बैठक में लक्की रामू राज, बजरंग महतो, प्रदीप कुमार महतो, खुदीराम महतो, मदन कुशवाहा, केसी मेहता सहित अन्य उपस्थित थे।

# पाकुड़ पुलिस को बड़ी सफलता: एक सप्ताह में दो चोरी कांडों का खुलासा, अंतरराज्यीय गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़:** नगर थाना क्षेत्र के सिंधीपाड़ा में बंद पड़े दो घरों में हुई चोरी की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने महज एक सप्ताह के भीतर खुलासा कर दिया है। इस मामले में पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के रहने वाले अंतरराज्यीय चोरी गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण, लैपटॉप, कांसा के बर्तन, नगद समेत अन्य सामान तथा चोरी में प्रयुक्त औजार भी बरामद किए गए हैं।पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि 28/29 जून की रात नगर थाना क्षेत्र के सिंधीपाड़ा स्थित दो बंद घरों का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोना-चांदी के आभूषण, एक लैपटॉप, कांसा के बर्तन, नकदी एवं अन्य कीमती सामान की चोरी कर ली थी। पीड़ितों के आवेदन के आधार पर नगर थाना में कांड संख्या 159/2026 एवं 160/2026 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार गौरव के नेतृत्व में विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया गया। टीम ने मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के भीतर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जायदुल शेख उर्फ लठ्ठो शेख (35), शरीफ शेख उर्फ मिठु शेख (32), इशा शेख उर्फ मोहम्मद इशा शेख (28) तथा रोयस मिर्जा (38) के रूप में हुई है। सभी आरोपी पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के कालियाचक थाना क्षेत्र के निवासी हैं।पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर करीब 7.06 ग्राम गला हुआ सोना, 97.620 ग्राम गली हुई चांदी, एक यामाहा आर-15 मोटरसाइकिल, डेल कंपनी का लैपटॉप, कांसा के बर्तन, पुराने नोट एवं सिक्के, चोरी के दौरान चेहरा ढंकने में इस्तेमाल किए गए दो गमछे, एक बेडशीट तथा पेचकस, सब्बल और सलाई रेंच जैसे औजार बरामद किए हैं।पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने नगर थाना क्षेत्र में पूर्व में हुई चोरी की अन्य घटनाओं में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार चारों आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है और इनके खिलाफ झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल के विभिन्न थानों में चोरी, डकैती, एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट एवं अन्य गंभीर धाराओं में कई मामले दर्ज हैं।पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार गौरव, नगर थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता, तकनीकी शाखा एवं नगर थाना के पुलिस पदाधिकारियों सहित रिजर्व गार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सीसीएल को प्रथम पुरस्कार



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), रांची की वार्षिक पुरस्कार योजना 2025-26 के अंतर्गत राजभाषा हिन्दी के प्रभावी कार्यान्वयन और राजभाषा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के उत्कृष्ट एवं सफल संचालन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में सीसीएल की अग्रणी भूमिका और राजभाषा नीति के प्रभावी एवं सतत क्रियान्वयन के प्रति उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है।यह पुरस्कार सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टिट्यूट (सीएमपीडीआई), रांची में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) नृपेन्द्र नाथ की ओर से सीसीएल के महाप्रबंधक (राजभाषा) अशोक कुमार ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।इस अवसर पर गृह मंत्रालय के पूर्वी क्षेत्र के उप-निदेशक (राजभाषा) विचित्रसेन गुप्त पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में सीसीएल की ओर से किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की। समारोह में सीसीएल के उप-प्रबंधक (राजभाषा) डॉ दिविक दिवेश भी उपस्थित थे।सीसीएल की यह उपलब्धि सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व और निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है।

# दिल्ली: वायु प्रदूषण के साथ ओजोन प्रदूषण की चुनौती



करण कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

**ह** दिल्ली आज केवल देश की राजधानी नहीं, बल्कि देश का सबसे बड़ा प्रदूषण हॉटस्पॉट भी बन चुकी है। गर्मियों में बढ़ते तापमान, तेज धूप और वाहनों एवं उद्योगों से निकलने वाली नाइट्रोजन ऑक्साइड तथा वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों की रासायनिक प्रतिक्रिया से भूतलीय ओजोन बनती है। राजधानी दिल्ली वर्षों से वायु प्रदूषण की भयावह समस्या से जूझती रही है। हर सर्दी में धुंध की मोटी चादर, जहरीली हवा और दमघोंटू वातावरण राष्ट्रीय चिंता का विषय बनते हैं। अब तक इस संकट की चर्चा मुख्यतः पीएम 2.5, पीएम 10, पराली और वाहनों के धुएँ तक सीमित रही, लेकिन अब एक नया और अधिक खतरनाक खतरा तेजी से उभरकर सामने आया है-भूतलीय (ग्राउंड लेवल) ओजोन प्रदूषण। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की हालिया रिपोर्ट ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, जयपुर, चंडीगढ़ और अहमदाबाद जैसे शहर भी ओजोन प्रदूषण की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। यह प्रदूषण दिखाई नहीं देता, लेकिन इसके दुष्प्रभाव धीरे-धीरे मानव जीवन, कृषि और पर्यावरण को भीतर तक बीमार कर रहे हैं। विडम्बना यह है कि प्रदूषण जैसे गंभीर विषय को भी अक्सर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित कर दिया जाता है। कभी किसानों की पराली को संपूर्ण दोषी ठहरा दिया जाता है तो कभी केवल वाहनों को। जबकि वास्तविकता कहीं अधिक व्यापक है। यदि समस्या की जड़ तक पहुँचना है तो अनियोजित शहरीकरण, अंधाधुंध औद्योगिकीकरण, ऊर्जा उपभोग की वर्तमान व्यवस्था और विकास के मौजूदा मॉडल पर गंभीर पुनर्विचार करना होगा।

दिल्ली आज केवल देश की राजधानी नहीं, बल्कि देश का सबसे बड़ा प्रदूषण हॉटस्पॉट भी बन चुकी है। गर्मियों में बढ़ते तापमान, तेज धूप और वाहनों एवं उद्योगों से निकलने वाली नाइट्रोजन ऑक्साइड तथा वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों की रासायनिक प्रतिक्रिया से भूतलीय ओजोन बनती है। यह वही ओजोन नहीं है जो वायुमंडल की ऊपरी परत में पृथ्वी को पराबैंगनी किरणों से बचाती है। धरातल पर बनने वाली ओजोन एक विषैली गैस है, जो फेफड़ों की कार्यक्षमता कम करती है, दमा के रोगियों की स्थिति बिगाड़ती है, आँखों में जलन पैदा करती है तथा हृदय रोगों का जोखिम बढ़ाती है। आज दिल्ली-एनसीआर में बड़ी संख्या में लोग सांस लेने में कठिनाई, एलर्जी और अस्थमा जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिनमें ओजोन प्रदूषण की भूमिका लगातार बढ़ रही है। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन, नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, चार्जिंग स्टेशन विकसित करने की योजना और पुराने प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने जैसे निर्णय निश्चित रूप से सकारात्मक हैं। यदि इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होता है तो आने वाले वर्षों में प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में सार्थक परिवर्तन देखने को मिल सकता है। लेकिन केवल वाहन नीति से समस्या का समाधान संभव नहीं है।



वास्तविक संकट अनियोजित शहरीकरण का है। पिछले दो दशकों में दिल्ली और उससे लगे क्षेत्रों में जिस तेजी से खेत, तालाब और हरित क्षेत्र कंक्रीट के जंगलों में बदले हैं, उसने प्राकृतिक संतुलन को गहरा आघात पहुँचाया है। जहाँ कभी वर्षा का पानी धरती में समा जाता था, वहाँ अब सीमेंट और डामर की सतह है। पारंपरिक जलस्रोत मिट गए, पेड़ों की संख्या घटी और गर्मी बढ़ती गई। यही कारण है कि शहरों का तापमान आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक रहने लगा है। यही अतिरिक्त गर्मी ओजोन बनने की प्रक्रिया को और तेज करती है। आज महानगरों का विस्तार विकास का प्रतीक माना जाता है, लेकिन यह विकास प्रकृति की कीमत पर हो रहा है। शहरों को सड़कें चाहिए, बिजली चाहिए, आवास चाहिए, उद्योग चाहिए। इन सबके लिए खेत समाप्त हो रहे हैं, जंगल कट रहे हैं और जलस्रोत नष्ट हो रहे हैं। परिणामस्वरूप प्रदूषण केवल हवा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जल, मिट्टी और जैव विविधता भी प्रभावित हो रही है। विकास की यह दिशा अंततः मानव जीवन के विरुद्ध खड़ी दिखाई देती है। दिल्ली में निजी वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सार्वजनिक परिवहन की उपलब्धता और गुणवत्ता अभी भी इतनी प्रभावी नहीं हो सकी कि लोग निजी वाहनों का त्याग करें। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना स्वागतयोग्य है, किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि बिजली यदि कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों से आएगी तो प्रदूषण केवल एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित होगा। इसलिए स्वच्छ ऊर्जा, सौर ऊर्जा और हरित परिवहन को समानांतर गति से बढ़ाना आवश्यक है।

ओजोन प्रदूषण केवल मानव स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। यह कृषि उत्पादन को भी प्रभावित करता है। वैज्ञानिक अध्ययनों में पाया गया है कि ओजोन फसलों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित कर उत्पादन घटा देती है। ऐसे समय में जब जलवायु परिवर्तन, अनिश्चित मानसून और बढ़ती गर्मी पहले ही किसानों के सामने बड़ी चुनौती बने हुए हैं, ओजोन प्रदूषण कृषि संकट को और गहरा कर सकता है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक शहरों में वायु गुणवत्ता सुधारने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, किंतु अब समय आ गया है कि इसकी रणनीति का विस्तार किया जाए। केवल पार्टिकुलेट मैटर पर ध्यान देने के बजाय ओजोन जैसे द्वितीयक प्रदूषकों की निगरानी, वैज्ञानिक अध्ययन और नियंत्रण पर भी समान बल देना होगा। वायु गुणवत्ता निगरानी तंत्र को अधिक व्यापक, आधुनिक और पारदर्शी बनाना होगा।

समस्या के समाधान में नागरिकों की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। कचरा जलाना, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, खुले में ईंधन जलाना, प्लास्टिक और औद्योगिक कचरे का अनुचित निस्तारण जैसी आदतों में परिवर्तन लाना होगा। अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, साइकिल और पैदल चलने की संस्कृति को बढ़ावा देना होगा। शहरों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, हरित पट्टियों का विकास और पारंपरिक जलस्त्रोतों का पुनर्जीवन भी प्रदूषण नियंत्रण की प्रभावी रणनीति का हिस्सा होना चाहिए। वायु प्रदूषण केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक संकट भी है। बढ़ती बीमारियाँ स्वास्थ्य व्यवस्था पर बोझ डालती हैं, कार्यक्षमता घटाती हैं और करोड़ों रुपये की आर्थिक हानि का कारण बनती हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि प्रदूषण बच्चों और युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रहा है। यदि आज निर्णायक कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को इसका कहीं अधिक गंभीर मूल्य चुकाना पड़ेगा। दिल्ली सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम स्वागतयोग्य हैं और उनसे सकारात्मक परिणामों की आशा की जा सकती है, किंतु यह तभी संभव होगा जब केंद्र, राज्य, स्थानीय निकाय, उद्योग, वैज्ञानिक समुदाय और नागरिक समाज मिलकर समन्वित प्रयास करें।

## आज का राशिफाल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि, नई दिल्ली।

**मेष राशि :-** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं. आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं.

**वृषभ राशि :-** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है. आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा. विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. रोमांस के लिहाज से रोमांचक दिन है. शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और जितना हो सके, इसे उतना रुमानी बनाने की कोशिश करें.

**मिथुन राशि :-** आप जल्द ही लम्बे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं. लेकिन ऐसे खुदगर्ज और गुस्सैल इंसान से बचें, जो आपको तनाव दे सकता है और आपकी परेशानियों में इजाफा कर सकता है. जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है. वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा. जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है, वे पाएंगे कि बड़े मदद के लिए आगे आ रहे हैं.

**कर्क राशि :-** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं. खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है. धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे. अगर आप पार्टी करने की सोच रहे हैं, तो अपने अपने अच्छे दोस्तों को बुलाएँ.

**सिंह राशि :-** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा. कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं. धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं. परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें. उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका खयाल रखते हैं. आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे.

**कन्या राशि :-** अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं. जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है. अपनी महत्वाकांक्षाओं को ऐसे बड़ों के साथ बांटें, जो आपकी सहायता कर सकते हैं. रोमांस के नजरिए से आज जिन्दगी बहुत जटिल रहेगी. आज किए गए निवेश काफी फायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है.

**तुला राशि :-** दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खयाल रखने की इच्छा से टकराएगी- अपने जज्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले. जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें. आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं. सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है.

**वृश्चिक राशि :-** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी. आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है. आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा. दोस्तों का साथ राहत देगा. अपने प्रिय की गैर-जरूरी भावनात्मक मांगों के सामने घुटने न टेकें. नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी. रात को ऑफिस से घर आते वक्त आज आपको सावधानी से वाहन चलाना चाहिए।

**धनु राशि :-** खयाली पुलाव पकाने में वक़्त जाया न करें. सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें. आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा. किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरूआत होगी. प्यार का भरपूर लुत्फ मिल सकता है. आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौके होंगे. अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं क्योंकि आप उनको पर्याप्त समय नहीं दे पाते.

**मकर राशि :-** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है. आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी. कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं. अपना कीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें. यह सबसे बेहतर मरहम है. वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे.

**कुम्भ राशि :-** नियमित व्यायाम के माध्यम से वजन को नियन्त्रित रखें. खर्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी. कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा. अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है. मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा. दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा.

**मीन राशि :-** आपका सकारात्मक रुख आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है. शाम को रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी आपको व्यस्त रखेगी. कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी. कार्यक्षेत्र के नजरिए से आज का दिन आपका है. इसका भरपूर फायदा उठाएँ. आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे।

# मान सरकार के लिए बूमरैंग साबित होता बेअदबी कानून

**पं**जाब में साल 2015 के बाद अचानक गुरुद्वारों में व अन्य स्थानों पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबियों की घटनाओं की अंधेरी सी आ गई। इसको लेकर कई हिंसक आंदोलन व धरना प्रदर्शन भी हुए, जिसमें दो प्रदर्शनकारियों की मौत भी हुई। राज्य में उस समय अकाली दल बादल की सरकार थी जिसके मुख्यमंत्री स. प्रकाश सिंह बादल थे। बूमरैंग आस्ट्रेलिया के मूलनिवासियों द्वारा प्रयोग किया जाने वाला वो हथियार है जो लक्ष्य भेदने में असफल होने पर मारने वाले पर ही पलटवार करता है। पंजाब में आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के लिए श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी को लेकर लाया गया जगत ज्योति श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) अधिनियम अब यही राजनीतिक बूमरैंग साबित होता दिख रहा है। अकाली दल को घेरने व सिख मतदाताओं को रिझाने के लिए लाए गए इस अधिनियम में खुद सरकार फसी हुई दिख रही है।



अकालियों के जाल में फंसे मान

### बेअदबी मामलों की पृष्ठभूमि

पंजाब में साल 2015 के बाद अचानक गुरुद्वारों में व अन्य स्थानों पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबियों की घटनाओं की अंधेरी सी आ गई। इसको लेकर कई हिंसक आंदोलन व धरना प्रदर्शन भी हुए, जिसमें दो प्रदर्शनकारियों की मौत भी हुई। राज्य में उस समय अकाली दल बादल की सरकार थी जिसके मुख्यमंत्री स. प्रकाश सिंह बादल थे। लोगों का सरकार के प्रति गुस्सा पनपा जो 2017 बादल सरकार की विदाई का एक कारण बना। उसके बाद कांग्रेस सरकार बेअदबी को लेकर आई और अब चुनावों को नजदीक आते देख आम आदमी पार्टी की सरकार ने इस पर दांव खेला। आप का यह पासा उलटा पड़ता दिखाई दे रहा है।

### अकाल तख्त के सामने सरकार घुटनों के बल

पंजाब की राजनीति में उस समय नया मोड़ आया जब अकाल तख्त के जत्थेदार कुलदीप सिंह गडगज ने निर्वाचित विधानसभा को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया और सदस्यों से यह स्पष्टीकरण मांगा कि उन्होंने बिना सलाह के एक पंथ से जुड़ा कानून क्यों पारित किया। संवैधानिक रूप से सदन के अंदर विधायकों द्वारा कही या की गई किसी भी बात को कहीं भी चुनौती नहीं दी जा सकती। वे केवल अध्यक्ष, न्यायालयों और जनता के प्रति ही जवाबदेह होते हैं, लेकिन जत्थेदार गडगज ने जनता के इन प्रतिनिधियों के साथ स्कूली बच्चों जैसा व्यवहार किया। सही उत्तर न देने पर उन्हें डांटा और एक महीने के भीतर अपना होमवर्क पूरा करने का आदेश देकर वापस भेज दिया। इस पेशी के दौरान सामने आया कि कुछ विधायकों ने तो इस कानून का प्रारूप तक नहीं पढ़ा था और बिना पढ़े इन पर हस्ताक्षर कर दिए। जब अकाल तख्त के जत्थेदार ने ह्यजगत ज्योति श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) अधिनियमह्व की कुछ धाराओं व तकनीकी शब्दों के बारे में पूछा, तो कई विधायकों ने इस संबंध में अनभिज्ञता व्यक्त की।

भगवंत सिंह मान इतने लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं, इसके बावजूद, वे अकाली दल के बुने जाल में आसानी से फंस गए। आम आदमी पार्टी अब ऐसे मोड़ पर है जहां अकाल तख्त के जत्थेदार द्वारा सुझाए गए संशोधनों को लागू करने पर भी उसे परेशानी होगी और लागू न करने पर भी वह मुश्किल में पड़ जाएगी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सार्वजनिक रूप से कानून में किसी भी बदलाव से इनकार कर चुके हैं, लेकिन उन्हें अपने स्टैंड पर कोहनीमोड़ लेना पड़ेगा। यदि पार्टी जत्थेदार के सुझावों को खारिज कर देती है तो वह पंथक विरोध के झंझावत में फंस जाएगी। विशेषज्ञ कहते हैं कि मान सरकार को कानून पारित करने से पहले पंथक धड़ों सहित सभी पक्षों से व्यापक विचार-विमर्श करना चाहिए था। यदि मुख्यमंत्री ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति को इस प्रक्रिया में शामिल किया होता तो उसे यह समय नहीं देखना पड़ता। वर्तमान में अकाली दल बादल के अध्यक्ष सुखबीर बादल का एसजीपीसी पर पूर्ण नियंत्रण है, जिस पर आरोप हैं कि वह मनमाने ढंग से अकाल तख्त जत्थेदारों की नियुक्ति और बर्खास्तगी करती है। बादल की यह सुनियोजित रणनीति भगवंत मान के लिए संकट की घड़ी पैदा करने की थी और वे जिसमें सफल रहे। राजनीतिक क्षेत्र में अपनी स्थिति पुनः प्राप्त करने के लिए उत्सुक श्री बादल इसके लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। आम सिखों द्वारा बेअदबी विरोधी कानून का हार्दिक स्वागत अकाली दल के खेमे में खतरे की घंटी बजा चुका था। सुखबीर बादल सिख वोट बैंक छिटकने को लेकर चिंतित थे, लेकिन मान सरकार ने अपनी सूझबूझ की कमी से बादल को पंथक एजेंट पर लाभ वाली मुद्रा में ला दिया। भगवंत मान की अकाल तख्त साहिब में पेश होने को लेकर अपनी राजनीतिक मजबूरियाँ हो सकती हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के इस कदम ने संवैधानिक मर्यादा पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। गौरतलब है कि ज्ञानी जैल सिंह और प्रकाश सिंह बादल को जब बुलाया गया तो वे तुरंत अकाल तख्त साहिब नहीं गए। उन्होंने खुद पेश होने का समय तय किया था। सुरजीत सिंह बरनाला (पूर्व मुख्यमंत्री) और बूटा सिंह (पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री) ने संवैधानिक पदों से हटने के बाद ही गलतियों को माफ करवाने के लिए अकाल तख्त साहिब में पेश होने का रास्ता चुना था। लेकिन न तो मान और न ही उनकी सरकार इतना हौंसला दिखा सकी कि वह अपने पद व संवैधानिक मर्यादा का पालन करवा सके।

# शुद्धि आंदोलन के अग्रदूत स्वामी श्रद्धानंद

**भा**रत में आज जो मुसलमान हैं, उन सबके पूर्वज हिन्दू ही थे। उन्हें अपने पूर्वजों के पवित्र धर्म में वापस लाने का सर्वाधिक सफल प्रयास स्वामी श्रद्धानन्द ने किया। संन्यास से पूर्व उनका नाम मुंशीराम था। उनका जन्म 1856 में ग्राम तलबन (जिला जालन्धर, पंजाब) में एक पुलिस अधिकारी नानकचन्द जी के घर में हुआ था। 12 वर्ष की अवस्था में ही उनका विवाह हो गया। बरेली में आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द के प्रवचनों से वे अत्यन्त प्रभावित हुए। उन्होंने अस्पृश्यता तथा जातीय भेदभाव के विरुद्ध प्रबल संघर्ष करते हुए अपनी पुत्री अमृतकला तथा पुत्रों पंडित हरिश्चन्द्र विद्यालंकार व पंडित इन्द्र विद्यावाचस्पति का अंतरजातीय विवाह किया। 1917 में संन्यास लेने पर उनका नाम स्वामी श्रद्धानन्द हो गया। स्वामी जी और गांधी जी एक दूसरे से बहुत प्रभावित थे। 30 मार्च, 1919 को चांदनी चौक, दिल्ली में रौलट एक्ट के विरुद्ध हुए सत्याग्रह का नेतृत्व स्वामी श्रद्धानंद जी ने ही किया। वहां सैनिकों ने सत्याग्रहियों पर लाठियां बरसायीं। इस पर स्वामी जी उनसे भिड़ गये। सैनिक अधिकारी ने उनका सीना छलनी कर देने की धमकी दी। इस पर स्वामी जी ने अपना सीना खोल दिया। सेना डर कर पीछे हट गयी।

स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाग लेने के कारण उन्हें एक वर्ष चार माह की सजा दी गयी। जेल से आकर वे अछूतोद्धार तथा मुसलमानों के शुद्धिकरण में लग गये। 1924 में शुद्धि सभा की स्थापना कर उन्होंने 30,000 मुस्लिम (मलकाना राजपूतों) को फिर से हिन्दू बनाया। इससे कठमुल्ले नाराज हो गये; पर स्वामी जी निर्भीकता से परावर्तन के काम में लगे रहे।

1924 में स्वामी जी अखिल भारत हिन्दू महासभा के भी राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। मुसलमानों में देशप्रेम जगाने के लिए खिलाफत आन्दोलन के समय वे चार अप्रैल, 1919 को दिल्ली की जामा मस्जिद में भाषण देने गये। स्वामी जी ने हरिद्वार के पास 21 मार्च, 1902 को होली के शुभ अवसर पर ह्यगुरुकुल कांगड़ी की स्थापना की। इसके लिए नजीबाबाद (जिला बिजनौर, उ.प्र.) के चौधरी अमनसिंह ने 120 बीघे भूमि और 11,000 रु. दिये।

इसकी व्यवस्था के लिए स्वामी श्रद्धानंद जी ने अपना घर बेच दिया और सर्वप्रथम अपने दोनों लड़कों को प्रवेश दिलवाया। उन्होंने जालन्धर और देहरादून में कन्या पाठशाला की भी स्थापना की। जलियाँवाला बाग नरसंहार के बाद जब पंजाब में कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन करने का निर्णय हुआ, तो भयवश कोई कांग्रेसी उसका स्वागताध्यक्ष बनने को तैयार नहीं था। ऐसे में स्वामी श्रद्धानन्द जी आगे आये और 1920 में अमृतसर में अधिवेशन हो सका। इसमें स्वामी जी ने हिन्दी में भाषण दिया। इससे पूर्व अधिवेशनों में अंग्रेजी में भाषण होते थे। इसी प्रकार भाई परमानन्द और लाला लाजपतराय जी निर्वासन के बाद जब स्वदेश लौटे, तो स्वामी जी ने लाहौर में उनका सम्मान जुलूस निकलवाया। स्वामी जी द्वारा प्रारम्भ परावर्तन का कार्य क्रमशः पूरे देश में जोर पकड़ रहा था। भारत के मुस्लिमों में अपने देश, धर्म और पूर्वजों का अभिमान जाग्रत होते देख कुछ मुस्लिम नेताओं ने उनके विरुद्ध फतवा जारी कर दिया। 23 दिसम्बर, 1926 को अब्दुल रशीद नामक एक कट्टरपन्थी युवक ने उनके सीने में तीन गोलियाँ उतार दीं। स्वामी जी के मुख से ह्यओम्ह्व की ध्वनि निकली और उन्होंने प्राण त्याग दिये।

# अपराधमुक्त राजनीति से ही संभव है नया भारत-विकसित भारत

**वा** यह केवल पश्चिम बंगाल की स्थिति नहीं है। संसद और देश की अनेक विधानसभाओं की स्थिति भी इससे बहुत अलग नहीं है। पिछले कुछ वर्षों के चुनावी विश्लेषण बताते हैं कि उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना सहित अनेक राज्यों में बड़ी संख्या में ऐसे जनप्रतिनिधि चुनकर आए हैं जिन पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं। भारत आज एक ऐतिहासिक संक्रमण काल से गुजर रहा है। एक ओर देश विकसित भारत-2047 के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, वैश्विक मंचों पर भारत की प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व राजनीति और कूटनीति के केंद्र में उभर रहा है, वहीं दूसरी ओर भारतीय राजनीति में अपराध, धनबल और बाहुबल की बढ़ती पैठ लोकतंत्र की आत्मा को आहत कर रही है। यह विडंबना ही है कि जिस भारत को विश्वगुरु बनने का स्वप्न दिखाया जा रहा है, उसकी राजनीति अभी भी अपराधमुक्त नहीं हो सकी है। हाल ही में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद सामने आए आंकड़ों ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। समाचार पत्रों में प्रकाशित एडीआर (ऐसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिपोर्ट) की रिपोर्ट के अनुसार पश्चिम बंगाल विधानसभा के लगभग 65 प्रतिशत विधायक आपराधिक मामलों वाले हैं, जबकि 61 प्रतिशत विधायक करोड़पति हैं। रिपोर्ट के अनुसार 294 विधायकों में से 190 विधायकों ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले घोषित किए हैं तथा लगभग 142 विधायकों पर गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इनमें हत्या, हत्या के प्रयास, महिलाओं के विरुद्ध अपराध और अन्य गंभीर मामले भी शामिल हैं।

यह केवल पश्चिम बंगाल की स्थिति नहीं है। संसद और देश की अनेक विधानसभाओं की स्थिति भी इससे बहुत अलग नहीं है। पिछले कुछ वर्षों के चुनावी विश्लेषण बताते हैं कि उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना सहित अनेक राज्यों में बड़ी संख्या में ऐसे जनप्रतिनिधि चुनकर आए हैं जिन पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं। लोकतंत्र के मंदिरों में अपराध और दागी छवि वाले लोगों की बढ़ती उपस्थिति आज राष्ट्रीय चिंता का विषय बन चुकी है। राजनीति मूलतः लोकसेवा, नैतिक नेतृत्व और राष्ट्रनिर्माण का माध्यम मानी गई थी। महात्मा गांधी, जयप्रकाश नारायण, लाल बहादुर शास्त्री, अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं ने राजनीति को मूल्य आधारित दिशा दी। लेकिन समय के साथ राजनीति में वैचारिक प्रतिबद्धता का स्थान धीरे-धीरे चुनावी गणित, धनबल और प्रभावशाली समूहों ने लेना शुरू कर दिया। आज कई राजनीतिक दल उम्मीदवार चयन में योग्यता, चरित्र और जनसेवा की बजाय ह्लजीतने की क्षमताह्व को प्राथमिकता देते दिखाई देते हैं। यही कारण है कि दागी छवि वाले व्यक्तियों को भी टिकट देने में संकोच नहीं किया जाता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र की राजनीति में आने के बाद अनेक मंचों से राजनीति के अपराधीकरण पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने संसद में और सार्वजनिक मंचों पर कई बार कहा कि राजनीति को अपराधमुक्त बनाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों के शीघ्र निपटान के लिए विशेष अदालतों की आवश्यकता पर बल दिया। किंतु चिंता का विषय यह है कि आज भी लगभग सभी राजनीतिक दलों की स्थिति समान दिखाई देती है। चुनाव जीतने की मजबूरी और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के कारण दल अपराधी और दागी उम्मीदवारों को टिकट देने से परहेज नहीं कर पा रहे हैं। इस स्थिति के पीछे कई कारण हैं। पहला कारण है चुनावों का अत्यधिक खचीर्ला होना।



# बोधगया में देश के बड़े जजों का जमावड़ा, नए क्रिमिनल लॉ पर पुलिस को मिलेगा पाठ, रूट डायवर्जन जारी

एजेंसी

**गया :** बिहार के गया जिले में पहली बार बड़ी संख्या में जजों का आगमन हो रहा है, यहां नए आपराधिक वीडियो पर विशेष चर्चा होगी, बताया जा रहा है कि इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के भी जज पहुंच रहे हैं, जो इस अपराधिक कानूनों पर बारीकी से चर्चा करेंगे. नए आपराधिक विधियों को सही ढंग से संचालित करने में पुलिस भूमिका पर भी चर्चा होगी, इस कार्यक्रम में बिहार के सभी जिले के एसपी भी शामिल होंगे.



**जिला पुलिस की तैयारी पूरी :** कार्यक्रम का आयोजन बोधगया के कन्वेंशन केंद्र में हो रहा है, पहले दिन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शामिल होंगे, इसको लेकर जिला प्रशासन और पुलिस की अलग से भी तैयारियां चल रही हैं, पूरे कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने विशेष व्यवस्था की है, ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है, वीवीआईपी मूवमेंट को सुरक्षित एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य कुछ मार्गों पर वाहनों के परिचालन पर अस्थाई प्रतिबंध लगाया गया है.

**8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा बदलाव :** जिला प्रशासन के द्वारा बताया गया है कि 4 जुलाई 2026 को प्रातः 8:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक यातायात व्यवस्था प्रभावी रहेगी, इन में मानपुर से बाईपास होते हुए बोधगया तक बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा, यह प्रतिबंध केवल आपातकालीन सेवाओं के वाहनों पर लागू नहीं होगा, जबकि खटका चक बिपार्ड से 5 नंबर गेट, हवाई अड्डा मोड़, धनावां मोड़, दोमुहान से बोधगया कन्वेंशन सेंटर तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा. आपातकालीन सेवाओं को इस प्रतिबंध से छूट रहेगी.

**ये होंगे वैकल्पिक मार्ग :** इस अवधि के दौरान आम नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे सिकड़िया मोड़, मगध मेडिकल कॉलेज, चेरकी रोड मार्ग का उपयोग कर अपने गंतव्य तक पहुंचें, जिला प्रशासन एवं यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करें. वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें तथा यातायात पुलिस के निदेशों का सहयोग पूर्वक अनुपालन करें, ताकि वीवीआईपी कार्यक्रम एवं आम जनजीवन दोनों सुचारु रूप से संचालित हो सकें.

**सीएम सम्राट चौधरी भी रहेंगे मौजूद :** जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री बिहार का आगमन 4 जुलाई 2026 को हो रहा है, आगमन एवं बोधगया स्थित नए आपराधिक विधियों पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय बोधगया कन्वेंशन सेंटर' में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के मद्देनजर जिला प्रशासन एवं यातायात पुलिस द्वारा विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गई है.

# बिहार-नेपाल बॉर्डर पर 1300 जवान रहेंगे तैनात, 138 स्पेशल दारोगाओं की होगी पैनी नजर

एजेंसी

**बिहारः** बिहार-नेपाल बॉर्डर पर हाई सिक्योरिटी की तैयारी की गई है. बॉर्डर इलाके में चप्पे-चप्पे पर जवानों की नजर रहेगी. राज्य सरकार की तरफ से लगभग 729 किलोमीटर लंबी सीमा पर जवानों का सख्त पहरा होने वाला है. लगभग 1300 पुलिस जवान बॉर्डर पर तैनात रहेंगे. इसके साथ ही इसमें से 138 दारोगा की स्पेशल टीम पैनी नजर रखेगी.



**बॉर्डर आईजी का पद भी बनाया**
मिली जानकारी के अनुसार, राज्य में घुसपैठ, तस्करी और फेक करेंसी से जुड़े मामलों पर रोक लगाने के लिए राज्य सरकार की तरफ से यह फैसला लिया गया है. सरकार की ओर से सुरक्षा को प्रभावी बनाने के लिए बॉर्डर आईजी का पद भी बनाया गया है. इस तरह से बिहार में बॉर्डर के रास्ते होने वाले अवैध धंधों पर रोक लगाने के लिए पूरी तैयारी की गई है.

**बॉर्डर पर तैनात जवानों की होगी ये जिम्मेदारी**
बॉर्डर पर जवानों की तैनाती से बॉर्डर वाले जिलों में छोटी-बड़ी घटनाओं से लेकर तमाम गतिविधियों पर सख्ती बरती जाएगी. जिन भी जवानों की बॉर्डर पर तैनाती होगी, उन्हें संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने, खुफिया सूचनाएं जुटाने और समय पर सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट करने की जिम्मेदारी होगी. इससे राज्य में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सकेगी.

**इन सीमावर्ती इलाकों में भी होगी निगरानी**
बिहार की सीमा नेपाल के अलावा देश के अन्य राज्यों जैसे कि यूपी, बंगाल और झारखंड से भी लगती है. ऐसे में इन इलाकों को भी संवेदनशील माना जा रहा है और निगरानी पहले से ज्यादा बढ़ा दी गई है. सरकार के इस पहल से माना जा रहा है कि इससे सीमा वाले इलाकों में पुलिस और खुफिया तंत्र के बीच अच्छा समन्वय स्थापित हो सकेगा. इसके साथ ही किसी भी तरह की चुनौती वाले परिस्थिति से निपटना भी आसान हो सकेगा.

# पिपरा कोठी में वाटर पार्क के लिए जमीन अधिग्रहण पर बवाल, सांसद सुधाकर सिंह ने खेत जोतकर जताया विरोध

एजेंसी

**मोतिहारीः** पूर्वी चंपारण के पिपरा कोठी में प्रस्तावित वाटर पार्क परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर किसानों और प्रशासन के बीच टकराव गहराता जा रहा है. अपनी पुश्तैनी और खेती योग्य जमीन बचाने की मांग को लेकर किसान एक बार फिर सड़क पर उतर आए हैं. आंदोलन को राजनीतिक समर्थन भी मिलने लगा है. इस दौरान जोरदार हंगामा भी देखने को मिला.



**प्रदर्शन में शामिल हुए आरजेडी सांसद सुधाकर सिंह :** शुक्रवार को पूर्व मंत्री एवं विधायक सुधाकर सिंह आंदोलन में शामिल हुए और सरकार पर किसानों की सहमति के बिना जमीन अधिग्रहण करने का आरोप लगाते हुए आंदोलन को तेज करने का ऐलान किया.

'जमीन हमारी, नहीं चलेगा जबरन अधिग्रहण' के लगे नारे : आंदोलन के दौरान बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर प्रदर्शन में शामिल हुए. प्रदर्शनकारियों ने ₹जमीन हमारी है, किसी की जागीर नहीं₹, ₹नहीं चाहिए वाटर पार्क, बचाओ हमारी खेती₹ और ₹जबरन भूमि अधिग्रहण बंद करो₹ जैसे नारे लगाए.सरकार पर किसानों की जमीन छीनने का आरोप : किसानों का कहना है कि वे वर्षों से इसी जमीन पर खेती कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं और यही उनकी आजीविका का एकमात्र साधन है. प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सुधाकर सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार विकास के नाम पर किसानों की उपजाऊ जमीन छीनने का प्रयास कर रही है.

'किसी कीमत पर भूमि अधिग्रहण स्वीकार नहीं' : सुधाकर सिंह ने कहा कि किसानों की सहमति के बिना किसी भी कीमत पर भूमि अधिग्रहण स्वीकार नहीं किया जाएगा. उनका कहना था कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसानों की राय और अधिकारों की अनदेखी नहीं की जा सकती. यदि सरकार ने जबरदस्ती भूमि अधिग्रहण की कोशिश की तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा.

**22 जून की पुलिस कार्रवाई का भी उठाया मुद्दा :** सुधाकर सिंह ने 22 जून 2026 की घटना का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि अपनी जमीन बचाने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से खेतों में बैठे किसानों पर पुलिस ने बल प्रयोग किया था. उनके अनुसार, प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए लाठीचार्ज किया गया, जिसमें कई किसान और ग्रामीण घायल हुए. उन्होंने कहा कि अपनी पुश्तैनी जमीन बचाने की मांग करना कोई अपराध नहीं है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए.

**जमाबंदी रद्द करने और नापी शुरू करने का आरोप :** किसानों का आरोप है कि जिस भूमि पर वाटर पार्क बनाने की योजना है, वह वर्षों से उनकी खेती योग्य जमीन है. उनका कहना है कि पहले उनकी जमाबंदी रद्द कर दी गई और इसके बाद भूमि की नापी का काम शुरू कर दिया गया. ग्रामीणों का आरोप है कि बिना पर्याप्त सूचना और सहमति की प्रक्रिया पूरी किए उन पर जमीन खाली करने का दबाव बनाया जा रहा है.

**'खेती ही आजीविका का आधार' :** प्रदर्शन में शामिल किसानों ने बताया कि जब प्रशासन भूमि सर्वेक्षण के लिए पहुंचा था, तब बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी जमीन बचाने के लिए खेतों में लेट गए थे. उनका कहना है कि खेती ही उनके परिवार की आजीविका का आधार है और जमीन चली गई तो उनके सामने रोजी रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा.

**'विकास चाहिए, लेकिन किसानों की कीमत पर नहीं' :** आंदोलनकारी किसानों ने कहा कि वे विकास परियोजनाओं के विरोधी नहीं हैं, लेकिन विकास के नाम पर उनकी उपजाऊ जमीन छीनना स्वीकार नहीं किया जाएगा. उनका कहना है कि यदि सरकार कोई परियोजना लागू करना चाहती है तो पहले किसानों से संवाद करे, उनकी सहमति प्राप्त करे और कानून के अनुरूप सभी प्रक्रियाओं का पालन करे.

# भरत तिवारी एनकाउंटर: आरोपी डीएसपी की पोस्टिंग पर भड़के चिराग, बोले- इसे कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता

एजेंसी

**बिहारः** भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आरोपी डीएसपी राजेश शर्मा की पोस्टिंग पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा कि जिस अधिकारी पर गंभीर आरोप लगे हों, उसे नई जिम्मेदारी देना गलत संदेश देता है. सरकार को ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि लोगों का कानून और व्यवस्था पर भरोसा बना रहे.




**आरोप है तो कार्रवाई होनी चाहिए**
चिराग पासवान ने कहा कि भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में जिस डीएसपी पर आरोप लगे हैं,. उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने से पहले ऐसे अधिकारी को नई पोस्टिंग देना किसी भी तरह उचित नहीं माना जा सकता. उन्होंने कहा कि उस पर भी कार्रवाई की मांग करूंगा. इसे कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता कि जिस पर आरोप है, उसे इस तरह से पुरस्कृत किया जाए. व्यवस्था में लोगों का विश्वास बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाने होंगे.

**बिलौटी पहुंचकर परिवार से की मुलाकात**
शुक्रवार को चिराग पासवान भोजपुर के बिलौटी गांव पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस एनकाउंटर में मारे गए भरत तिवारी के परिवार से मुलाकात की. उन्होंने घुटनों के बल बैठकर भरत तिवारी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए और श्रद्धांजलि दी. इस दौरान भरत की मां आशा देवी भावुक हो गईं. चिराग ने उन्हें सांत्वना दी और न्याय दिलाने का भरोसा दिया.

**अमित शाह से भी उठा चुके हैं मामला**
बिलौटी दौरे से एक दिन पहले चिराग पासवान ने दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी. उन्होंने भरत तिवारी एनकाउंटर का मुद्दा उठाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी. साथ ही राजगीर में पासवान समाज के दो युवकों की हत्या का मामला भी गृहमंत्री के सामने रखा था.

**एनकाउंटर पर पहले भी जता चुके हैं आपत्ति**
चिराग पासवान पहले भी इस एनकाउंटर को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं. उनका कहना है कि किसी भी व्यक्ति को कानून से ऊपर जाकर गोली मार देना स्वीकार नहीं किया जा सकता. यदि पुलिस की ओर से कोई गलती हुई है तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए.

# 30 साल बाद बन रहा सीतामढ़ी का रिंग रोड, अब बिजली के पोल और पेड़ बने बाधा

एजेंसी

**सीतामढ़ीः** करीब तीन दशक के लंबे इंतजार के बाद शुरू हुए सीतामढ़ी शहर के तीनों रिंग रोड (रिंग बांध) निर्माण कार्य की रफ्तार अब धीमी पड़ गई है. शहर को जाम से राहत दिलाने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना के सामने फिलहाल बिजली के पोल, बड़े पेड़ और कुछ तकनीकी बाधाएं चुनौती बन गई हैं.शुरूआत में गौशाला अंबेडकर चौक से पासवान चौक तक निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ा. प्रशासन का लक्ष्य मानसून से पहले दो रिंग रोड का निर्माण पूरा करने का था, लेकिन तय समय के भीतर यह लक्ष्य पूरा होता नहीं दिख रहा है.



पासवान चौक के बाद धीमी पड़ गई रफ्तार
पासवान चौक से लक्ष्मणानगर होते हुए लखनदेई पुल और वहां से रेलवे लाइन स्थित पुराने पोस्टमार्टम हाउस तक निर्माण कार्य अपेक्षाकृत धीमा चल रहा है.इस हिस्से में पहले अतिक्रमण बड़ी बाधा था. प्रशासन ने दोनों किनारों से अतिक्रमण हटा दिया है, लेकिन अब सड़क के बीचोंबीच लगे बिजली के पोल निर्माण कार्य में रुकावट पैदा कर रहे हैं.

**सरस्वतीनगर रिंग रोड पर पेड़ बने चुनौती**
दूसरी ओर सरस्वतीनगर रिंग रोड पर कई बड़े पेड़ निर्माण कार्य में बाधा बने हुए हैं. जब तक इन पेड़ों को नियमानुसार नहीं हटाया जाता, तब तक इस हिस्से में काम पूरी गति से शुरू नहीं हो सकेगा.

**शहर को मिलेगा जाम से राहत**
रिंग रोड बनने के बाद शहर के अंदर भारी वाहनों का दबाव कम होगा. लोगों को रोजाना लगने वाले जाम से राहत मिलेगी और विभिन्न इलाकों के बीच आवागमन पहले की तुलना में अधिक आसान और तेज होगा.

**अगले सप्ताह से तेज होगा निर्माण कार्य**
बुडको के कार्यपालक अभियंता इं. अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि विद्युत विभाग को बिजली के पोल हटाने का निर्देश पहले ही जारी किया जा चुका है. जल्द सभी पोल स्थानांतरित कर दिए जाएंगे.उन्होंने बताया कि पेड़ों की कटाई के लिए वन विभाग के पास निर्धारित राशि भी जमा करा दी गई है. आवश्यक प्रक्रिया पूरी होते ही पेड़ों को हटाकर अगले सप्ताह से निर्माण कार्य पूरी गति से शुरू कर दिया जाएगा.उन्होंने भरोसा जताया कि बाधाएं दूर होने के बाद रिंग बांध के जीर्णोद्धार और निर्माण कार्य में तेजी आएगी तथा परियोजना को जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा.

## संक्षिप्त खबर

### शौच के लिए गई लड़की को उठा ले गए दरिंदे, डेढ़ किलोमीटर दूर ले जाकर झाड़ियों में सामूहिक दुष्कर्म

**मधुबनीः** शौच के लिए निकली 24 वर्षीय लड़की का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है. इस घटना से इलाके सनसनी फैल गई है. वारदात मधुबनी के खजौली थाना क्षेत्र की है. एसपी योगेंद्र कुमार ने बताया है कि एक 24 वर्षीय लड़की के द्वारा कुछ लोगों के द्वारा दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया था, जिसके तहत पुलिस मामला दर्ज कर खजौली थाना के एक गांव के रौशन कुमार,कन्हैया और रामानंद पर नामजद केस दर्ज किया है.सदर डीएसपी दो के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया है. टीम ने मामला दर्ज होने के बाद एक आरोपी रौशन यादव को गिरफ्तार किया है, जबकि दो आरोपी फरार हो गये हैं. फरार दोनों आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम की छापेमारी जारी है. गिरफ्तार रोशन कुमार ने अपना अपराध कबूल किया है. पीड़िता के पिता के लिखित आवेदन पर पुलिस ने तीन युवकों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की है. पुलिस ने लड़की का मेडिकल चेकअप भी करवाया है. दिए गए आवेदन में बताया गया है कि शौच के लिए घर से निकली युवती को दो युवक जबरन उठाकर करीब डेढ़ किलोमीटर दूर झाड़ियों में ले गए. वहां पहले से मौजूद एक अन्य युवक रामानंद यादव के साथ मिलकर तीनों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और सभी आरोपी मौके से फरार हो गये. एसपी योगेंद्र कुमार ने बताया सामूहिक दुष्कर्म मामले में जांच के लिए ऋद्दछ की टीम और डॉग स्क्वायड टीम को बुलाया गया है. जांच की जा रही है. एक आरोपी रौशन यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है. दो फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम द्वारा छापेमारी की जा रही है.



### पटना में स्कूल पहुंचे पूर्व छात्र को स्कॉर्पियो में अगवा कर पीटा, वर्तमान छात्रों पर आरोप !

**पटनाः** राजधानी पटना के दीघा थाना क्षेत्र स्थित सेंट माइकल स्कूल के बाहर गुरुवार को एक पूर्व छात्र के साथ कथित अपहरण और मारपीट की घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी. स्कूल पहुंचे युवक को स्कूल के ही कुछ वर्तमान छात्रों ने कथित तौर पर जबरन अगवा कर पीटा. पटना लॉ एंड ऑर्डर एएसपी कृष्ण मुरारी प्रसाद ने इसकी पुष्टि की. पीड़ित युवक अपने शैक्षणिक प्रमाणपत्र लेने स्कूल आया था. मुख्य द्वार के पास अचानक एक काला स्कॉर्पियो वाहन पहुंचा. उसमें सवार चार युवकों ने पूर्व छात्र को जबरन गाड़ी में ठूंस लिया और वहां से ले गए। कुछ दूरी पर ले जाकर उसके साथ मारपीट की गई. करीब डेढ़ घंटे बाद पुलिस की घेराबंदी देख आरोपी युवक को स्कूल के पास ही छोड़कर फरार हो गए. सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने इलाके में घेराबंदी कर छापेमारी शुरू की. आरोपी ज्यादा देर तक पीड़ित को हिरासत में नहीं रख सके. पुलिस ने घटना में इस्तेमाल स्कॉर्पियो वाहन को जप्त कर लिया है। वाहन के मालिक की पहचान और सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है. प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पीड़ित और स्कूल के कुछ वर्तमान छात्रों के बीच पहले से विवाद चल रहा था. आशंका है कि उसी पुरानी रंजिश के चलते इस घटना को अंजाम दिया गया. पुलिस पीड़ित के बयान के आधार पर सभी पहलुओं की जांच कर रही है. घटना के बाद स्कूल परिसर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं. इतनी बड़ी घटना स्कूल के मुख्य द्वार पर कैसे हुई, इसकी भी जांच की जा रही है. अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा में कोई चूक हुई तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी. लॉ एंड ऑर्डर एएसपी कृष्ण मुरारी प्रसाद ने बताया कि पुलिस सभी आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. वाहन दस्तावेजों की जांच भी जारी है। लॉ एंड ऑर्डर एएसपी ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल छापेमारी जारी है.



### नालंदा मॉब लिंचिंग पीड़ित परिवार से मिले चिराग पासवान, नौकरी और बच्चों की निशुल्क शिक्षा का किया ऐलान

**नालंदाः** बिहार के नालंदा में मॉब लिंचिंग का शिकार हुए पासवान समाज के दो युवकों के परिजनों से मिलने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान दीपनगर थाना क्षेत्र के गंजपर गांव पहुंचे. उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के साथ दर्द बांटा और हर संभव मदद का आश्वासन दिया. चिराग ने इस बर्बर घटना की कड़ी निंदा की और कहा कि पूरे प्रदेश में इस घटना से आक्रोश व्याप्त है.चिराग पासवान ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा देते हुए दो महत्वपूर्ण घोषणाएं की. उन्होंने कहा कि परिवार के आश्रित सदस्यों को नौकरी दिलाने की जिम्मेदारी उनकी पार्टी लेगी. साथ ही मृतकों के बच्चों की पूरी शिक्षा निशुल्क कराने की पूरी जिम्मेदारी भी लोजपा (रामविलास) उठाएगी. चिराग पासवान ने बताया कि उन्होंने इस मामले पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है. वे बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के भी लगातार संपर्क में हैं. मुख्यमंत्री स्वयं मामले की निगरानी कर रहे हैं और कई आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है. शेष अभियुक्तों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा. राज्य में कानून व्यवस्था पर उठ रहे सवालों का जवाब देते हुए चिराग ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं. सरकार किसी भी अपराधी को बख्शेगी नहीं. उन्होंने स्पष्ट किया कि पीड़ित परिवार को पूर्ण न्याय दिलाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध हैं. 15 जून को राजगीर मालमास मेला के दौरान चोरी के शक में दो युवकों की झुनकिया बाबा मंदिर के पास पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी. 17 जून को वायरल वीडियो के बाद पुलिस सक्रिय हुई. अब तक 6 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें 4 गिरफ्तार और 2 सरेंडर करने वाले शामिल हैं. चिराग पासवान ने बताया कि घटना के तुरंत बाद पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र मुकुट प्रशासन से संपर्क में रहे. बिहार सरकार में मंत्री संजय पासवान और जमुई सांसद अरुण भारती भी पीड़ित परिवार से मिलकर मामले को उठा चुके हैं. चिराग ने दोहराया कि दोषियों को सख्त सजा जरूर मिलेगी.

# बिहार में डबल मर्डर केस में ऐतिहासिक फैसला, कोर्ट ने मां और प्रेमी को 2 बच्चों की हत्या पर सुनाई मौत की सजा

एजेंसी

**मधुबनीः** बिहार के मधुबनी जिले के झंझारपुर कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए दोहरे बाल हत्याकांड में मां अनीता देवी और उसके प्रेमी जयशंकर मंडल को फांसी की सजा सुना दी है. जिला अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय अभिषेक रंजन की अदालत ने इस मामले को ह्यरेयरेस्ट ऑफ रेयरह्ण श्रेणी में रखते हुए दोनों दोषियों को मौत की सजा दी.




**क्रूर हत्याकांड की पूरी घटनाः**

3 जुलाई 2023 को अंधरामठ थाना क्षेत्र के नरही गांव की रहने वाली अनीता देवी अपने चार वर्षीय बेटे प्रिंस और 18 माह की बेटी सृष्टि को लेकर घर से निकली थी. शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने खोज शुरू की.

**एक बच्चे की मिली लाश**

: जांच में पता चला कि अनीता ने अपने प्रेमी जयशंकर मंडल के साथ मिलकर दोनों मासूम बच्चों की निर्मम हत्या कर दी और सबूत मिटाने के लिए उनके शव खोपा पुल के नीचे बलान नदी में फेंक दिए. चार वर्षीय प्रिंस का शव बाद में बरामद हुआ, जबकि छोटी बच्ची सृष्टि का शव नदी की तेज धारा में बह गया.

**आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों को पकड़ा**

घटना की सूचना मिलते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया. मृतक बच्चों के पिता प्रमोद कुमार साफी के आवेदन पर फुलपरास थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई. पुलिस जांच में अनीता देवी और जयशंकर मंडल की मिलीभगत साफतौर पर सामने आई. दोनों आरोपी 11 जुलाई 2023 से लगातार न्यायिक हिरासत में थे.

**अदालत ने माना रेयरेस्ट ऑफ रेयर**

अदालत ने मामले की क्रूरता, मासूम बच्चों की हत्या और मां द्वारा अपने ही बच्चों को मारने की घटना को अत्यंत दुर्लभ श्रेणी में रखा. जज अभिषेक रंजन ने विस्तृत बहस और साक्ष्यों के आधार पर दोनों को दोषी करार दिया. अदालत ने दोनों दोषियों पर अलग-अलग 60 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है, जिसे न चुकाने पर अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी.

**परिवार और समाज में गहरा सदमा**

इस घटना ने पूरे इलाके में शोक की लहर फैला दी है. मृतक बच्चों के पिता प्रमोद कुमार साफी और अन्य परिजन न्याय की इस जीत पर राहत महसूस कर रहे हैं, लेकिन बच्चों की कमी उन्हें खल रही है. ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी क्रूर घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कानूनी कार्रवाई जरूरी है.

**बिहार में बाल अपराध पर सख्त संदेश**

यह फैसला बिहार में बाल हत्याओं और पारिवारिक कलह से उपजी हिंसा के खिलाफ एक मजबूत संदेश है. झंझारपुर कोर्ट का यह फैसला अन्य लंबित संवेदनशील मामलों पर भी असर डालेगा.

# 14.89 करोड़ का नया पुल सवालों के घेरे में, 9 महीने में ही धंसा अप्रोच पथ



एजेंसी

**दरभंगाः** दरभंगा के बिरौल प्रखंड में करीब 14.89 करोड़ रुपये की लागत से बना नया पुल उद्घाटन के नौ महीने के भीतर ही सवालों के घेरे में आ गया है. सफहा के पास पुल के अप्रोच पथ की मिट्टी धंसने से बड़ा गड्ढा बन गया है, जिससे बरसात के बीच हादसे का खतरा बढ़ गया है. इस पुल का उद्घाटन 26 सितंबर 2025 को पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था. उद्घाटन के नौ महीने के भीतर ही पुल की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं.

**सबसे बड़ी चिंता**
बैरिकेडिंग नहीं.
चेतावनी बोर्ड नहीं.
रात में दुर्घटना का खतरा.

**लोगों को क्या परेशानी ?**
रात में हादसे का खतरा.
स्कूली बच्चों और बाइक सवारों के लिए जोखिम.
लगातार बारिश से गड्ढा बढ़ रहा है.

**पुल का सफर**
लागतः 14.89 करोड़ रुपये
उद्घाटनः 26 सितंबर 2025
वर्तमान स्थितिः 9 महीने बाद अप्रोच पथ धंसा

**ग्रामीणों ने गुणवत्ता पर उठाये सवाल**
ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण की गुणवत्ता ठीक नहीं रही. हालांकि, इस संबंध में विभाग की ओर से अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है.

## खबर संक्षेप

### सुजुकी मोटरसाइकिल की बिक्री में 21 फीसदी इजाफा





**मुंबई।** जापान की दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी सुजुकी इंडिया की जून में कुल वाहन बिक्री सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 1,15,030 इकाई हो गई। कंपनी ने जून 2025 में कुल 95,244 दोपहिया वाहन बेचे थे। घरेलू बिक्री 23 प्रतिशत बढ़कर 91,264 इकाई रही, जो एक वर्ष पहले इसी महीने 73,934 इकाई थी।

### एनबीसीसी ने 955 करोड़ रुपए के निर्माण ठेके दिए



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनबीसीसी ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में विभिन्न निर्माण परियोजनाओं के लिए 955.13 करोड़ रुपये के ठेके दिए हैं। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के दौरान उसने 955.13 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों के ठेके प्रदान किए।

### जी एंटरटेनमेंट वारंट जारी कर 3143 करोड़ जुटाएगी




**नई दिल्ली।** जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के निदेशक मंडल ने प्रवर्तक समूह की इकाई को पूर्ण परिवर्तनीय वॉरंट जारी कर 3,143.51 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। 126 रुपये प्रति वॉरंट के निर्गम मूल्य पर 24.95 करोड़ तक पूर्ण रूप से परिवर्तनीय वॉरंट जारी करने की मंजूरी दी है।

### रुपया 18 पैसे की गिरावट के साथ 95.34 प्रति डॉलर




**मुंबई।** रुपया बृहस्पतिवार को अपनी शुरुआती बढ़त बरकरार नहीं रख सका और 18 पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.34 (अस्थायी) पर रहा। हेजिंग करने वालों की मजबूत डॉलर मांग भारी पड़ गई। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण अमेरिकी डॉलर में आई रात भर की कमी से भारतीय रुपया बढ़त के साथ खुला।

### आईनॉक्स एनर्जी में किया अदार पूनावाला ने निवेश



**नई दिल्ली।** आईनॉक्स क्लीन एनर्जी लिमिटेड को अदार पूनावाला फैमिली ऑफिस से 700 करोड़ रुपये का निवेश मिला है। आईनॉक्स क्लीन ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि इससे पहले कैलिफोर्निया पब्लिक एम्प्लॉईज रिटायरमेंट सिस्टम ने वित्त पोषण के पिछले दौर में करीब 800 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

### एपीजे सुरेंद्र पार्क को 41 करोड़ का आयकर नोटिस जारी



**नई दिल्ली।** द पार्क और फ्लूरिज जैसे ब्रांड के स्वामित्व वाली एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स लिमिटेड को आयकर विभाग से वर्ष 2024-25 के लिए ब्याज सहित 41.06 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस जारी किया गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह आदेश विस्तृत जांच के बाद किए गए आकलन से संबंधित है और इसमें आयकर अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत कुछ आय को जोड़ा गया तथा कुछ व्यय को अस्वीकृत किया गया है।

# ‘आईटीसी’ कोला मार्केट में वैश्विक दिग्गज कंपनियों को चुनौती देने उतरी

नई दिल्ली

भारत के कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक (कोल्ड ड्रिंक) बाजार में मुकाबला तेज हो गया है। अब आईटीसी ने भी प्रीमियम शुगर-फ्री कोला लांच कर दिया है। इसके साथ ही कंपनी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज की तरह कोका -कोला और पेप्सी जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियों को चुनौती देने की तैयारी कर ली है।

- **रिलायंस की तरह कोकाकोला और पेप्सी को चुनौती देने की तैयारी**

आईटीसी ने अपने बी नेचरल बेवरेज ब्रांड के तहत कोकोनट कोला पेश किया है। यह ड्रिंक नारियल पानी से तैयार की गई है। फिलहाल कंपनी इसे पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बेच रही है। इसके बाद इसे पूरे देश में लांच किया जाएगा। कंपनी की नजर भारत के तेजी से बढ़ रहे डाइट कोला सेगमेंट पर है।

## आईटीसी ने प्रीमियम शुगर-फ्री कोला बाजार में लांच कर दिया

### कीमत में किसका कितना मुकाबला?

आईटीसी ने अपनी 250 मिलीलीटर कोकोनट कोला की कीमत 60 रुपए रखी है। वहीं डायट कोक और पेप्सी ब्लैक शुगर की 300 मिलीलीटर कैन 40 रुपए में मिलती है। कुछ बाजारों में इनके 10 और 20 रुपए वाले पैक भी उपलब्ध हैं। दो साल पहले रिलायंस ने कैम्पा ब्रांड को दोबारा लांच कर 200 मिलीलीटर की बोतल सिर्फ 10 रुपए में बेचकर कीमतों की जंग छेड़ दी थी। इसके बाद दूसरी कंपनियों को भी कीमतें घटानी पड़ीं, जिससे पूरे बेवरेज बाजार पर असर पड़ा।



### हेल्दी ड्रिंक्स की बढ़ रही है मांग

देश में शुगर-फ्री और कम चीनी वाले पेय पदार्थों की मांग तेजी से बढ़ रही है। लोग अब पहले के मुकाबले हेल्दी विकल्प चुन रहे हैं। इसका असर कार्बोनेटेड और नॉन-कार्बोनेटेड दोनों तरह के ड्रिंक्स पर दिख रहा है। उदाहरण के तौर पर, पेप्सी की बॉटलिंग पार्टनर वरुण बेवरेज ने मार्च तिमाही में बताया कि उसकी कुल बिक्री का 63 प्रतिशत हिस्सा लो-शुगर और नो-शुगर ड्रिंक्स से आया।

### नए फ्लेवर और वैरिएंट लाएगी आईटीसी

आईटीसी आने वाले समय में अपने कार्बोनेटेड ड्रिंक्स पोर्टफोलियो में नए फ्लेवर और वैरिएंट जोड़ने की तैयारी कर रही है। कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर संजीव पुरी ने कहा कि आईटीसी नए फ्लेवर, अलग-अलग वैरिएंट और विभिन्न पैक साइज के जरिए अपने बेवरेज कारोबार का विस्तार करेगी। उन्होंने कहा कि कंपनी ई-कॉमर्स, मॉडर्न ट्रेड और पारंपरिक रिटेल चैनलों के जरिए बिक्री बढ़ाने पर जोर देगी। उनका कहना है कि भारत का बेवरेज बाजार बहुत बड़ा है और आईटीसी का फोकस प्रीमियम सेगमेंट पर रहेगा।

## सरकार ने चालू वित्त वर्ष में विनिवेश की रफ्तार तेज की

# विनिवेश ने पकड़ी रफ्तार, पहली तिमाही में बजट लक्ष्य का 31 प्रतिशत राजस्व जुटाया

नई दिल्ली

सरकार ने चालू वित्त वर्ष में विनिवेश और परिसंपत्ति मौद्रीकरण की रफ्तार तेज कर दी है और पहली तिमाही में ही समूचे वित्त वर्ष के बजट लक्ष्य का करीब 31 प्रतिशत जुटा लिया है। यह किसी भी वित्त वर्ष की पहली तिमाही में विनिवेश प्रक्रिया की अब तक की सबसे तेज प्रगति मानी जा रही है।

सरकार मई के मध्य से जून के बीच लगभग हर सप्ताह सार्वजनिक क्षेत्र की एक कंपनी (पीएसयू) में हिस्सेदारी बेचने के लिए बिक्री पेशकश (ओएफएस) लेकर आई। इस दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के छह प्रतिष्ठानों में हिस्सेदारी बेचकर सरकार ने कुल 18,561 करोड़ रुपये जुटाए।

### इनविट के जरिए 6,367 करोड़ प्राप्त हुए

यह हिस्सेदारी बिक्री सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, कोल इंडिया, एनएचपीसी, एनएलसी इंडिया, जीआईसी और आईआरएफसी में की गई। इसके अलावा, अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) के जरिये परिसंपत्तियों को बाजार पर चढ़ाने से भी 6,367 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। इस तरह विनिवेश एवं मौद्रीकरण के जरिये अब तक कुल 24,928 करोड़ रुपये जुटाए जा चुके हैं, जबकि वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में इसके लिए 80,000 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया है।


**विनिवेश प्रक्रिया की अब तक की सबसे तेज प्रगति मानी जा रही**

**मई के मध्य से जून के बीच हर सप्ताह एक ओएफएस लेकर आई**

**छह पीएसयू में हिस्सेदारी बेचकर कुल 18,561 करोड़ रुपए जुटाए**


## अल नीनो का मानसून पर असर पड़ने की चिंता

दूसरी ओर, राजस्व और पूंजीगत व्यय क्रमशः 15.3 प्रतिशत और 20.5 प्रतिशत रहा। सरकार के सामने उर्वरक सब्सिडी के लगभग दोगुना होकर तीन लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने और कच्चे तेल के आयात बिल बढ़ने की चुनौती है। साथ ही, अल नीनो प्रभाव के कारण मानसून पर पड़ने वाले असर की भी चिंता है। ऐसे में 4.3 प्रतिशत राजकोषीय घाटे का लक्ष्य हासिल करने के लिए विनिवेश और परिसंपत्ति मौद्रीकरण से होने वाली आय अहम भूमिका निभाएगी



### सरकार ने एलआईसी में 3.5 फीसदी हिस्सेदारी बेची

इससे पहले मई, 2022 में सरकार ने एलआईसी में 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 20,500 करोड़ रुपये जुटाए थे। इसके अलावा आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक विनिवेश पर भी काम जारी है। इस दिशा में पहला प्रयास नाकाम रहने के बावजूद सरकार नई बोलियां आमंत्रित कर इस प्रक्रिया को तेज करने की तैयारी में है। विनिवेश के मोर्चे पर सरकार की यह सक्रियता बढ़ते राजकोषीय दबाव के बीच सामने आई है।





### सरकार ने तैयार की विनिवेश की रूपरेखा

सरकार ने आगे भी सार्वजनिक क्षेत्र की कई कंपनियों के विनिवेश की रूपरेखा तैयार कर ली है और उम्मीद है कि वह तय लक्ष्य को पार कर सकती है। इस साल का सबसे बड़ा विनिवेश भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में हो सकता है। सरकार की एलआईसी में हिस्सेदारी 96.5 प्रतिशत है, जिसे मई, 2027 तक घटाकर 90 प्रतिशत करना अनिवार्य है।

# कोयला ब्लॉक के लिए अब बीमा गारंटी बांड जमा करने की अनुमति

नई दिल्ली



- **सरकार ने कोयला ब्लॉक आवंटन नियमों में किया संशोधन**
- **अधिक वित्तीय लचीलापन मिलेगा व कारोबार सुगम होगा**

सरकार ने कोयला ब्लॉक पाने वालों को प्रदर्शन बैंक गारंटी के विकल्प के तौर पर बीमा गारंटी बॉन्ड जमा करने की अनुमति दे दी है। इससे उन्हें अधिक वित्तीय लचीलापन मिलेगा और कारोबार सुगम होगा। इस कदम से पारंपरिक बैंक गारंटी व्यवस्था से जुड़ा वित्तीय बोझ कम होने की उम्मीद है और कोयला ब्लॉक पाने वाले अपनी पूंजी का इस्तेमाल खदान के विकास और परिचालन गतिविधियों के लिए अधिक बेहतर ढंग से कर सकेंगे। सरकार ने इस संबंध में कोयला ब्लॉक आवंटन नियमों में संशोधन किया है। बीमा गारंटी बॉन्ड एक त्रिपक्षीय वित्तीय गारंटी है जो यह सुनिश्चित करती है कि संबंधित इकाई अनुबंध के तहत दायित्वों को पूरा करेगी। यदि मूल इकाई कार्य पूरा करने या नियमों का पालन करने में विफल रहती है, तो बीमा गारंटी देने वाली कंपनी परियोजना का स्वामित्व रखने वालों को क्षतिपूर्ति देती है।

### बैंक गारंटी को बीमा गारंटी में बदल सकते हैं

संशोधित रूपरेखा मौजूदा आवंटन पाने वालों को भी यह लचीलापन देती है। इससे वे तय शर्तों के अनुसार पहले से जमा प्रदर्शन बैंक गारंटी को बीमा गारंटी बॉन्ड से बदल सकते हैं। मंत्रालय ने कहा, "बीमा गारंटी बॉन्ड की सुविधा शुरू में खान एवं खनिज (विकास एवं नियमन) अधिनियम के तहत आवंटित कोयला ब्लॉक के लिए शुरू की जाएगी।

# आईटी शेयरों में खरीदारी से बाजार में दूसरे दिन तेजी

मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। कच्चे तेल के दाम में गिरावट, वैश्विक स्तर पर सकारात्मक घटनाक्रमों और आईटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 579 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 170 अंक की तेजी रही।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 579.48 अंक बढ़कर 77,502.12 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 656.29 अंक चढ़कर 77,578.93 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 169.85 अंक की तेजी के साथ 24,175.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस 5.64 प्रतिशत चढ़ा। इसके बाद क्रमशः टेक महिंद्रा (4.32 प्रतिशत), टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (4.28 प्रतिशत) और



- **सेंसेक्स 579 अंक चढ़ा, निफ्टी में 170 अंक की तेजी**

एचसीएल टेक (4.12 प्रतिशत) का स्थान रहा। बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, टाइटन और आईसीआईसीआई बैंक में भी तेजी रही। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो, मारुति सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.94 प्रतिशत चढ़ा, जबकि बीएसई स्मॉलकैप 0.68 प्रतिशत के लाभ में रहा।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.45 प्रतिशत टूटकर 70.53 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### एशियाई बाजार में रहा मिलाजुला रुख

एशियाई के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहे जबकि हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुआ। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। बुधवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए थे।

# सीएसएम टेक्नोलॉजीज के शेयर की सपाट शुरुआत




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) समाधान प्रदाता सीएसएम टेक्नोलॉजीज के शेयर ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार में सपाट शुरुआत की। कंपनी का शेयर 113 रुपये के निर्गम मूल्य पर ही सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का शेयर बीएसई और एनएसई दोनों पर 113 रुपये के निर्गम मूल्य के बराबर ही सूचीबद्ध हुआ। बाद में दोनों शेयर बाजारों में यह पांच प्रतिशत टूटकर 107.35 रुपये के निचले सर्किट स्तर पर पहुंच गया। बीएसई पर कंपनी का बाजार पूंजीकरण 553.96 करोड़ रुपये रहा।सीएसएम टेक्नोलॉजीज के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को सोमवार को बोली के अंतिम दिन पूर्ण अभिदान मिला था। इसे कुल 1.36 गुना अभिदान मिला।

# डॉलर के कमजोर होने से सोना-चांदी मजबूत

नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में 3,000 रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुझान और डॉलर के कमजोर होने के कारण सोने की मांग में तेज़ी आई।

- **सोना 3,000 रुपए चढ़ा, चांदी 5,000 रुपए मजबूत**
- **सोना बढ़कर हुआ 1.47 लाख रुपए प्रति दस ग्राम**

स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, दो दिन की गिरावट के बाद, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार के 1,44,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से 3,000 रुपये बढ़कर 1,47,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में तेज़ी जारी रही और यह 5,000 रुपये बढ़कर 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई।



पिछले सत्र में चांदी 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। व्यापारियों ने कहा कि विदेशी बाजारों में तेज़ी के बाद सोने की कीमतों में सुधार हुआ, जबकि औद्योगिक और निवेश मांग के कारण चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी जारी रही।

## बजाज ऑटो की जून में कुल बिक्री 28 प्रतिशत बढ़ी...




**मुंबई।** बजाज ऑटो लिमिटेड की निर्यात सहित कुल बिक्री जून में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़कर 4,63,202 इकाई रही। पुणे स्थित वाहन विनिर्माता कंपनी ने पिछले वर्ष जून में 3,60,806 वाहन बेचे थे। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वाणिज्यिक वाहनों सहित कुल घरेलू बिक्री पिछले महीने 11 प्रतिशत बढ़कर 2,09,837 इकाई रही, जो जून 2025 में 1,88,460 इकाई थी। समीक्षाधीन महीने में कुल निर्यात 47 प्रतिशत बढ़कर 2,53,365 इकाई हो गया, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 1,72,346 इकाई था। निर्यात सहित कुल दोपहिया वाहन बिक्री 30 प्रतिशत बढ़कर 3,89,395 इकाई रही।

# विदेशी निवेशकों ने बाजार से निकाले 49,430 करोड़ रुपए

नई दिल्ली



विदेशी निवेशकों ने जून में बिकवाली जारी रखी और कुल 49,340 करोड़ रुपये घरेलू शेयर बाजार बाजार से निकाले। मुख्य रूप से वैश्विक जोखिम से बचने, विकसित बाजारों को प्राथमिकता और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में तेजी तथा घरेलू बाजार में अधिक मूल्यांकन की वजह से बिकवाली की गयी।

- **विदेशी निवेशकों ने जून में भी बिकवाली जारी रखी**

सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लि. के आंकड़ों के अनुसार, इस ताजा निकासी के साथ, 2026 में अब तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) भारतीय इक्विटी बाजार से कुल 2.7 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके है। यह पूरे वर्ष 2025 में निकाली गई 1.66 लाख करोड़ रुपये की राशि से कहीं अधिक है। आंकड़ों से पता चलता है कि एफपीआई फरवरी को छोड़कर 2026 के हर महीने में शुद्ध बिकवाल बने रहे। उन्होंने जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये निकाले, जबकि फरवरी में शुद्ध लिवाल बनकर 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया, जो 17 महीनों में सबसे अधिक मासिक प्रवाह था। हालांकि, मार्च में यह प्रवृत्ति तेजी से बदली और विदेशी निवेशकों ने रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये निकाले। अप्रैल में शुद्ध रूप से 60,847 करोड़ रुपये और मई में 32,963 करोड़ रुपये की निकासी के साथ बिकवाली का दबाव जारी रहा। एफपीआई ने जून 49,340 करोड़ रुपये निकाले। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के प्रमुख, प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि जून के पहले पखवाड़े में निकासी मुख्य रूप से वैश्विक जोखिम से बचने, विकसित बाजारों को प्राथमिकता, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल अधिक होने और भारतीय शेयरों के मूल्यांकन को लेकर चिंताओं के कारण हुई।

### वैश्विक बाजार में अनिश्चितता कुछ कम हुई

हालांकि, अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर सकारात्मक घटनाक्रम के बाद जून के दूसरे पखवाड़े में भू-राजनीतिक जोखिम कम हुए। इससे वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता कुछ कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में सुधार में मदद मिली। इससे जोखिम धारणा में सुधार हुआ और ऊर्जा की कीमतों में अचानक उछाल को लेकर चिंताएं कम हुईं।

## मूडीज के अनुसार वर्ष 2025 के अंत तक 25 अरब डॉलर पहुंच गया

# देश का निजी कर्ज बाजार पांच साल में हुआ दोगुना

नई दिल्ली

भारत का निजी कर्ज बाजार पिछले पांच साल में दोगुना होकर 2025 के आखिर तक लगभग 25 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। वित्त पोषण की मजबूत मांग के बीच इसमें और वृद्धि की की संभावना है। मूडीज रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक के नए नियम उस खंड में प्रतिस्पर्धा बढ़ाएंगे जिस पर पहले से वैकल्पिक पूंजी का दबदबा रहा है। आरबीआई के नये नियम के तहत बैंकों को अधिग्रहण के लिए वित्त पोषण की अनुमति दी गयी है।

- **वित्त पोषण की मजबूत मांग के बीच इसमें और वृद्धि की संभावना**

### बैंकों को अधिग्रहण के लिए वित्त उपलब्ध कराने की अनुमति

केंद्रीय बैंक के एक जुलाई से लागू नए नियमों के अनुसार, आरबीआई ने पहली बार बैंकों को कुछ शर्तों के साथ इक्विटी शेयरों और अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय डिबेंचर के रणनीतिक अधिग्रहण के लिए वित्त उपलब्ध कराने की अनुमति दी है। मूडीज ने कहा कि भारत का निजी कर्ज बाजार पिछले पांच साल में तेजी से बढ़ा है। यह मुख्य रूप से मुश्किल में फंसी कंपनियों के लिए वित्त पोषण के स्रोत से बदलकर आर्थिक रूप से स्थिर कंपनियों के लिए कर्ज देने वाले बाजार के रूप में विकसित हुआ है।




***निजी ऋण देने वालों के लिए प्रतिफल कम होगा***

*मूडीज ने कहा, "हालांकि, नए नियमों से वित्त पोषण की लागत कम होने और इसकी उपलब्धता बढ़ने से उधार लेने वालों को फायदा हो सकता है, लेकिन इससे निजी ऋण देने वालों के लिए प्रतिफल कम होगा और अधिग्रहण वित्त पोषण के लिए सौदे की मात्रा घट सकती है।'*


### सालाना सौदा मूल्य 11 अरब डॉलर से अधिक रहा

रेटिंग एजेंसी ने कहा, "भारत का निजी कर्ज बाजार पिछले पांच साल में तेजी से बढ़ा है। 2025 में सालाना सौदा मूल्य 11 अरब डॉलर से अधिक रहा और उस साल के आखिर तक प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति यानी कर्ज बाजार लगभग 25 अरब डॉलर हो गया। हालांकि, वैश्विक मानकों के हिसाब से यह अब भी कम है।"

### निजी कर्ज के मूल्य में रियल एस्टेट का हिस्सा 40 फीसदी

मूडीज ने कहा कि मजबूत आर्थिक स्थिति के बीच देश में वित्त पोषण की जरूरतें बढ़ने के साथ इसकी वृद्धि और तेज होगी। निजी कर्ज के कुल मूल्य में रियल एस्टेट क्षेत्र का हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत है। इसके बाद बुनियादी ढांचा और जन केंद्रित सेवाओं से जुड़ी कंपनियों का स्थान है।

# पेनल्टी पर दागे गोल से बेल्जियम ने अतिरिक्त समय में सेनेगल को हराया




सिएटल

बेल्जियम ने दो गोल से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए यहां सेनेगल को 3-2 से हराकर फुटबॉल विश्व कप के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बेल्जियम ने नियमित समय के अंतिम लम्हों में दो गोल दागकर स्कोर 2-2 किया और फिर अतिरिक्त समय में पेनल्टी पर यूरी टिलेमैन्स के गोल से जीत दर्ज की।टिलेमैन्स ने 89वें मिनट में जर्मनी को बराबरी दिलाई और फिर अतिरिक्त समय के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल किया जो विश्व कप के इतिहास का सबसे देर से हुआ गोल था। बेल्जियम का अगला मुकाबला सोमवार को सिएटल में अमेरिका और बोस्निया-हर्जेगोविना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

## लुकाकू व टिलेमैन्स ने दागे गोल

बेल्जियम के लिए सबसे अधिक गोल करने वाले स्ट्राइकर रोमेलु लुकाकू स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरे और 86वें मिनट में गोल करके बेल्जियम की वापसी की उम्मीद जगाई। तीन मिनट बाद टिलेमैन्स ने बेल्जियम के लिए एक और गोल करके मैच को अतिरिक्त समय में खींचा और फिर पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की।

## पिछले 11 विश्वकप में सिर्फ दूसरा मौका

बेल्जियम की यह जीत पिछले 11 विश्व कप में सिर्फ दूसरा मौका थी जब किसी टीम ने नॉकआउट दौर में दो या उससे अधिक गोल से पिछड़ने के बाद अगले दौर में जगह बनाई। बेल्जियम ने 2018 टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जापान के खिलाफ 3-2 की जीत के दौरान भी ऐसा ही किया था। रूस में तब तीसरे स्थान पर रही बेल्जियम की उस टीम के कई अहम खिलाड़ी बुधवार की जीत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे।



# बेलोगन ने बोस्निया-हर्जेगोविना के खिलाफ अमेरिका को जीत दिलाई पर लाल कार्ड मिला

सेंटा क्लारा

फोलेरिन बेलोगन ने विश्व कप के राउंड ऑफ 32 मैच में बोस्निया-हर्जेगोविना के खिलाफ टूर्नामेंट का अपना तीसरा गोल करके अमेरिका को बढ़त दिलाई लेकिन दूसरे हाफ की शुरुआत में उन्हें लाल कार्ड मिला जिससे मेजबान टीम को 2-0 की जीत के दौरान बाकी मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। बेलोगन ने एनबीए के लेब्रोन जेम्स के 'द साइलेंसर' मूव के साथ दो बार गोल का जश्न मनाया। उन्होंने पहली बार जब गोल किया था तो ऑफ साइड के कारण गोल को अमान्य कर दिया गया। यह टूर्नामेंट में उनका तीसरा और कुल मिलाकर 12वां अंतरराष्ट्रीय गोल था।

## गोल करने के बाद बाहर होने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी

तारिक मुहरेमोविच के दाहिने टखने पर पैर रखने के कारण उन्हें ब्राजील के रैफरी राफेल क्लॉस ने 64वें मिनट में लाल कार्ड दिखाया। क्लॉस ने शुरू में कार्ड का संकेत नहीं दिया लेकिन वीडियो रिव्यू के बाद बेलोगन को लाल कार्ड दिखाया। बेलोगन विश्व कप नॉकआउट मैच में गोल करने और फिर बाहर भेजे जाने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले 2002 में इंग्लैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में ब्राजील के रोनाल्डिन्हो और 2006 में इटली के खिलाफ फाइनल में फ्रांस के जिनेदिन जिदान के साथ ऐसा हो चुका है। बेलोगन अब सोमवार को बेल्जियम के खिलाफ होने वाले प्री क्वार्टर फाइनल मैच से निलंबित रहेंगे। इससे पहले 31वें मिनट में ऑफ साइड के कारण बेलोगन का गोल अमान्य होने के बाद उन्होंने 45वें मिनट में अमेरिका को बढ़त दिलाई। गेंद मुहरेमोविक के पैर से टकराकर बेलोगन के सामने आई और उन्होंने अपने बाएं पैर से दनदनाता हुआ शॉट लगाकर गोलकीपर निकोला वासिलज को छकाकर गोल कर दिया। टिलमैन ने इसके बाद दूसरे हाफ में 82वें मिनट में एक और गोल दागकर अमेरिका की जीत सुनिश्चित की।




## खबर संक्षेप



### शाहरुख ने एलए नाइट राइडर्स स्टेडियम का किया उद्घाटना

**कैलिफोर्निया।** बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान ने कैलिफोर्निया के पोमोना में एलए नाइट राइडर्स क्रिकेट स्टेडियम का आधिकारिक उद्घाटन किया। यह मैदान मेजर लीग क्रिकेट में एलए नाइट राइडर्स टीम का घरेलू मैदान होगा। इसके साथ-साथ आगामी ओलंपिक में भी इसका उपयोग किया जाएगा। बता दें कि शाहरुख नाइट राइडर्स ग्रुप के सह-मालिक हैं। इस कदम को अमेरिका में क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के तौर पर भी देखा जा रहा है।
शाहरुख ने एक्स पर किया पोस्ट
शाहरुख ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'जो एक सपना था, वह आज हकीकत बन गया है। आप सभी का एलए के नाइट राइडर्स क्रिकेट ग्राउंड में स्वागत है। यह जगह सिर्फ खेल के लिए ही नहीं, बल्कि ऐसी यादों के लिए जो हमेशा साथ रहेंगी। उन्होंने आईसीसी के चेयरमैन जय शाह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे लिखा 'जयभाई का खास शुक्रिया, जो इस सफर में बहुत मददगार रहे हैं।'

### ग्रीनलैंड और फेरो आइलैंड को ओलंपिक टीम का दर्जा नहीं देंगे : आईओसी



**लुसाने।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा कि डेनमार्क की संसद के अनुरोध के बावजूद ग्रीनलैंड और फेरो आइलैंड को अलग और स्वतंत्र ओलंपिक टीम के तौर पर मान्यता नहीं दी जाएगी। ओलंपिक चार्टर में 30 साल से उस देश को ही आधिकारिक टीम रखने की इजाजत है जिसे 'अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा मान्यता प्राप्त स्वतंत्र देश' माना जाता है। आईओसी ने बयान में कहा कि ग्रीनलैंड और फेरो आइलैंड डेनमार्क के अंतर्गत अर्ध स्वायत्त क्षेत्र हैं और इस मानक को पूरा नहीं करते हैं। लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों का उद्घाटन औपचारिक रूप से राष्ट्रपति ट्रंप करेंगे।
और ग्रीनलैंड तथा फेरो आइलैंड के खिलाड़ी डेनमार्क की ओर से हिस्सा ले सकते हैं। डेनमार्क उन 206 राष्ट्रीय ओलंपिक संघों में से एक है जिन्हें आईओसी से मान्यता प्राप्त है। आईओसी ने कहा, ''पिछले कुछ वर्षों में कई बार संबंधित पक्षों को यह बात बहुत साफ तौर पर समझाई और बताई गई है।''

# फुटबॉल के साथ लुचा लिब्रे भी बना फुटबॉल विश्व कप का बड़ा आकर्षण

मेक्सिको सिटी

फुटबॉल के साथ-साथ मेक्सिको की विश्वप्रसिद्ध लुचा लिब्रे (मुखौटा कुश्ती) भी विश्व कप देखने पहुंचे पर्यटकों के लिए सबसे बड़े आकर्षणों में शामिल हो गई है।

रंग-बिरंगे मुखौटे पहने पहलवानों से सजी सड़कें और खचाखच भरे अखाड़े इस पारंपरिक खेल की लोकप्रियता का प्रमाण हैं। दुनिया भर से आए फुटबॉल प्रशंसक मेक्सिको की इस प्रतिष्ठित सांस्कृतिक विरासत के रंग में पूरी तरह रंगते नजर आ रहे हैं। फुटबॉल के साथ-साथ लुचा लिब्रे भी मेक्सिको की राष्ट्रीय पहचान और जुनून का अभिन्न हिस्सा है। कुश्ती के अखाड़ों में प्रवेश करते ही दर्शक कुछ घंटों के लिए फुटबॉल विश्व कप का रोमांच भूलकर एक अलग ही दुनिया में पहुंच जाते हैं। स्टेडियमों के बाहर अब राष्ट्रीय झंडों के साथ-साथ लुचा लिब्रे के मुखौटे भी बड़ी संख्या में बिकते दिखाई देते हैं।


फाइल फोटो

# यमाल स्पेन के लिए नॉकआउट मैच खेलने फिटः कोच

मेक्सिको सिटी

इंगलवुड (अमेरिका)। कोच लुई डे ला फुएंते ने कहा कि 18 साल के लैमिन यमाल अब इतने फिट हैं कि जरूरत पड़ने पर स्पेन के लिए पूरा विश्व कप मैच खेल सकते हैं। बार्सीलोना के इस विंगर ने स्पेन के तीन ग्रुप मैच में सिर्फ 141 मिनट खेलते हुए एक गोल किया।

इस तरह वह शायद इकलौते ऐसे सुपरस्टार हैं जिन्होंने सितारों से भरे मौजूदा विश्व कप में कोई खास कमाल नहीं दिखाया है। यमाल को 22 अप्रैल को पैर की मांसपेशियों में चोट लगी थी जिसके बाद उनके उबरने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए स्पेन ने उनके खेलने के समय को सीमित रखा था। नॉकआउट मुकाबले से पहले डे ला फुएंते ने सोफी स्टेडियम में संवाददाताओं से बात करते हुए संकेत दिया कि यमाल के उबरने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। स्पेन की टीम राउंड ऑफ 32 मैच में ऑस्ट्रिया का सामना करेगी। पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण ला लीगा सत्र के आखिरी छह मैच नहीं खेलने के बावजूद यमाल ने बार्सीलोना के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 24 गोल किए और 17 गोल करने में मदद की।



# तीसरी रांची जिला शूटिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ, वित्त मंत्री ने किया उद्घाटन

झारखंड उजाला संवाददाता

**रांची ।** झारखंड के वित्त और संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्णन ने शुक्रवार को राजधानी रांची के खेलगांव स्थित टिकैत उमराव सिंह शूटिंग रेंज में तीसरी रांची जिला शूटिंग चैंपियनशिप का भव्य उद्घाटन किया। यह प्रतियोगिता 3 से 5 जुलाई तक आयोजित की जाएगी, जिसमें रांची सहित विभिन्न क्षेत्रों के 200 से अधिक प्रतिभागी अपनी निशानेबाजी का कौशल दिखाएंगे। चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल एवं एयर पिस्टल (महिला और पुरुष वर्ग), 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल, स्टैंडर्ड पिस्टल, सेंटर फायर पिस्टल तथा 50 मीटर प्रोन राइफल और थ्री पोजीशन जैसे विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। श्री किशोर ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर इस चैंपियनशिप का विधिवत उद्घाटन किया।वहीं जेएसएसपीएस के सीईओ नवीन कुमार झा, रांची जिला शूटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय कुमार, झारखंड गौ आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद,राजेश गुप्ता सहित खेल और प्रशासन से जुड़े कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर राज्य के उभरते निशानेबाजों की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया गया। रौनक राज महतो ने 10 मीटर एयर राइफल में यूथ एशियन चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, जबकि सुप्रिया कुमारी ने 67वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप 2024 में रजत पदक जीतकर झारखंड का नाम रोशन किया है।

वित्त मंत्री श्री किशोर ने मौके पर सभी निशानेबाजों को शुभकामनाएं दी और कहा कि इस खेल के पीछे योग का अभ्यास है क्योंकि इसमें साँस रोकने की क्षमता जरूरी होती है । यह आयोजन राज्य में शूटिंग को बल देने में बड़ी भूमिका अदा करेगा। आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के युवा निशानेबाजों को बेहतर मंच उपलब्ध कराना और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाओं को तैयार करना है। तीन दिनों तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ी अपने प्रदर्शन के आधार पर आगे की प्रतियोगिताओं के लिए चयनित होने का प्रयास करेंगे।




# दो टेस्ट मैच की सीरीज खेलने भारतीय टीम का श्रीलंका दौरा अगस्त में

नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम अगस्त में श्रीलंका का दौरा करेगी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-2027 के तहत टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेगी। 2 मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत 15 अगस्त से होने वाले मैच से होगी। इसके बाद दूसरा टेस्ट मैच 23 अगस्त से होना है। पहला टेस्ट गॉल में और दूसरा टेस्ट कोलंबो में खेले जाने हैं। दिलचस्प रूप से भारतीय टीम लगभग एक दशक के बाद श्रीलंका दौरे पर कोई टेस्ट सीरीज खेलगी।




## 2017 के बाद भारत खेलेगा श्रीलंका में टेस्ट सीरीज

भारतीय टीम ने 2017 में आखिरी बार श्रीलंका की धरती पर 3 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली थी। तब विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम ने सीरीज को क्लीन स्वीप किया था। पिछले श्रीलंका के दौरे से अब तक भारतीय टीम में कई बदलाव हो चुके हैं। कोहली टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और आगामी सीरीज में शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम अपनी चुनौती पेश करेगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में भारतीय टीम फिलहाल 48.15 प्रतिशत अंक के साथ पांचवे स्थान पर है। 2025-27 में भारत ने कुल 9 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 4 मैच जीते हैं और 4 में ही शिकस्त झेली , 1 टेस्ट ड्रॉ रहा है

# पहले दिन प्रज्ञानानंदा संयुक्त दूसरे स्थान पर

जागरेब (क्रोएशिया)

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने ग्रैंड चेस टूर के जागरेब चरण में जर्मनी के शीर्ष वरीय विन्सेंट कीमर को हराकर अपने अभियान की शुरुआत की लेकिन अगली दो बाजियां ड्रॉ खेली और रैपिड वर्ग के पहले दिन संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।

प्रज्ञानानंदा ने बुधवार को फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव और अपने ही देश के विश्व चैंपियन डी गुकेश के साथ कड़े मुकाबले के बाद बाजी ड्रॉ खेली और दिन का अंत चार अंक के साथ किया।

**फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा शीर्ष पर**

फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा अपनी शुरुआती दो बाजी जीतकर और फिर तीसरे दौर में नीदरलैंड के अनीश गिरी के साथ ड्रॉ खेलकर पांच अंक के साथ शीर्ष पर हैं। रैपिड प्रारूप में हर जीत के लिए दो अंक मिलते है। फिरोजा ने प्रज्ञानानंदा, गिरी, वाचियेर-लाग्रेव और कीमर पर बढ़त बना रखी है जिन सभी के चार अंक हैं। कीमर ने पहले दौर में हार के बाद दो जीत के साथ वापसी की थी।



**प्रज्ञानानंद ने 26 चाल में जीत हासिल की**

नॉर्वे शतरंज का खिताब जीतने वाले प्रज्ञानानंदा ने कीमर के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाया और सीधे विरोधी राजा पर हमला करते हुए सिर्फ 26 चाल में जीत हासिल की। भारतीय खिलाड़ी का मुकाबला वाचियेर-लाग्रेव से ड्रॉ रहा जिन्होंने विश्व चैंपियन गुकेश पर शानदार जीत के साथ शुरुआत की थी।

**गुकेश ने क्रोएशिया के खिलाड़ी को हराया :** फ्रांसीसी खिलाड़ी से हारने के तुरंत बाद गुकेश ने लय वापस पा ली और दूसरे दौर में क्रोएशिया के इवान सारिक को आसानी से हरा दिया।

# खेल मंत्रालय की मेजबानी में अगले छह महीने में भारत में 11 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** भारत में अगले छह महीने में बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप समेत 11 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेले जाने हैं और खेल मंत्रालय ने बेहतरीन मेजबानी का आश्वासन देते हुए कहा है कि खराब आयोजन जैसी अतीत की घटनाओं का दोहराव नहीं होगा। बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप 17 अगस्त से इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम पर खेली जायेगी जहां इस साल जनवरी में इंडिया ओपन के दौरान स्वच्छता और रखरखाव से जुड़े मसलों को लेकर विदेशी खिलाड़ियों ने काफी आलोचना की थी ।


**सभी सुविधाएं होंगी शीर्ष स्तर की : मंत्रालय**

खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा ,'' हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी सुविधायें शीर्ष स्तर की हो । मंत्रालय तैयारियों पर नजर रखे हुए हैं। हम नकारात्मक धारणा को बदलने के लिये काम कर रहे हैं।''

पीएसए चैलेंजर

# सेंथिलकुमार और तन्वी ने किया सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई





मुंबई

भारत के सक्वाश खिलाड़ी वेलावन सेंथिलकुमार और तन्वी खन्ना ने बृहस्पतिवार को यहां एचसीएल-एसआरएफआई पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेंथिलकुमार ने मुश्किल शुरूआत के बाद मिस्र के चौथे वरीय अब्दुल्लाह हफीज को 15-13, 11-4, 11-3 से शिकस्त दी और अब सेमीफाइनल में उनका सामना मिस्र के दूसरे वरीय यासिन शोहदी से होगा।

वहीं तन्वी ने जापान की आठवीं वरीयता प्राप्त जो फू के खिलाफ एक गेम गंवाया लेकिन 11-6, 11-7, 8-11, 11-6 से जीत दर्ज करने में सफल रहीं। सेमीफाइनल में तन्वी का सामना जापान की छठी वरीय अकारी मिदोरिकावा से होगा।


कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट

# श्रीकांत रिटायर हुए : अकर्षी, तान्या कनाडा ओपन के दूसरे दौर में

मार्खम (कनाडा)

भारत के अनुभवी शटलर किदांबी श्रीकांत ने फिटनेस संबंधी परेशानी के कारण कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अपने पहले दौर का मुकाबला बीच में ही छोड़ दिया तो वहीं महिला एकल में तान्या हेमनाथ और आकर्षि कश्यप दूसरे दौर में पहुंचने वाली भारत की चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल रहे।

पिछले रविवार को यूएस ओपन 300 में उपविजेता रहे 33 साल के श्रीकांत पुरुष एकल के पहले दौर में मलेशिया के पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ली जी जिया के खिलाफ 10-11 से पिछड़ रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कोच बी. साई प्रणीत से चर्चा के बाद मैच से हटने का फैसला किया।



## अब झांग व गुंजी से मुकाबला

महिला एकल में आकर्षि कश्यप ने फ्रांस की अन्ना तात्रानोवा को 21-14, 21-12 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया, जहां उनका सामना अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त बेईवेन झांग से होगा। दूसरी ओर तान्या हेमनाथ ने अमेरिका की दिशा गुप्ता को 21-16, 21-18 से शिकस्त दी और अब उनका मुकाबला जापान की रिको गुंजी से होगा।

## नौ खिलाड़ियों में से 7 पहले दौर में बाहर

भारतीय खिलाड़ियों के लिए कुल मिलाकर दिन निराशाजनक रहा। बुधवार को उतरे नौ भारतीय खिलाड़ियों में से सात पहले ही दौर में बाहर हो गए। पांचवीं वरीयता प्राप्त देविका सिहाग चीनी ताइपे की तुंग सिउ-तोंग से 14-21, 15-21 से हार गईं। कनाडा की रेचल चान के खिलाफ रक्षिता रामराज ने कड़ा संघर्ष लेकिन 15-21, 21-14, 15-21 से हारकर बाहर हो गईं। इस साल अबू धाबी में अल ऐन मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने वाली श्रियंशी वालिशेट्टी को चीनी ताइपे की हुआंग चिंग पी के हाथों 9-21, 18-21 से पराजय झेलनी पड़ी। अनमोल खरब ने शीर्ष वरीयता प्राप्त मेजबान खिलाड़ी मिशेल ली को कड़ी टक्कर दी, लेकिन 6-21, 26-24, 13-21 से मुकाबला गंवा बैठीं।

## पुरुष खिलाड़ियों का प्रदर्शन

पुरुष एकल में सनीत दयानंद और शंकर सुब्रमण्यन भी पहले दौर की बाधा पार नहीं कर सके। सनीत को जापान के तीसरी वरीयता प्राप्त युदाई ओकिमोटो ने 21-7, 21-11 से हराया, जबकि शंकर को दक्षिण कोरिया के यू ते-बिन ने 19-21, 21-15, 21-15 से मात दी। पुरुष युगल में भारत की एकमात्र जोड़ी अच्युतादित्य राव दोड्डावरापु और अर्जुन रेड्डी पोचाना भी शुरुआती दौर में हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

## डोप उल्लंघन करने वालों की सूची में भारत टॉप पर



**नई दिल्ली।** एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) की डोपिंग उल्लंघन करने वालों की वैश्विक सूची में भारत 162 नाम के साथ सबसे ऊपर बना हुआ है। यह एक बार फिर उस बड़ी समस्या को दिखाता है जो देश के खेल जगत को प्रभावित कर रही है। इस सूची में कीनिया 148 नाम के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि तीसरे स्थान पर रूस है जहां 60 से अधिक मामले मिले हैं। इस सूची में डोपिंग उल्लंघन के लिए प्रतिबंध झेल रहे लोग शामिल हैं। इसमें वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने डोपिंग के अलावा अन्य उल्लंघन किए हैं जैसे कि नमूने से छेड़छाड़, परीक्षण से बचना, तस्करी या अपने रहने के स्थान की जानकारी नहीं देना। इन उल्लंघनों के लिए भी डोपिंग उल्लंघन जैसी ही सजी मिलती है।

# 3 महीने बाद खामेनेई की अंतिम विदाई शुरू, तेहरान से कर्बला और मशहद तक रहेगा पार्थिव

एजेंसी




**तेहरान।** अमेरिका-इजराइल हमले में मारे गए ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की बहुप्रतीक्षित अंतिम यात्रा अब शुरू होने जा रही है। लगभग तीन महीने तक सुरक्षा कारणों और क्षेत्रीय तनाव के चलते टले इस कार्यक्रम के तहत उनके पार्थिव शरीर को तेहरान, कोम, कर्बला और मशहद ले जाया जाएगा। लाखों लोगों के जुटने की संभावना को देखते हुए प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। इस यात्रा को न केवल धार्मिक बल्कि राजनीतिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अयातुल्ला अली खामेनेई की मृत्यु के बाद ईरान लगातार सुरक्षा चुनौतियों और क्षेत्रीय तनाव से जूझ रहा था। इसी वजह से अंतिम संस्कार और सार्वजनिक श्रद्धांजलि कार्यक्रमों को तत्काल आयोजित नहीं किया जा सका। अब हालात अपेक्षाकृत सामान्य होने और कूटनीतिक स्तर पर बातचीत आगे बढ़ने के बाद ईरानी प्रशासन ने अंतिम यात्रा और दफन समारोह की रूपरेखा तय की है। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार अंतिम यात्रा कई चरणों में आयोजित की जाएगी, जिसमें ईरान और इराक के महत्वपूर्ण धार्मिक शहर शामिल हैं।

सबसे पहले खामेनेई के पार्थिव शरीर को राजधानी तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला में रखा जाएगा, जहां आम नागरिक, सैन्य अधिकारी और राजनीतिक नेता अंतिम दर्शन कर सकेंगे। इसके बाद पार्थिव शरीर को शिया समुदाय के प्रमुख धार्मिक केंद्र कोम ले जाया जाएगा। यहां वरिष्ठ धर्मगुरु और धार्मिक संस्थाएं उन्हें श्रद्धांजलि देंगी। अंतिम यात्रा का अगला पड़ाव इराक का ऐतिहासिक शहर कर्बला होगा। शिया समुदाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण इस शहर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**मशहद में होगा अंतिम संस्कार, इमाम रजा दरगाह परिसर में होंगे सुपुर्द-ए-खाक**

इराक से वापसी के बाद अयातुल्ला खामेनेई के पार्थिव शरीर को मशहद लाया जाएगा। यहां विश्व प्रसिद्ध इमाम रजा दरगाह परिसर में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। शिया समुदाय में इस तीर्थस्थल का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है और हर साल लाखों श्रद्धालु यहां जियारत के लिए पहुंचते हैं। मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह शिया इस्लाम के आठवें इमाम, इमाम अली अल-रजा से जुड़ी हुई है। यह स्थान न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि ईरान की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का भी प्रमुख प्रतीक माना जाता है। दुनिया भर से आने वाले शिया श्रद्धालुओं के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण तीर्थस्थलों में शामिल है। ईरानी सुरक्षा एजेंसियों की सबसे बड़ी चिंता संभावित भीड़ को नियंत्रित करना है। वर्ष 1989 में इस्लामी क्रांति के जनक अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी के अंतिम संस्कार में लाखों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। हालात इतने बेकाबू हो गए थे कि ताबूत तक भीड़ पहुंच गई थी और अफरा-तफरी की स्थिति बन गई थी।

# वेनेजुएला भूकंप के 8 दिन बाद मलबे से जिंदा निकला सिक्योरिटी गार्ड, दुनिया हैरान

एजेंसी



**मसकट।** वेनेजुएला में आए दो भीषण भूकंपों के बाद एक ऐसा चमत्कार हुआ है, जिसे देखकर हर कोई हैरान है। 43 साल के सिक्योरिटी गार्ड हरनान अल्वर्टो गिल फ्लोरेस करीब 140 टन भारी मलबे के नीचे पूरे आठ दिनों तक दबे रहे। इसके बाद चले 100 घंटे के बेहद मुश्किल रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। यह हादसा वेनेजुएला के एक शॉपिंग सेंटर में हुआ, जो भूकंप के कारण पूरी तरह ढह गया था। हरनान वहां नाइट शिफ्ट में सिक्योरिटी गार्ड का काम करते थे। जब 24 जून को 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो लगातार भूकंप आए, तब वह एक छोटे सुरक्षा केबिन के अंदर थे। आसपास की पूरी कंक्रीट की बिल्डिंग गिर गई, लेकिन वह छोटा केबिन सही-सलामत रहा, जिसने उन्हें मलबे से बचाए रखा और उन्हें सांस लेने के लिए थोड़ी जगह मिल गई।

**इमोशनल कर देने वाला पल**

जब रेस्क्यू टीम ने कई दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद हरनान को स्ट्रेचर पर बाहर निकाला, तो वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो गईं। धूल से सने हरनान को ऑक्सीजन मास्क लगाकर एम्बुलेंस तक ले जाया गया। इस कामयाबी पर अलग-अलग देशों के बचावकर्मी खुशी से झूम उठे। कोस्टा रिका के एक रेस्क्यू वर्कर ने बताया कि जब उन्होंने हरनान को पहली बार ढूंढा, तो हरनान ने उनसे कहा था, मेरी पत्नी को मत बताना कि मैं जिंदा हूं, कहीं ऐसा न हो कि मैं बाहर न आ पाऊं। लेकिन टीम ने ठान लिया था कि वे उन्हें बचाकर ही दम लेंगे। आमतौर पर भूकंप के बाद 48 से 72 घंटों को ही जान बचाने के लिए सबसे जरूरी माना जाता है, लेकिन यह रेस्क्यू ऑपरेशन इससे कहीं ज्यादा लंबा चला।

# मणिपुर में सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई : एके -56 और एम-16 राइफलों समेत गोला-बारूद बरामद, 4 बंकर किये नष्ट

एजेंसी



**तेजपुर:** अवैध हथियारों और उग्रवादी ठिकानों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में, सुरक्षा बलों और मणिपुर पुलिस ने 2 जुलाई को मणिपुर के चार जिलों में मिलकर तलाशी अभियान चलाया. इस अभियान में भारी मात्रा में आधुनिक हथियार, विस्फोटक, गोला-बारूद, संचार उपकरण और सैन्य सामान बरामद किए गए. मणिपुर पुलिस ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान सुरक्षा बलों ने उखरुल जिले में चार अवैध बंकरों को भी नष्ट कर दिया. सबसे बड़ी कामयाबी मणिपुर पुलिस को इंफाल ईस्ट जिले के पोरोम्पैट पुलिस स्टेशन के तहत वाखा चिंग में चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान मिली. पुलिस ने वहां से दो .32 कैलिबर पिस्तौल, एक 12-बोर पंप-एक्शन एसबीबीएल (रइइछ) गन, एक डबल-बैरल गन, एक सिंगल-बैरल गन, 36 हैंड ग्रेनेड, तीन ग्रेनेड डेटोनेटर, एक लाथोड शेल, दो 2-इंच के मोर्टार हाई-एक्सप्लोसिव बम, पांच ट्यूब लॉन्चर, दो .32 पिस्तौल मैगजीन, 86 जिंदा कारतूस, 20 बैरल कारतूस, 7.62 एमएम के नौ खाली कारतूस केस और सेना की वर्दी, जैकेट और जूते जैसे सैन्य सामान बरामद किए.

चांडेल जिले में एक अलग अभियान के दौरान, सुरक्षा बलों ने मोलचाम पुलिस स्टेशन के तहत जौपी में चलजांग गांव के आस-पास के इलाके की तलाशी ली. वहां से एक अङ-56 असॉल्ट राइफल, पांच मैगजीन, 10 सिंगल-बोर राइफल, चार्जर के साथ पांच बाओफेंग रेडियो सेट और दो 12 एमएम गेज शॉटगन बरामद की गईं. हथियारों के साथ रेडियो सेट मिलने से जांचकताओं को इस इलाके में अवैध हथियारबंद गतिविधियों का पता लगाने में काफी मदद मिलने की उम्मीद है. एक और तलाशी अभियान बिष्णुपुर जिले के कुम्बी पुलिस स्टेशन के तहत कुम्बी सगोलपत के पास कुम्बी सेतूपुर की पहाड़ियों के निचले इलाके में चलाया गया. इस कार्रवाई के दौरान सुरक्षाकर्मियों को एक एम-16 राइफल (मैगजीन के साथ), एक 9 एमएम पिस्तौल (मैगजीन के साथ), तीन एसबीबीएल गन, एक पोम्पी लॉन्चर, पांच पोम्पी बम, चार नंबर 36 हाई-एक्सप्लोसिव हैंड ग्रेनेड, 32 जिंदा कारतूस, तीन इन्सास मैगजीन और कई अन्य सामान मिले.

हथियार और विस्फोटक बरामद करने के अलावा, सुरक्षा बलों ने उखुल जिले में उग्रवादियों के ठिकानों को भी नष्ट कर दिया. लितन पुलिस स्टेशन के तहत चलाए गए अभियानों के दौरान, सुरक्षाकर्मियों ने चार अवैध बंकरों को ध्वस्त कर दिया, जिनमें थॉयी गांव (महादेव टॉप) और जालेनबुंग गांव में दो-दो बंकर शामिल थे. अधिकारियों ने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि इन बंकरों का इस्तेमाल इलाके में सक्रिय हथियारबंद समूह कर रहे थे. यह साझा अभियान मणिपुर में अवैध हथियारों को जब्त करने, उग्रवादियों के ठिकानों को नष्ट करने और हथियारों व विस्फोटकों के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए चल रहे सुरक्षा उपायों का एक हिस्सा था. अधिकारियों ने कहा कि राज्य में सुरक्षा मजबूत करने और शांति बहाल करने के प्रयासों में मदद के लिए संवेदनशील और कमजोर इलाकों में खुफिया जानकारी पर आधारित ऐसे तलाशी अभियान आगे भी जारी रहेंगे.

## संक्षिप्त खबर

### तमिलनाडु: करूर भगदड़ में मारे गए 41 लोगों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने का फैसला



**करूर:** सी जोसेफ विजय की तमिलनाडु सरकार ने फैसला किया है कि करूर में टीवीके नेता विजय के कैंपेन के दौरान भगदड़ में मारे गए 41 लोगों के परिजनों को सरकारी नौकरी दी जाएगी. सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी. तमिलनाडु के मुख्यमंत्री जोसेफ विजय 10 और 11 जुलाई को करूर जाने वाले हैं. अपने दौरे के दौरान, वे वहां एक सरकारी वेलफेयर स्कीम डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी में हिस्सा लेंगे. विजय पिछले साल सितंबर में करूर में टीवीके के चुनाव प्रचार अभियान के दौरान भगदड़ में मारे गए 41 लोगों के परिवारों से मिलने और उन्हें सांत्वना देने का भी प्लान बना रहे हैं. इसके अलावा यह भी बताया गया है कि वह करूर घटना में मारे गए 41 लोगों के हर परिवार से एक व्यक्ति को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी देने के लिए एक डॉक्यूमेंट भी जारी करेंगे. मुख्यमंत्री बनने के बाद विजय का यह करूर का पहला दौरा है. इसलिए इसे राजनीतिक और प्रशासनिक रूप से एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है. पिछले साल 27 सितंबर को करूर में टीवीके के चुनाव प्रचार अभियान के दौरान भगदड़ में 41 लोगों की मौत हो गई थी. इस घटना से पूरे तमिलनाडु में सदमे की लहर दौड़ गई थी. घटना के बाद टीवीके लीडर के तौर पर विजय ने मरने वालों के परिवारों को चेन्नई बुलाया और उनसे पर्सनली मिलकर अपनी संवेदनाएं जताई. हालांकि, खुद करूर जाने के बजाय पीड़ित परिवारों के सदस्यों को चेन्नई बुलाने के विजय के फैसले की राजनीतिक हलकों में आलोचना हुई. यह भी ध्यान देने वाली बात है कि करूर भगदड़ के बाद, पॉलिटिकल इवेंट और पब्लिक मीटिंग करने के तरीकों में कई बदलाव किए गए.

### राम मंदिर निर्माण से जुड़े वित्तीय विवादों की जांच करेंगे सीए, खातों के ऑडिट की तैयारी तेज



**अयोध्या।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के बाद से ही इसके प्रबंधन और निर्माण कोष को लेकर समय-समय पर कई तरह के विधिक और सांगठनिक सवाल उठते रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया और विभिन्न माध्यमों पर राम मंदिर निर्माण कोष से जुड़े बैंक खातों में बड़ी वित्तीय हेराफेरी और कथित चोरी होने के दावे किए गए थे, जिसके बाद तीर्थ क्षेत्र में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। इन गंभीर आरोपों की सत्यता और खातों की पारदर्शिता को सार्वजनिक करने के लिए अब चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की एक विशेष टीम को इस पूरे मामले की जांच सौंप दी गई है। यह विशेषज्ञ टीम ट्रस्ट के गठन से लेकर अब तक हुए सभी बड़े वित्तीय ट्रांजेक्शंस का फॉरेंसिक और ऑडिट करेगी ताकि हर एक रुपये का हिसाब साफ हो सके। इस पूरे वित्तीय विवाद पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने एक बड़ा विधिक बयान जारी करते हुए स्थिति को स्पष्ट करने का प्रयास किया है। चंपत राय ने कोष में किसी भी तरह की चोरी या हेराफेरी के दावों को पूरी तरह से काल्पनिक, निराधार और मनगढ़ंत करार दिया है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण के लिए देश-विदेश से मिले हर छोटे-बड़े दान की रसीदें डिजिटल रूप से सुरक्षित हैं और बैंक खातों के माध्यम से ही सारा भुगतान किया गया है। ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारियों के अनुसार, कुछ तत्व जानबूझकर मंदिर की छवि को धूमिल करने के लिए इस तरह की भ्रामक कहानियां सोशल मीडिया पर फैला रहे हैं, जबकि रूप से सारा काम तय नियमों के अनुसार ही चल रहा है।

### सोनम रघुवंशी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत : जमानत रद्द करने से इनकार, मेघालय सरकार को नोटिस जारी




**नयी दिल्ली।** पति की हत्या की आरोपी सोनम रघुवंशी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उसकी जमानत रद्द करने से इनकार करते हुए मेघालय सरकार से जवाब मांगा है। अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या की मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शुक्रवार, 3 जुलाई को हुई सुनवाई में कोर्ट ने उसकी जमानत को रद्द करने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने इस मामले में मेघालय सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है और अगली सुनवाई अगले गुरुवार के लिए निर्धारित की है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस शील नागू की पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि प्रथम दृष्टया वे जमानत पर रोक लगाने के पक्ष में थे, क्योंकि यह ऐसा मामला नहीं था जहां गिरफ्तारी के आधार न बताए गए हों। लेकिन कोर्ट ने यह भी माना कि चूंकि सोनम पहले ही जमानत पर जेल से बाहर आ चुकी है, इसलिए आदेश को पलटना सही नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि यह मामला ट्रायल के दौरान तय किया जाएगा और तब तक सोनम को अपना काउंटर एफिडेविट (जवाब) दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने इस बात पर भी गौर किया कि आरोपी ने जेल में कुछ समय बिताया है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि अपराध चाहे कितना भी गंभीर क्यों न हो, उन्हें यह ध्यान में रखना होगा कि ₹जमानत नियम है और जेल अपवाद₹। इसके साथ ही, कोर्ट ने हाई कोर्ट द्वारा इस मामले को संभालने के तरीके पर भी अपनी चिंता और आरक्षण व्यक्त किया।

### केंद्र सरकार ने ई-रिक्शा की बैटरी को हैक करने वाले ऐप्स को हटाने का आदेश दिया

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बैटरी से चलने वाली गाड़ियों को रिमोटली डिसेबल करने में गलत इस्तेमाल हो रहे BAT-BMS, लॉसिगी, इपोक-आई-आयन एप को हटाने का आदेश दिया. यह जानकारी पीटीआई न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से दी है. सरकार की यह कार्रवाई कुछ वीडियो सामने आने के बाद हुई, जिनमें दिखाया गया था कि चीनी स्मार्टफोन ऐप बैट-बीएमएस के रिमोट शटडाउन फीचर के जरिये ई-रिक्शा को दूर से बंद किया जा सकता है .वीडियो सामने आने के बाद इंटरनेट से जुड़ी वाहन प्रबंधन प्रणालियों की साइबर सुरक्षा को लेकर व्यापक चिंता पैदा हो गई.सूत्रों ने बताया कि सरकार ने बैटरी चालित वाहनों को दूर से बंद करने के लिए इस्तेमाल हो रहे बैट-बीएमएस, लॉसिजी और एपॉक-आई-आयन ऐप हटाने का आदेश दिया है. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने शुक्रवार को कहा कि ऐप स्टोर को नुकसान पहुंचाने वाले एप्लिकेशन को यूजर्स तक पहुंचने से रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए. ई-रिक्शा से जुड़े फ्रॉड से कथित तौर पर जुड़े ऐप्स पर एक सवाल का जवाब देते हुए कृष्णन ने कहा कि कल हमारे ध्यान में कुछ ऐप्स आए. उन दोनों को ऐप स्टोर से हटा दिया गया है.

# 52,000 करोड़ का डेफेंस बुस्ट : डीएसी ने सैन्य उपकरणों को दी मंजूरी, बढ़ेगी भारत की ताकत

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने रक्षा बलों के लिए लगभग 52,000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाले विभिन्न अधिग्रहण प्रस्तावों को 'आवश्यकता की स्वीकृति' यानी सैद्धांतिक प्रशासनिक मंजूरी दी। रक्षा मंत्रालय ने इस बात की जानकारी दी है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सेना के लिए, एंटी-अनमैन्ड एरियल व्हीकल इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम 'आकाश तरंग', मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम, मीडियम रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल वेपन सिस्टम, वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम, टैंकों के लिए एक्टिव प्रोटेक्शन सिस्टम और जेट-बेस्ड कामिकेज ड्रोन सिस्टम की खरीद को मंजूरी दी गई।

आकाश तरंग सेना की टुकड़ियों को एंटी-यूएवी सुरक्षा देगा। MPATGM दुश्मन के मैकेनाइज्ड खतरों का मुकाबला करने की इन्फैंट्री की क्षमता को बढ़ाएगा। MRSAM सिस्टम कई तरह के दूर से होने वाले हवाई खतरों के खिलाफ मध्यम दूरी की हवाई सुरक्षा देता है। मल्टी-स्पेक्ट्रल सेंसिंग वाला V-SHORADS भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई की क्षमता और असर को बढ़ाएगा। एक्टिव प्रोटेक्शन सिस्टम टैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और उनके बचे रहने की क्षमता को बढ़ाने में सक्षम होगा। जेट-बेस्ड कामिकेज ड्रोन बेहतर इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर क्षमता के साथ-साथ ज्यादा घातक और सुरक्षित होने के साथ-साथ किफायती भी हैं।

भारतीय नौसेना के लिए, मल्टी इन्फ्लुएंस ग्राउंड माइन, नेवल शिपबोर्न अनमैन्ड एरियल सिस्टम की खरीद और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम के लिए लैंड बेस्ड टेस्टिंग फैसिलिटी बनाने की मंजूरी दी गई। MIGM दुश्मन की चाल चलने की आजादी को रोकेगा। एडवांस्ड सेंसर से लैस ठरवअर भारतीय नौसेना की स्थिति की जानकारी (सिचुएशनल अवेयरनेस) को बेहतर बनाएगा। LBTF भारतीय नौसेना के एसेट्स के मोटर्स और उनसे जुड़े प्रोपल्शन सिस्टम की टेस्टिंग की जरूरतों को पूरा करेगा। भारतीय वायु सेना के लिए, फिक्स्ड-विंग आधारित हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट और अन्य प्रस्तावों की खरीद को मंजूरी दी गई। FW-HAPS भारतीय वायु सेना के लिए लगातार इंटेलिजेंस, सर्विलांस और टोही गतिविधियों, टेलीकम्युनिकेशन और रिमोट सेंसिंग का काम करेगा।

# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे की सड़क धंसने पर बड़ा एक्शन प्रोजेक्ट मैनेजर समेत 2 सस्पेंड, कंपनी को नोटिस

एजेंसी



**शामली :** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे पर सड़क धंसने के मामले में बड़ा एक्शन लिया गया है. एनएचएआई ने टीम लीडर और प्रोजेक्ट मैनेजर को सस्पेंड कर दिया है. वहीं, सीपीसी कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी करके तीन दिन के अंदर अपना जवाब दाखिल करने को कहा गया है. दरअसल, मामला दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे से जुड़ा है, जहां गुरुवार को मेरठ-करनाल हाईवे पर स्थित खेड़ा मस्तान गांव के पास बारिश की वजह से सड़क बीच से धंस गई थी. इसके बाद वहां से गुजर रही एक यात्री की कार फंसकर क्षतिग्रस्त हो गई. घटना के बाद पीड़ित ने गड्ढों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था और एक्स हैंडल के माध्यम से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से भी शिकायत की थी. सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद मामला सुर्खियों में आया, जिसके बाद एनएचएआई की टीम हरकत में आई और आनन-फानन में एक्सप्रेस-वे पर बने गड्ढों को भरवाया गया. वहीं, अब इस मामले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कार्रवाई करते हुए टीम लीडर का काम संभाल रहे कुलदीप राजदान और ठेकेदार के प्रोजेक्ट मैनेजर नागेंद्र पाल सिंह को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है. इसके साथ ही चैतन्या प्रोजेक्ट्स कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. एनएचएआई ने CPC कंपनी से तीन दिन के अंदर जवाब देने को कहा है.

इधर एनएचएआई ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के प्रभावित हिस्से की मरम्मत का काम पूरा कर लिया है, जिसके बाद अब वहां यातायात पूरी तरह सुचारू हो गया है. हालांकि, पानी की निकासी के लिए बनाई गई नाली के मरम्मत का काम अभी चल रहा है. फिलहाल वैकल्पिक तौर पर एक अस्थाई नाली बनाई गई है, ताकि वहां जल भराव की समस्या न हो. इस मामले में एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर नरेंद्र सिंह ने बताया कि दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे पर सड़क धंसने के मामले में कार्रवाई की गई है. टीम लीडर का काम संभाल रहे कुलदीप राजदान और ठेकेदार के प्रोजेक्ट मैनेजर नागेंद्र पाल सिंह को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है.

# काशी में खत्म होगा ट्रैफिक का झंझट, रु 10 के टिकट में देश के पहले पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोपवे का सफर

एजेंसी



**लखनऊ।** धर्मनगरी वाराणसी में देश का पहला पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोपवे बनकर पूरी तरह तैयार हो गया है, जिसे आगामी देव दीपावली के आसपास शुरू किया जा सकता है। रु 800 करोड़ की भारी-भरकम लागत से बने इस अत्याधुनिक हवाई कॉरिडोर के जरिए कैंट रेलवे स्टेशन से बाबा विश्वनाथ धाम के पास तक का सफर सिर्फ 16 मिनट में पूरा होगा। उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर में धार्मिक पर्यटन और शहरी यातायात को एक नई वैश्विक पहचान मिलने जा रही है। मेक्सिको और बोलीविया के ला पाज-एल आल्टो शहरों की तर्ज पर वाराणसी दुनिया का तीसरा और भारत का पहला ऐसा शहर बनने जा रहा है, जहां रोपवे का इस्तेमाल सामान्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में किया जाएगा। वाराणसी विकास प्राधिकरण से मिले विवरण के अनुसार, करीब रु 800 करोड़ की लागत से निर्मित यह 3.85 किलोमीटर लंबा अर्बन रोपवे प्रोजेक्ट पूरी तरह पूर्ण हो चुका है। इस हाईटेक सर्विस के शुरू होने से सबसे बड़ा फायदा उन श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को होगा, जिन्हें कैंट स्टेशन से गोदौलिया चौक तक जाने में भीषण ट्रैफिक जाम के कारण 45 मिनट से एक घंटे का समय बर्बाद करना पड़ता था। अब केबल कार के जरिए यह दूरी महज 16 मिनट में तय हो जाएगी।

**पहले चरण में तय हुई न्यूनतम किराया सूची, दूरी के आधार पर बढ़ेगा स्लैब सिस्टम**

हाईटेक रोपवे के सफर को आम जनता की जेब के अनुकूल रखने के लिए बहुत ही किफायती किराया नीति लागू की गई है। आधिकारिक किराया सूची के अनुसार, इस सफर का न्यूनतम किराया मात्र 10 रुपये निर्धारित किया गया है। यह व्यवस्था पूरी तरह से स्लैब सिस्टम पर काम करेगी, जिसके तहत कैंट रेलवे स्टेशन से शुरू होकर अगले प्रत्येक स्टेशन या स्टॉपेज की दूरी के हिसाब से 10-10 रुपये की बढ़ोतरी होती जाएगी। इस कियारेदारी के मुताबिक, वाराणसी कैंट से आखिरी स्टेशन गोदौलिया चौक तक के पूरे सफर को तय करने के लिए यात्रियों को कुल 50 रुपये का भुगतान करना होगा। किराया नीति में नियमित यात्रा करने वाले स्थानीय लोगों और कॉर्पोरेट क्लास के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। स्थानीय दुकानदारों और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के छात्रों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए क्यूआर कोड आधारित 'काशी स्मार्ट पास' सिस्टम लागू किया जा रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट भी बीजेपी के अधीन काम कर रहा है, राम मंदिर मुद्दे पर संजय राउत का बड़ा बयान


**मुंबई।** अयोध्या के राम मंदिर निर्माण के चंदे में हुई कथित धोखाधड़ी का मामला इन दिनों काफी गरमाया हुआ है। इस पूरे प्रकरण की तफ्तीश में जुटी एसआईटी अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस बीच, पूरे विवाद पर शिवसेना के दिग्गज नेता संजय राउत की प्रतिक्रिया आई है, जिसमें उन्होंने सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को आड़े हाथों लिया है। संजय राउत ने कहा कि देखिए कांग्रेस पार्टी की नहीं पूरी देश की भावना है। अब सुप्रीम कोर्ट के निगरानी में जांच होगी तो सुप्रीम कोर्ट निष्पक्ष है क्या? सुप्रीम कोर्ट भी उनके नीचे काम कर रहा है ना। मैं तो कहूंगा मुंबई हाई कोर्ट के जो जज है माधव जामदार उनके निगरानी में जांच होनी चाहिए। अब बहुत कम लोग बच्चे इस देश के न्याय व्यवस्था में। राउत ने कहा कि हां जो चाहते हैं कि ये सब साफ हो जाए। जिस तरह से अयोध्या अयोध्या जो है एक तीर्थ क्षेत्र रहा राम की अयोध्या रही उसका अब अंडरवर बन गया है जो मुंबई में अंडरवर है ना गुंडुम का और अंडरवर चलाने वाले बीजेपी के लोग सबसे पहले डाका डाला है राम मंदिर पे अब कोई एक मुसलमान पैदा करेंगे पाकिस्तान से और बोलेंगे उनका हाथ था उसमें वह बम डालने को आएगा उसके पास आरडीएक्स है टेरर अटैक करेगा। लूटा किसने है? यह बीजेपी के महमूद गजनवी ने अंडरव चला रहे लोग।

# निकाह, हलाला और तीन तलाक समाज का 'काला पन्ना'- इलाहाबाद हाईकोर्ट की बेहद सख्त टिप्पणी

एजेंसी



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महिलाओं के अधिकारों, उनकी सुरक्षा और सामाजिक कुप्रथाओं को लेकर एक अत्यंत कड़ा और नीतिगत रुख अपनाया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निकाह, हलाला और तीन तलाक जैसी रूढ़िवादी प्रथाओं की आड़ में होने वाले अत्याचारों पर बेहद गंभीर और तीखी टिप्पणी की है। कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि इन प्रथाओं की आड़ लेकर किसी भी महिला या नाबालिग लड़की के शारीरिक व मानसिक शोषण को विधिक संरक्षण नहीं दिया जा सकता। माननीय न्यायालय ने अपने आदेश में रेखांकित किया कि ऐसी कुप्रथाएं आधुनिक समाज का एक 'काला पन्ना' हैं, जो हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने, समानता के अधिकार और मानवीय गरिमा के पूरी तरह खिलाफ हैं। यह आदेश जस्टिस जे.जे. मुनीर और जस्टिस तरुण सक्सेना की द्विसदस्यीय खंडपीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान पारित किया। अदालत ने मामले के मुख्य आरोपियों- जिनमें पीड़िता का पूर्व पति, उसका सगा चाचा और एक मौलाना शामिल हैं- द्वारा दायर की गई याचिकाओं को पूरी तरह से खारिज कर दिया। इन आरोपियों ने पुलिस द्वारा दर्ज की गई आपराधिक प्राथमिकी को रद्द करने और अपनी संभावित गिरफ्तारी पर तत्काल रोक लगाने की मांग को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। खंडपीठ ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद स्पष्ट किया कि पर्सनल लॉ की आड़ लेकर आपराधिक मामलों में किसी भी प्रकार की विमोचन या छूट का दावा नहीं किया जा सकता। यह पूरा कानूनी विवाद उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के सैदनागली थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, अप्रैल 2015 में जब वह महज 15 साल की नाबालिग थी।



# फिर कॉमेडी करने आ रहे हैं अनु उत्तर दा पुत्तर का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** अनु कपूर अपनी अलग तरह की अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। कई फिल्मों में उन्होंने शानदार कॉमेडी की है। अब वह एक नई फिल्म में फिर से कॉमेडी करने वाले हैं। यह फिल्म है 'उत्तर दा पुत्तर'। गुरुवार को इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। ट्रेलर में इमोशन, ट्विस्ट और मनोरंजन का मिश्रण देखने को मिल रहा है। एक मिनट 48 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि अनु कपूर भौतिक विज्ञान के अध्यापक हैं। वह गृह और वास्तु को मानते हैं। इसके चलते उनको मुश्किल होती है। वह अपने दोस्तों को अच्छी सलाह देते हैं, मगर खुद परेशान रहते हैं। कहानी 'कर्म बड़ा या किस्मत?' के सवाल के आस-पास घूमती है।

लाइफ Style

# तमन्ना

## सुहावने मौसम का उठाया आनंद

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया का बारिश वाला वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में है। एक्ट्रेस बारिश में भीगकर इंजॉय करती दिख रही हैं, लेकिन उनके वीडियो को देखकर उनकी दोस्त और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी काफी निराश हो गईं।

तमन्ना भाटिया ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर मुंबई की झमाझम बारिश का एक वीडियो शेयर किया। क्लिप में तमन्ना बारिश देखकर बेहद एक्साइटेड दिखीं, इसके बाद वो बारिश में भीगने लगीं और सुहावने मौसम का पूरा आनंद उठाया। थोड़ी देर बाद उन्होंने कैमरे पर कहा, 'अब मुझे ठंड लग रही है। मैंने मजे-मजे में यह कर तो लिया।' पोस्ट के कैप्शन में तमन्ना ने लिखा, 'मुझे भी अभी ठंड लग रही है।' राशा थडानी ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए तमन्ना से पूछा, 'आपने मेरे बिना ऐसा क्यों किया?' राशा का यह कमेंट अब फैंस के बीच खूब वायरल हो रहा है। दोनों एक्ट्रेसेस के बीच लंबे समय से अच्छी दोस्ती मानी जाती है, जिस वजह से राशा का कमेंट और भी ज्यादा पसंद किया जा रहा है। अब तमन्ना के आने वाले प्रोजेक्ट्स की बात करेंतो वह जल्द ही मोस्ट अवेटेड ड्रामा 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में दिखेंगी, जिसमें पहली बार सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। फिल्म को लेकर उम्मीद है कि ये 28 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। माना जा रहा है कि लोक कथाओं पर आधारित यह थ्रिलर फिल्म मध्य भारत के जंगलों के बैकग्राउंड पर बनी है।




हॉलीवुड मसाला




# फ्रैंकी ने की तलाक की घोषणा

लॉस एंजिल्स। फ्रैंकी मुनिज हॉलीवुड फिल्मों के जाने-माने अभिनेता हैं। अभिनेता ने गुरुवार को अपने तलाक की खबर फैंस के साथ सोशल मीडिया पर साझा की है। शादी के 6 साल बाद वह अपने पत्नी से अलग हो गए हैं। अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में फ्रैंकी मुनिज ने लिखा, 'लाइफ अपडेट। साथ में कई खूबसूरत साल बिताने के बाद हम दोनों में ऐसे बदलाव आए हैं जिनसे हमें अहसास हुआ कि हमारा रिश्ता एक गहरी दोस्ती और को-पैरेंट्स के तौर पर सबसे ज्यादा नैचुरल और मजबूत लगता है। हमारा एक बहुत प्यारा बेटा है जो हमारी दुनिया है।




# किम के बेटे साल्म का हॉलीवुड डेब्यू

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी स्टार किम कार्दशियन के छोटे बेटे साल्म वेस्ट ने हॉलीवुड में कदम रख लिया हैं। वह आने वाली एनिमेटेड फिल्म 'द एंग्री बर्ड्स मूवी 3' में 'ओली' के किरदार को अपनी आवाज दी है। अपने शो 'द कार्दशियंस' के एक एपिसोड में किम ने बताया कि जब इस फिल्म के लिए उनके बेटे को चुना गया, तो वह बहुत खुश हुए। किम ने अपने बेटे के बारे में बात करते हुए कहा, 'साल्म बहुत ही समझदार और नटखट बच्चा है। उसकी आवाज बहुत प्यारी है। जब मेकर्स ने फोन करके पूछा कि क्या साल्म एक नए पक्षी के किरदार को आवाज देना चाहेंगे, तो वह बेहद उत्साहित हो गए।' साल्म वेस्ट फिल्म 'द एंग्री बर्ड्स मूवी 3' में 'ओली' नाम के एक छोटे चूजे को अपनी आवाज दी हैं। इस फिल्म में पुराने और मशहूर किरदार जैसे रेड, चक और बॉम्ब भी वापस लौट रहे हैं।



# सोनी ने साझा की चार पीढ़ियों की तस्वीर


**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट की नई एक्शन फिल्म अल्फा 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म की रिलीज से ठीक एक दिन पहले गुरुवार को आलिया की मां और अभिनेत्री सोनी राजदान ने सोशल मीडिया पर एक बहुत ही प्यारी और भावुक पोस्ट साझा की है। सोनी ने इंस्टाग्राम पर एक खास तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में उनके परिवार की चार पीढ़ियां एक साथ नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में आलिया भट्ट की 97 साल की नानी, आलिया की मां सोनी राजदान, खुद आलिया और आलिया की बेटी राहा कपूर नजर आ रही हैं। सोनी ने अपनी 97 साल की मां को असली 'ओजी यानी अल्फा वुमन' बताया। उन्होंने अपनी मां के बचपन के मुश्किल दिनों को याद करते हुए लिखा, 'मेरी मां जब सिर्फ 6 साल की थीं, तब उन्हें नाजी जर्मनी छोड़कर जाना पड़ा था।



# होते-होते प्यार हो गया का मनाया जश्न

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म 'होते होते प्यार हो गया' 2 जुलाई 1999 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। गुरुवार को फिल्म की रिलीज के पूरे 27 साल हो गए हैं। इस खुशी के मौके पर जैकी श्रॉफ ने सोशल मीडिया पर अपनी इस फिल्म की कुछ खास तस्वीरें साझा की हैं। इस खास मौके पर जैकी श्रॉफ ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'होते होते प्यार हो गया' की खूबसूरत तस्वीरों को मिलाकर एक छोटा सा वीडियो मोंटाज साझा किया है। वीडियो के साथ जैकी ने फिल्म का टाइटल सॉन्ग भी लगाया है। 'होते होते प्यार हो गया' फिल्म दो ऐसे अनजान लोगों की कहानी थी, जिनकी अचानक शादी हो जाती है और फिर धीरे-धीरे दोनों में प्यार हो जाता है। इस फिल्म को फिरोज ईरानी ने निर्देशित किया था।

टीवी मसाला



# रुपाली ने साझा की साराभाई वर्सेस साराभाई की पुरानी यादें

**नई दिल्ली।** रुपाली गांगुली ने दिग्गज अभिनेता सतीश शाह को याद करते हुए एक खास पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की है। यह पोस्ट उनके टीवी सीरियल 'साराभाई वर्सेस साराभाई' की पुरानी यादों को ताजा करती है। रुपाली ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक खास वीडियो साझा किया है। इस वीडियो के साझा करते हुए रुपाली बहुत भावुक हो गईं।

# आज रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज ओटीटी और थिएटर पर होगा धमाका...

**नई दिल्ली।** सिनेमा प्रेमियों के लिए 3 जुलाई का दिन बेहद खास होने वाला है! इस शुक्रवार को न सिर्फ ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर बड़े स्टार्स डिजिटल डेब्यू कर रहे हैं, बल्कि सिनेमाघरों में भी तगड़ी एक्शन, सस्पेंस और एडवेंचर फिल्में रिलीज हो रही हैं। अगर आप भी वीकेंड को मजेदार बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो थिएटर से लेकर ओटीटी तक की इस पूरी लिस्ट को देख लें।

**अल्फा** : 'वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स' की ये पहली फीमेल सेंट्रिक फिल्म है। इस फिल्म में दो महिला जासूसों को एक खतरनाक दुश्मन के खिलाफ मजबूरी में हाथ मिलाना पड़ता है और इस मिशन के लिए ऋतिक रोशन उन्हें ट्रेन करते हैं। एक्टर्सः आलिया भट्ट, शरवरी वाघ, अनिल कपूर, बॉबी देओल और ऋतिक रोशन, डायरेक्टरः शिव रवैल, जॉनरः स्पाई एक्शन-थ्रिलर, थिएटर रिलीज।

**नागाबंधमः द सीक्रेट ट्रेजर** : ये फिल्म भारत के प्राचीन विष्णु मंदिरों और वहां से जुड़े रहस्यमयी 'नागाबंधम' अनुष्ठान के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी में छिपी हुई परंपराओं, आध्यात्मिक शक्तियों और इतिहास के उन गहरे रहस्यों को दिखाया गया है, जो हमारी आस्था से जुड़े हैं। एक्टर्सः विराट कर्णा, नाभा नटेश, महेश



मांजरेकर, जगपति बाबू, डायरेक्टरः अभिषेक नामा, जॉनरः एक्शन एडवेंचर / मिस्ट्री ड्रामा, थिएटर रिलीज (तेलुगू, हिंदी, कन्नड़ आदि)।

**बेबी डो डाई डो** : मुंबई की भागदौड़ के बीच, एक मूक-बधिर महिला कॉन्ट्रैक्ट किलर के रूप में दोहरी जिंदगी जी रही है, जिसे हत्याएं करते समय केवल अपनी मृत बहन की आवाज सुनाई देती है। लेकिन, जब उसका एक मिशन गलत हो जाता है, तो उसके अतीत के काले राज और गहरे धोखे सामने आने लगते हैं। एक्टर्सः हुमा कुरैशी, चंकी पांडे, सिकंदर खेर, सीमा पाहवा, विद्या मालवड़े, डायरेक्टरः नचिकेत सामंत, जॉनरः साइकोलॉजिकल थ्रिलर / मर्डर मिस्ट्री, थिएटर रिलीज।

**प्रीतम एंड पेड्रो** : मशहूर डायरेक्टर राजकुमार हिरानी इस सीरीज से अपना ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं। कहानी में वीर एक टेक-सेवी साइबर एक्सपर्ट 'प्रीतम' बने हैं, जबकि अरशद वारसी पुराने जमाने के पुलिस अधिकारी 'पेड्रो' हैं। इन दोनों की बेमेल जोड़ी एक हाई-प्रोफाइल किडनैपिंग केस को सुलझाने और विक्रांत मैसी जैसे खतरनाक साइबर क्रिमिनल को पकड़ने के लिए साथ आती है। एक्टर्सः वीर, अरशद वारसी, विक्रांत मैसी, डायरेक्टरः राजकुमार हिरानी (क्रिएटर और प्रोड्यूसर), जॉनरः साइबरक्राइम कॉमेडी-ड्रामा, ओटीटीः जियोहॉटस्टार।


**मॉलीवुड टाइम्स** : ये कहानी कुट्टिक्कनम के एक युवा फिल्म निर्माता विनीत माधवन की है। विनीत का सपना हॉलीवुड डायरेक्टर एम. नाइट श्यामलन से प्रेरित होकर मलयालम सिनेमा का सबसे बड़ा हॉरर डायरेक्टर बनने का है। एक्टर्सः नसलिन, शराफ यू धीन, विनीत श्रीनिवासन, संगीत प्रताप, बासिल जोसेफ (कैमियो), डायरेक्टरः अभिनव सुंदर नायक, जॉनरः साइकोलॉजिकल डार्क कॉमेडी, ओटीटीः जियोसिनेमा।

# रामायणम के ट्रेलर से लीक हुआ 11 सेकेंड का अहम सीन!

मुंबई। नितेश तिवारी की बिग बजट फिल्म 'रामायणम' की रिलीज का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वो रणबीर कपूर को भगवान राम और यश को लंकापति रावण के किरदार में देखने के लिए एक्साइटेड हैं। पर इसी बीच फिल्म के ट्रेलर से 11 सेकेंड का एक सीन लीक हो गया है, जिसे देख फैंस भड़क गए हैं और एक्शन की मांग कर रहे हैं। हालांकि, अभी लीक को लेकर 'रामायणम' के मेकर्स की तरफ से कोई बयान या प्रतिक्रिया नहीं आई है। एक्स पर वायरल हो रहे वीडियो में रणबीर कपूर राम के अवतार में हैं और वह एक राक्षस का वध करते नजर आ रहे हैं। यूजर्स का दावा है कि यह सीन कथित तौर पर फिल्म 'रामायणम' के ट्रेलर का हिस्सा है, जिसे हाल ही सिनेमाकॉन इवेंट में दिखाया गया था। यूजर्स भड़के हुए हैं लीक पर एक्शन की मांग कर रहे हैं। हालांकि, कुछ यूजर्स का यह भी कहना है कि लीक हुआ सीन असली नहीं है, बल्कि एआई जेनरेटेड है। इसका उन्होंने पूरा वीडियो भी शेयर किया है। कई यूजर्स ने इस एआई वीडियो को 'रामायणम' के ओरिजनल टीजर और 'आदिपुरुष' से 100 गुना बेहतर



बताया। मालूम हो कि 'रामायणम' के टीजर को अप्रैल में हनुमान जयंती के मौके पर रिलीज किया गया था। तब फिल्म से राम के किरदार में रणबीर कपूर की झलक दिखाई गई थी। रावण बने यश भी नजर आए थे। पर टीजर को मिक्स्ड रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म के वीएफएक्स कुछ खास पसंद नहीं किए गए थे। आपने अब तक जो देखा है, वह तो बस शुरुआत है... हम सब इस दिवाली पर अपनी संस्कृति और इतिहास का जश्न मनाने के लिए अपनी इस महागाथा को सबसे बड़े पर्दे पर जीवंत करने की कोशिश कर रहे हैं। 'रामायणम' को दो पार्ट में रिलीज किया जाएगा। पहला पार्ट 8 नवंबर 2026 को रिलीज होगा, जबकि दूसरा पार्ट दीवाली 2027 पर आएगा।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रवेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.